उत्तर प्रदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



अखिलेश यादव ने आगामी लोकसभा चुनाव... 05

कोतवाल पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए... 10



# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 163
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
बुधवार | 27 मार्च, 2024


# 'केजरीवाल को रिहा करो...'

## दिल्ली सीएम की गिरफ्तारी के विरोध में 'आप' कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, हिरासत में लिए गए

- अमेरिका ने कहा, निष्पक्ष और पारदर्शी कानूनी प्रक्रिया की उम्मीद
- गिरफ्तारी के बाद अभी तक केजरीवाल ने नहीं दिया पद से इस्तीफा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे आम आदमी पार्टी के कई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। आप कार्यकर्ता पीएम आवास का घेराव करने निकले थे। पुलिस ने पीएम आवास के आसपास धारा 144 लागू की है। इधर, भाजपा कार्यकर्ता केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली सचिवालय की तरफ जा रहे कार्यकर्ताओं ने पुलिस बैरिकैडिंग तोड़ दी। उन्हें रोकने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेव समेत कई भाजपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने डिटेन कर लिया। शराब नीति घोटाला मामले में केजरीवाल को 21 मार्च को उनके आवास से गिरफ्तार किया गया था। वे 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में हैं। केजरीवाल ईडी कस्टडी से सरकार चला रहे हैं। मंगलवार को उन्होंने दूसरा सरकारी आदेश जारी किया। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्रालय को निर्देश दिए कि मोहल्ला क्लिनिक में गरीबों के लिए दवाओं की कमी नहीं होनी चाहिए। लोगों को मुफ्त जांच और दवाई मुहैया कराई जाए। केजरीवाल ने 24 मार्च को जल मंत्रालय के नाम पहला सरकारी आदेश जारी किया था। उन्होंने जल मंत्री आतिशी को निर्देश दिया था कि दिल्ली में जहां पानी की कमी है, वहां टैंकरों का इंतजाम करें। उन्होंने कोर्ट में पेशी के समय कहा था कि वे इस्तीफा नहीं देंगे, जरूरत पड़ी तो जेल से सरकार चलाएंगे। ईडी इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या मुख्यमंत्री के सहयोगियों और कर्मचारियों के मोबाइल फोन फॉर्मेट किए गए थे या पॉलिसी खत्म होने के तुरंत बाद गायब कर दिए गए थे। मतलब उनके फोन कब और क्यों फॉर्मेट किए गए, इसकी भी जांच हो रही है। सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट विनीत जिंदल का कहना है कि अरविंद केजरीवाल अभी ज्यूडिशल कस्टडी में नहीं, बल्कि इन्वेस्टिगेशन के लिए वो ईडी रिमांड में हैं। ऐसे में अगर उन्होंने किसी तरह का ऑर्डर पास किया है तो वो कानूनन गलत है, इसे लेकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो सकती है।



### यूएस बोला, निष्पक्ष और पारदर्शी कानूनी प्रक्रिया की उम्मीद

जर्मनी के बाद अब अमेरिका ने भी अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मुद्दे पर बयान दिया है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, हमारी सरकार केजरीवाल की गिरफ्तारी के मामले पर नजर बनाए हुए है। हम उम्मीद करते हैं कि इस मामले में कानूनी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी होगी। इस दौरान कानून और लोकतंत्र के मूल्यों का पालन किया जाएगा।

### केजरीवाल के पास कोई डिवाइस नहीं: ईडी

ईडी कस्टडी से केजरीवाल सरकारी आदेश कैसे दे रहे हैं, इसे लेकर ईडी जांच कर रही है। ईडी सूत्रों का कहना है कि उनके पास न ही कोई पेपर मिला और न ही कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जैसे कंप्यूटर या फोन, तो फिर उन्होंने कैसे कोई ऑर्डर पास कर दिया? ये जांच का विषय है। ईडी के सीनियर अफसरों की टीम जल्द ही रिपोर्ट तैयार करेगी।

### केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा का प्रदर्शन

पुलिस की हिरासत में लिए जाने से पहले भाजपा दिल्ली अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेव ने कहा कि हम केजरीवाल का इस्तीफा लेकर रहेंगे। आज जिस कार्यकर्ता ने पुलिस की बैरिकैडिंग नहीं तोड़ी, वो ये समझ ले कि यज्ञ में उसने आहूति नहीं दी।

### पुलिस बोली, हमने आप को प्रदर्शन की इजाजत नहीं दी

पीएम आवास तक आम आदमी पार्टी के पैदल मार्च को लेकर पुलिस ने दिल्ली में सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस ने बताया कि हमने इस प्रदर्शन के लिए इजाजत नहीं दी है। पुलिस ने कहा कि पीएम आवास के आसपास धारा 144 लगा दी गई है। यहां किसी को प्रदर्शन नहीं करने दिया जाएगा।

# सीएम योगी ने उतारी भगवान नरसिंह की आरती, जमकर खेली होली, अबीर-गुलाल और फूलों की पंखुड़ियां उड़ाई

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म शोक-संताप में नहीं बल्कि उमंग और उत्साह में विश्वास करता है। होली का पर्व इसी का संदेश देता है। इस पर्व में समरस समाज की स्थापना का भाव निहित है तो साथ ही यह संदेश भी है कि सनातन धर्म सह अस्तित्व में, वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे संतु निरामया में विश्वास करता है। सीएम योगी मंगलवार को होली के पवित्र पर्व पर गोरखपुर के घंटाघर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और श्री होलिकोत्सव समिति की ओर से निकलने वाली भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। सभी नागरिकों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का पर्व उत्साह और उमंग का है। उत्साह और उमंग सुरक्षित, सुखी और समृद्ध समाज में होता है। हमारा समाज सुरक्षित और समृद्ध है, इसीलिए हम सभी उत्साह और उमंग से होली की हजारों वर्षों पुरानी परम्परा को मनाने के साथ अपनी इस विरासत के प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म पर जब भी कोई संकट आया, समाज में दुष्प्रवृत्तियां बढ़ीं तो कोई ना कोई ईश्वरीय अवतार भी हुआ है और दुष्प्रवृत्तियों को दूर कर समाज आगे बढ़ता रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का त्यौहार समतामूलक और समरस समाज की स्थापना का भी संदेश है। आपसी वैरभाव को समाप्त कर, सत्य-न्याय के मार्ग पर चलकर ही हम समाज को शक्तिशाली बना सकते हैं। जहां विभाजन होगा वहां समाज शक्तिशाली नहीं हो सकता।









# 30 मार्च को मेरठ आएंगे पीएम मोदी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। चुनाव की तारीखों के एलान के बाद भाजपा की रैलियों के एलान भी होने शुरू हो गए हैं। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को मेरठ में रैली करेंगे। पीएम मोदी पश्चिमी यूपी के क्रांतिधरा से चुनाव अभियान का शंखनाद करेंगे। वहीं, भाजपा के नेता पीएम मोदी की रैली को लेकर तैयारियों में जुट गए हैं। पीएम मोदी अपनी रैली से पश्चिमी यूपी में सियासी तापमान बढ़ाएंगे। खास बात है कि आरएलडी प्रमुख चौधरी जयंत भी पीएम मोदी के साथ मंच साझा करेंगे। पीएम मोदी के साथ चौधरी जयंत पहली बार मंच पर नजर आएंगे।


















## होली पर्व पर पुलिस रही चौकन्ना, एसपी ने किया दौरा

जन एक्सप्रेस/फतेहपुर। होली के पर्व पर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने शहर क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले इलाकों का दौरा किया। उन्होने ड्यूटी पर मुस्तैद पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। एसपी उदय शंकर सिंह अधीनस्थों संग शहर के प्रमुख मार्गों में भ्रमण पर निकले और सुरक्षा व्यवस्था को परखने का काम किया। एसपी ने शहर क्षेत्र के बुलेट चैराहा, पत्थरकटा चैराहा, सदर अस्पताल तिराहा सहित अन्य मार्गों का पैदल गश्त कर आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया। एसपी का कहना रहा कि ड्यूटी पर मुस्तैद पुलिस कर्मी ईमानदारी के साथ काम करें। ड्यूटी के प्रति लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होने कहा कि अराजकतत्वों पर पुलिस पैनी निगाह बनाए हुए है। यदि किसी भी व्यक्ति ने शहर या जनपद का माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही किया जाएगा। एसपी ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे व सौहार्द के बीच मनाएं। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी व्यक्ति या धर्म सम्प्रदाय के लोगों को ठेंस पहुंचे। उन्होने सभी को होली पर्व की बधाई दिया।

### होलियारों की धूम से गूंज उठा चित्रकूट, पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की पसंद आरोग्य धाम का मंदाकिनी तट

# धर्मनगरी में उत्साह के साथ मनाया गया रंगों का पर्व होली

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

होली का पर्व हम सब के लिए विशेष उत्साह लेकर आता है। इसी उत्साह और जोश के साथ भक्ति रस में डूबने के लिए प्रतिवर्ष देश के कोने-कोने से पर्यटक एवं श्रृद्धालुओं कि पसंद भगवान राम की कर्मस्थली चित्रकूट है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशेष रूप से मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ ही देश के अन्य हिस्सों से भी पर्यटकों का जत्था चित्रकूट होली मनाने पहुंचा। कामतानाथ की परिक्रमा लगाकर चित्रकूट के विभिन्न पर्यटक स्थलों का भ्रमण किया। होली पर भगवान कामतानाथ को भी अबीर गुलाल से सजाया गया। चित्रकूट में संतों ने भी फूलों की होली खेली। धर्म क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ों मठ मंदिरों में पूजन करने के साथ ही विशेष महाआरती का आयोजन किया गया।



होली के दिन चित्रकूट की गलियां बाजार बंदी के चलते तो सूनी नजर आई पर आरोग्यधाम मंदाकिनी तट किनारे पर्यटकों का सैलाब नजर आया। विभिन्न स्थानों से चित्रकूट आए श्रद्धालुओं ने सा परिवार होली का आनंद उठाया। जहां पर्यटकों ने आपस में एक दूसरे को खूब रंगा और मंदाकिनी में डुबकी लगाई। आरोग्यधाम घाट जाने के लिए बाहरी यात्रियों को जेब ढीली करनी पड़ी। यहां पार्किंग ठेकेदारों द्वारा शुल्क वसूला गया। अवैध पार्किंग का ठेका चित्रकूट में कोई नया नहीं है, जहां एक और चित्रकूट उत्तर प्रदेश क्षेत्र में कहीं भी श्रद्धालुओं को पार्किंग शुल्क नहीं लिया जाता वहीं चित्रकूट में पग पग में लूट हो रही है और बाहरी यात्री भी अपने आप को ठगा महसूस करते हैं। जहां पर्यटकों से निर्धारित शुल्क के अलावा भी मनमाना किराया वसूला जाता है। यात्रियों की जानकारी के लिए नगर पंचायत को पार्किंग रेट लिस्ट की सूची पार्किंग स्थल पर लगवानी चाहिए जिससे ठेकेदारों की मनमानी रख सके। पर्यटक की भारी भीड़ को देखते हुए चित्रकूट थाना पुलिस द्वारा सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। घाट पर किसी प्रकार की अपनी घटना ना घटित हो इसके लिए पुलिस के जवान मौजूद रहे। पुलिस की मौजूदगी में ही मोटरसाइकिल में तीन सवारी कंपल्सरी और तेज रफ्तार में स्टंट, हुड़दंग करते नजर आए नौजवान। अपने निजी वाहनों से चित्रकूट आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या काफी है बावजूद इसके जो लोग निजी साधन से नहीं थे, उन्हें आज पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए परेशान होना पड़ा। होली में बाजार बंद के चलते ऑटो रिक्शा सीमित थी। रामघाट, भरत घाट, जानकी कुंड अस्पताल गेट, स्फटिक शिला आदि जगह-जगह कई स्थानों पर छुटपुट यात्री साधनों का इंतजार करते नजर आए।

## सड़क दुर्घटना में मौत

जन एक्सप्रेस/राजापुर, चित्रकूट। राजापुर कस्बे के तुलसी चैक निवासी एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजापुर कस्बे के तुलसी चैक निवासी प्रेमचन्द्र केशरवानी (26) पुत्र दरबारी लाल केशरवानी होली खेलने के लिए अपने भाई की ससुराल जा रहा था। इस दौरान रास्ते में मऊ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरौध के पास एक जानवर को बचाने के चक्कर मे गाड़ी अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकराने के बाद एक पेड़ में जा धंसी जिससे घटनास्थल पर ही युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे मऊ क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह ने कटर के माध्यम से गाड़ी कटवाकर शव को बाहर निकाला और मृतक के मोबाइल से परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

# अवैध शराब के साथ चार गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। राजापुर, चित्रकूट



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव एवं होली त्यैहार के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने 111 क्वार्टर देशी कच्ची शराब के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

जिसमें कोतवाली कर्वी के उपनिरीक्षक श्यामदेव सिंह एवं उनकी टीम द्वारा आरोपी मतगंजन साहू पुत्र लसकू निवासी गल्ला मंडी गेट थाना कोतवाली कर्वी को 24 क्वार्टर देशी शराब के साथ, थाना बहिलपुरवा के उपनिरीक्षक नन्दराम एवं उनकी टीम द्वारा आरोपी राजेश पुत्र चुनबाद निवासी सेहरिन थाना बहिलपुरवा को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ, थाना पहाड़ी के उपनिरीक्षक त्रिलोकी नाथ मिश्रा एवं उनकी टीम द्वारा आरोपी तेजपाल पुत्र जियालाल निवासी बाबूपुर थाना पहाड़ी को 22 क्वार्टर देशी शराब के साथ व थाना मानिकपुर के उपनिरीक्षक मुकेश सिंह परिहार एवं उनकी टीम द्वारा आरोपी अक्षयलाल यादव पुत्र राजकरन निवासी रानीपुर कल्याणगढ़ थाना मानिकपुर को 45 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए।

# चित्रकूट में श्री बांके बिहारी मंदिर में फूलों की होली खेल कर भक्त झूम उठे

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



चित्रकूट तीर्थ क्षेत्र की प्रसिद्ध फूलों की होली के अवसर पर चित्रकूट कामतानाथ परिक्रमा मार्ग स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में फूलों की होली का आयोजन किया गया।

मंदिर के प्रधान पुजारी एवं व्यवस्थापक पंडित भारतेंदु दुबे ने बताया कि श्री बांके बिहारी मंदिर में फूलों की होली का विशेष महत्व है मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना है जहां वर्षों से भगवान और भक्त के बीच गहरा नाता है। होली के दिन यहां तीर्थ क्षेत्र की प्रसिद्ध फूलों की होली प्रभु के साथ खेली जाती है। प्रतिवर्ष भक्ति दूर-दूर से भक्त विशेष रूप से इस आयोजन में शामिल होने के लिए आते हैं। भगवान से यही प्रार्थना है कि भगवान की कृपा देश एवं हम सभी पर बनी रहे। इंद्रधनुष के सात रंगों कि तरह जीवन में भी खुशियों के सभी रंग भगवान की कृपा से भर जाएं। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक सजावट कर सजाया गया था। श्री राधा रानी सरकार की अलौकिक दर्शन कर मंत्रमुग्ध हो गए श्रद्धालु गण। फूलों की होली के लिए विशेष रूप से कानपुर से 11 कुंतल फूल मंगाए गए थे।

# जनप्रतिनिधियों ने रंग खेलकर दी होली की शुभकामनाएं

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जनपद में होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सांसद और विधायक ने लोगों के साथ रंग खेलकर त्योहार की शुभाकामनाएं दी।

मऊ कस्बा स्थित मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी के आवास में मंगलवार के दिन होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोग होली मिलन समारोह में शामिल हुए मंगलवार की सुबह से ही विधायक आवास में लोगो के आने-जानेवालो का सिलसिला शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। आवास में ग्रामीण अंचलों से आये होली हारों ने होली के गीत गाए विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने कहा की होली का त्योहार आपसी भाई चारे और प्रेम का संदेश देता है हम सब को रंगो की तरह सभी गिले



शिकवे भूलाकर आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ मिल-जुलकर त्योहार मनाना चाहिए इस मौके पर सांसद आर के सिंह पटेल, गंगाधर मिश्रा ब्लाक प्रमुख रामनगर,अरविन्द मिश्रा ब्लाक प्रमुख मानिकपुर, राजभूषण द्विवेदी, गमल द्विवेदी, अमित द्विवेदी चेयरमैन मऊ, अर्जुन शुक्ला जिला पंचायत सदस्य आदि सैकड़ों ग्रामीण इक्ट्ठा रहे। उपस्थिति लोगो ने एक दूसरे को अबीर गुलाल रंग लगा कर होली की बधाई दी।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। राजापुर, चित्रकूट

राजापुर कस्बे के तुलसी चैक निवासी एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजापुर कस्बे के तुलसी चैक निवासी प्रेमचन्द्र केशरवानी (26) पुत्र दरबारी लाल केशरवानी होली खेलने के लिए अपने भाई की ससुराल जा रहा था। इस दौरान रास्ते में मऊ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरौध के पास एक जानवर को बचाने के चक्कर मे गाड़ी अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकराने के बाद एक पेड़ में जा धंसी जिससे घटनास्थल पर ही युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे मऊ क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह ने कटर के माध्यम से गाड़ी कटवाकर शव को बाहर निकाला और मृतक के मोबाइल से परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता दरबारीलाल केशरवानी ने बताया कि उसके मझले पुत्र गुलाब केशरवानी की शादी पिछले नवम्बर माह में मऊ थाना क्षेत्र के पिपरौंध गाँव मे हुई थी। अपनी भाभी से होली खेलने के लिए सोमवार की शाम मेरे सबसे छोटे पुत्र प्रेमचन्द्र केशरवानी अपने मित्र की चार पहिया वाहन लेकर जा रहा था कि पिपरौध के समीप एक जानवर को बचाने के चक्कर मे गाड़ी अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकराते हुए एक पेड़ से टकरा गई और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही माँ सुषन्ता, भाई फूलचन्द्र, गुलाब व बहन चाँदनी सहित अन्य परिजनों का रों रों कर बुरा हाल है।

# चार वर्ष बाद कोर्ट के आदेश पर हत्या का मुकदमा दर्ज, आरोपी गये जेल

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

प्रेम प्रसंग और अंतर्जातीय विवाह के बाद महिला की हत्या का पटाक्षेप हुआ है। मामले में लड़की के परिजनों को चार साल तक न्याय की चैखट में नाक रगड़नी पड़ी। हुसैनगंज क्षेत्र में पनपा इश्क सामूहिक विवाह से गुजरता हुआ शहर आ पहुंचा फिर घरेलू कलह से होते हुए उफनाई गंगा में समा गया।

मामला हुसैनगंज थाना क्षेत्र के महादेवन का पुरवा का है जहां के रहने वाले सत्यप्रकाश लोधी को बादलपुर की राजकुमारी पासवान से प्रेम हो जाता है। प्रेम परवान चढ़ा और बात शादी तक पहुंच गई लेकिन गैर बिरादरी के चलते सत्यप्रकाश के परिजन खुश नहीं थे। बताया जा रहा है कि नाराजगी के बावजूद दोनों ने 24 अप्रैल 2018 को सामूहिक विवाह से शादी कर लिया। उसके बाद कुछ दिन सत्यप्रकाश अपनी ससुराल में रहा लेकिन परिवार की जिम्मेदारी ने उसे शहर जाने को मजबूर कर दिया। एएसपी विजय शंकर मिश्र ने बताया कि दोनों सदर कोतवाली क्षेत्र के बस्तापुर में रहने लगे। जीविकोपार्जन के लिए सत्यप्रकाश टैंपो चलाने लगा। अचानक सितंबर 2019 में राजकुमारी गायब हो गई। मायके पक्ष वाले जब लड़की के हाल खबर लेने पहुंचे तो सत्यप्रकाश ने कहीं चले जाने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया। दामाद की बात से असंतुष्ट परिजन कोतवाली के चक्कर काटते रहे लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज करना जरूरी नहीं समझा। परेशान परिजन अपनी बिटिया को चारो ओर ढूंढते रहे। उनकी बातों को ना तो पति सुन रहा था न ही पुलिस अंत में उन्हें कोर्ट का सहारा लेना पड़ा। बताया जा रहा है कि कोर्ट के आदेश के बाद फरवरी 2024 में एफआईआर दर्ज किया गया। सदर कोतवाली में कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस को एफआईआर दर्ज करनी पड़ी और आरोपियों को पकड़ने के लिए एक टीम गठित किया गया।

# छुटपुट घटनाओं के बीच संपन्न हुआ होली का त्योहार

जन एक्सप्रेस। राजापुर, चित्रकूट

राजापुर तहसील क्षेत्र के दोनों थानों के कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में छुटपुट घटनाओं के साथ शान्तिपूर्ण ढंग से रंगों का त्योहार होली सम्पन्न हुई। जिसमें राजापुर थाना क्षेत्र के कुसेली, मलवारा व सिकरी में मारपीट की घटनाएं होने के कारण इन तीनों गांवों में रंगोत्सव फीका नजर आया।

उधर होली के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी तथा दोनों थानों के प्रभारी निरीक्षक के अलावा पुलिस की मोबाइल टीमें बराबर भ्रमणशील रहीं। जिससे कोई अप्रिय घटना नहीं हो सकी है तथा कस्बा सहित क्षेत्र के गाँवों में ढोल नगाड़ों की फाग के साथ पुरानी लोकगीत परम्परा फाग की ग्रामीण क्षेत्रों में धूम रही। वहीं कस्बे के समाजसेवी सुनील मिश्रा ने अपनी टीम के साथ पुरानी परंपरा का निर्वाह करते हुए लोकगीत फाग का आयोजन होली मिलन समारोह के अंतर्गत कराया और ग्राम पंचायत भभेंट के भाजपा नेता शुभम उपाध्याय ने भी अनेकता



को एकता में जोड़ते हुए पूरे गाँव के लोगो के साथ होली मिलन समारोह कराया और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़े हर्षोल्लास के साथ लोगों ने सद्भावनापूर्वक भाईचारे के साथ होली त्योहार मनाया गया व इस त्योहार में बच्चों का खासा उत्साह रहा। लोगों ने एक-दूसरे के साथ गुलाल व अबीर लगाते हुए गले मिले।

वहीं पूरे तहसील क्षेत्र के होलिका दहन उत्सव को शान्तिपूर्ण ढंग से भाईचारे के साथ सम्पन्न कराने के लिए उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार झा, उपजिलाधिकारी न्यायिक फूलचन्द्र यादव, तहसीलदार रामसुधार राम, नायब तहसीलदार राजीव दुबे की चारों टीमें पूरे क्षेत्र में भ्रमणशील रहीं तथा क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय ने बताया कि राजापुर थाना को चार जोनों में बाँट दिया गया था। जिसमें उपनिरीक्षक अनिल कुमार, इमरान खान के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में उपनिरीक्षकों के साथ साथ बीट सिपाही व महिला कॉन्स्टेबल भ्रमणशील रहीं। सरधुआ थाना क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी सहित पूरे थाना क्षेत्र को पाँच जोनों में बाँटा गया था। पुलिस की सतर्कता बरतने के कारण कोई अप्रिय घटना नहीं घटी और होली का त्योहार शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया गया।

उधर प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने बताया कि ग्राम कुसेली में दो पक्षों में शराब के नशे में डीजे में थिरकने को लेकर मारपीट हुई है जिसमें जगरूप, जगिया, बसन्त, विमला, राजा, हरिश्चंद्र, अंशू, सचिन, नानबाबू, मालती को चोटें आई हैं और ग्राम पंचायत मलवारा में भी दीपक, कमलेश, गुड़िया और ग्राम पंचायत सिकरी में राजा निषाद, कपूरचन्द्र उत्तमपुर को चोटें आई हैं जिनका मेडिकल परीक्षण कराकर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# चित्रकूट पुलिस द्वारा किया गया अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष त्रिपाठी तथा उनकी टीम द्वारा अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए शस्त्र निर्माण करने वाले दो आरोपियों को भारी मात्रा में निर्मित, अर्द्धनिर्मित शस्त्र, कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया। पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि होली के दिन प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी अपनी थाना टीम के साथ शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भ्रमणशील थे।

इस दौरान अवैध शस्त्र निर्माण की सूचना प्राप्त होने पर वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जहां से अवैध शस्त्र निर्माण कर रहे आरोपी उमादत्त विश्वकर्मा पुत्र स्व मोहनलाल विश्वकर्मा निवासी फुलवारी मजरा सरधुवा व दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा पुत्र स्व रामहित विश्वकर्मा निवासी ग्राम लोहदा थाना पहाड़ी को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में तमंचे, अर्द्धनिर्मित तमंचे, कारतूस एवं शस्त्र बनाने के अन्य उपकरण बरामद हुये। अवैध शस्त्र फैक्ट्री बरामदगी के सम्बन्ध में आरोपियों के विरुद्ध थाना सरधुवा में धारा 3/5/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी, अपराध निरीक्षक अंजनी कुमार सिंह, उपनिरीक्षक मुन्नीलाल, चन्द्रमणि पाण्डेय, शिवमणि मिश्रा, अरविन्द पाण्डेय, आरक्षी ललित सोनी, आरक्षी चालक राहुल पुरी, अतुल मिश्रा, दिनेश कुमार, शक्ति सिंह व महिला आरक्षी रचना प्रजापति शामिल रहे।

# होली के हुड़दंग ने पॉच लोगों की ली जान

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पांच लोगों की मौत हो गयी। जबकि एक व्यक्ति जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहा है। पहली घटना रविवार देर रात चांदपुर थाना क्षेत्र के दपसौरा गांव की है जहां होली का खेत में मनोरंजन कर रहे तीन लोग ट्रैक्टर के नीचे दब गये जबकि दूसरी घटना सोमवार ललौली क्षेत्र की है। जहां दो बाईकों की आपस में भिड़ंत हुई और मौके पर दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक युवक अस्पताल में नाजुक हालत में हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेज कर कार्यवाही में जुट गयी। चांदपुर थाना क्षेत्र के दपसौरा गांव में खेतों की कटाई करने गये मजदूरों की ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक दपसौरा गांव के राम बहादुर की फसल काटने को लेकर मनोज निषाद 45 पुत्र रामखेलावन निवासी रूरा अपने दो मजदूर साथियों मैयादीन निषाद 60 निवासी दपसौर और रूरा निवासी कल्लू 30 के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली और थ्रेसर के साथ पहुँचा था। बताया जा रहा है कि काफी देर सभी ने खेत में बैठकर शराब और मुर्गा पार्टी करते रहे थे। इसी दौरान खेत का मालिक राम बहादुर मनोज का ट्रैक्टर लेकर जाने लगा तभी अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत में बैठे मजदूरों के ऊपर चढ़ गया। जिससे मनोज की मौके पर ही मौत हो गई जबकि घायल अवस्था में मैयादीन और कल्लू को जिला अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि अस्पताल पहुंचे से पहले मैयादीन ने रास्ते में दम तोड़ दिया जबकि कल्लू की ईलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गयी। इस घटना में राम बहादुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। वही होली के मनोरंजन ने कई घरों को उजाड़ दिया। ललौली थाना क्षेत्र के खटौली के समीप चक रसूलपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार बाईकों की आपस में भिड़ंत से दो युवकों की मौके पर मौत हो गयी।

जबकि एक की हालत जिला अस्पताल में नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक नीरज प्रजापति 22 पुत्र राजकुमार निवासी लदीगंवा और दूसरी बाइक पर राजन रैदास 20 पुत्र रामबली निवासी खटौली साथ ही शिवम रैदास 18 पुत्र कल्लू नवासी महाखेड़ा की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी की नीरज और राजन की मौके पर ही मौत हो गयी।

जबकि राजन की बुआ का लड़का शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जबकि गंभीर रूप से घायल शिवम का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

# 2300 से अधिक स्थानों पर हुआ होलिका दहन, गांव, शहरों में खेला गया रंग-गुलाल

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

जनपद मे होलिकोत्सव का होली दहन के साथ प्रारम्भ हो गया। जनपद मे डेढ हजार से अधिक स्थानो पर फाग-मल्लार के बीच शुरु हुआ होलिका दहन के बाद होलिकोत्सव शुरु हो गया। होली पर्व होलिका दहन से शुरु होकर रंगो और गुलाल से होते हुये फिर होलिका के धूर तक को महोत्सव माना जाता है। जहॉ रात मत्रोच्चारण के साथ होली मे आग लगायी गयी। वही पारम्परिक फाग गीतो की शुरुवात होते हुये महापर्व की शुरुवात हो गयी। पुरुहोतियो के अनुसार अलग-अलग समय पर होलिका दहन करने की जानकारी भी मिली। होलिका दहन इस वर्ष परम्परा के साथ रविवार व सोमवार की रात्रि जनपद मे 2343 स्थानो पर होली जलाई गयी। इनमे शहर मे लगभग 843 व समूचे जनपद मे 1500 के लगभग स्थानो पर होलिका दहन किया गया। इसके पूर्व लगभग एक पखवारे से युवा वर्ग होली का आकार देना शुरु कर दिया था और युवाओ मे होली का जोस और उमंग देखने को मिल रहा था। वही बाजारो मे भी होली पर्व की खरीददारी के लिए भारी देखने मे मिल रही थी। बाजारो मे रंग बिरंगी पिचकारियो के साथ रंग बिरंगे पिप्स, पापड और अनेक बनावट के नमकीन आईटम की दुकाने सजी देखने को मिली। घरो मे महिलाये होली की परम्परिक गुझिया आदि पकवान बनाने के लिए रात-रात भर जाग कर बनाना शुरु कर दिया। वही होली मे भूने जाने वाले चना और गेहूँ की बालिया भी बाजारो मे बिकती देखने को मिली। इन सब पारम्परिक और आधुनिकता को रंग देने वाली तमाम प्रकार की टोपिया और बाल बाजारो की रौनक मे चार चॉद लगा रहे थे। सनातनी संस्कृति से जुड़ा



बेहद महत्वपूर्ण त्योहार है होली। इस सतरंगी पर्व की शुरुआत पौराणिक रूप से बुंदेलखंड की पावन धरती से हुई थी। सांस्कृतिक रूप से बेहद धनी बुदेलखंड के गौरवशाली इतिहास में रंगीली होली के उद्म स्थल होने का गौरव भी शामिल है। होली का उदम स्थल ऐतिहासिक और पौराणिक रूप से बुंदेलखंड के हृदयस्थली झांसी जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर दूर बामौर विकासखंड में स्थित एरच धाम को माना जाता है। पौराणिक काल में इस क्षेत्र से अर्तमान जालौन और हमीरपुर जिलों की सीमा भी लगती थी। होली का त्योहार भक्त प्रहलाद से जुड़ा है और श्रीमद् भागवत पुराण में भक्त प्रहलाद का प्रसंग सुनने पर पता चलता है कि हिरण्याक्ष और हिरण्यकश्यप दो राक्षस भाई थे। उनकी राजधानी एरिकेच्छ थी जो अब परिवर्तित होकर एरच हो गया है। श्रीमद् भागवत पुराण के अनुसार हिरण्यकश्यप का पुत्र प्रहलाद हुआ, जिसका पालन-पोषण मुनि आश्रम में होने की वजह से विष्णु भक्त हुआ। यह बात उसके पिता को बदार्शत नहीं हुई और उसने अपने पुत्र को तरह-तरह की यातनाएं देकर विष्णु की भक्ति से अलग करना चाहा। ग्रवसराज ने अपने पुड को मारने के तमाम तरीके अपनाये। हिरणकायम ने प्रहलाद को डिकौली या डिकांचल पर्वत से नोन नदी के गहरे पानी में फिकवा दिया था। जिम डॉकांचल वा डिकौली पर्वत का जिक्र है वह एरच में बेतवा नहीं के किनारे मौजूद है। यह कोई कल्पना नहीं है अग्रेजों ने झांसी के गजेटियर में भी इसका जिक्र किया है।

गजेटियर के 339 पेज पर एरच और डिकीती का जिक्र है। वही तमाम प्रयासो मे नाकाम हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका का सहयोग लेकर प्रहलाद को आग मे जलाना चाहा लेकिन होलिका जलकर राख हो गयी और प्रहलाद बच गया। जिसके उपलक्ष्य मे होली पर्व मनाते आ रहे है।



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार आसमान साफ रहने के कारण बर्षा होने की कोई संभावना नही है तथा हवाओं की गति सामान्य से तेज चलने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 24.0 (-4.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 9.8 (-3.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 75 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 39 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 6.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# इरफान के अग्निकांड मामले में कल आएगा फैसला या बढ़ेगी तारीख ?, ई. डी. पकड़ रही रफ्तार










**जन एक्सप्रेस फॉलो अप**

**कानपुर नगर**

सपा विधायक इरफान सोलंकी के अग्निकांड मामले में लगातार लोग एक टक होकर अंतिम निर्णय का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन किसी न किसी कारण से सुनवाई हर बार टल रही है।

अब इस मामले में कल 28 मार्च को अग्निकांड मामले में अंतिम निर्णय आने की जनता को उम्मीद है, मंगलवार को कई लोग अपने मिलने जुलने वालों के माध्यम से यह जान रहे थे कि 28 मार्च कौन-कौन आ रहा है और कितने बजे कोर्ट में फैसला सुनाया जाएगा। कई लोग तो यह भी कहते नजर आए कि ऐसा लगता है कि कल भी सुनवाई नहीं होगी और मामला चलेगा वहीं कुछ लोगों का आकलन है कि इस बार अंतिम निर्णय 28 मार्च को आ ही जाएगा, हालांकि न्यायालय का अंतिम निर्णय कब आएगा यह तो भविष्य के गर्भ में छुपा है।

ज्ञातव्य हो कि थाना जाजमऊ क्षेत्र में निवास करने वाली बेवा नजीर फातिमा की तहरीर पर दर्ज अग्निकांड मामले में समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी और उनके छोटे भाई रिजवान सोलंकी समेत तीन अन्य आरोपियों शौकत पहलवान, मोहम्मद शरीफ, और इजराइल आटा के विरूद्ध कानपुर की एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे ग्यारह में अंतिम फैसला आने की चर्चा जोरों पर रहती लेकिन कई मर्तबा से सुनवाई टल रही बीती 21 मार्च को भी अन्तिम निर्णय नहीं आया था और आगामी 28 मार्च की तारीख नियत कर दी गई थी।







### ई डी धीरे-धीरे पकड़ रही है रफ्तार

विश्वसनीय सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार ई डी की लखनऊ विंग लगातार लोगों को नोटिस भेज कर लखनऊ बुलाकर उनसे पूछताछ करने का क्रम जारी रखे हुए है। सूत्रों की मानें तो सपा विधायक इरफान सोलंकी और कानपुर हिंसा के आरोपी हाजी वसी के द्वारा कानपुर विकास प्राधिकरण की जमीन पर किए गए कब्जे के साथ साथ पीड़ित विमल चौधरी के संग हुई घटना की जानकारी ई डी ने ली है।

### आने वाले समय में केडीए के अधिकारियों पर भी हो सकती कार्रवाई

विश्वसनीय सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार ई डी ने जब इरफान सोलंकी और हाजी वसी से पीड़ित एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए समन देकर बुलाया तो उसे व्यक्ति के द्वारा कानपुर विकास प्राधिकरण के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा इरफान सोलंकी और हाजी वसी के गैंग को लाभ पहुंचाने के मामले के कई प्रमाण दिए गए हैं, ऐसे में आने वाले समय में केडीए के जोन एक के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की मुसीबतें बढ़ सकती हैं क्योंकि ई डी बहुत गहराई तक जांच करती है।

## ऑटो पार्ट्स की फैक्ट्री में लगी आग

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बीते दिन मंगलवार को थाना चकेरी क्षेत्र के कृष्णा नगर मे उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक ऑटो पार्ट्स की दुकान मे आग लग गई। आग देखते ही क्षेत्रीय लोगों मे अफरा तफरी मच गई। आग की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जब वहां का माहौल देखा तो आग की लपटों ने विकराल रूप ले लिया था। जिसके बाद चकेरी पुलिस ने दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल विभाग की गाड़ियां आने के बाद पुलिसकर्मी और दमकल विभाग के पुलिस कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। स्थानीय नागरिक राजीव भाटिया ने जानकारी देते हुए बताया कि ये वाइजर की फैक्ट्री है इसमें प्लास्टिक के मोटरसाइकिल के वाइजर बगैरह बनते है ये फैक्ट्री यहां पर बहुत सालों से चल रही है और यहां धुआं जैसे उठता है उसके लिए विरोध किया गया तो उसके बाहर मालिक ने व्यवस्था बनाई पंखा वंखा लगाकर बाहर किसी को दिक्कत न हो। आज की घटना कारण चिंगारी से आग लगना हो सकती है चिंगारी से आग लगी है शॉट सर्किट हुए जिसके तार मैने ही काटे हैं मैं इलेक्ट्रीशियन हूं तो मैने तुरंत जाकर बिजली काट दी। फैक्ट्री मालिक के लड़के का नाम सागर भाटिया है। मौके पर आग बुझाने पहुंचे फायर ऑफिसर राकेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दस गाडियां दमकल की लगी हुई हैं,मोटरसाइकल के जो वाइजर और पार्ट्स होते हैं प्लास्टिक वाले उन्ही का स्टोरेज लग रहा है क्लीयर नही है जब पूछेंगे तब बताएंगे फिलहाल ऐसा लग रहा है कि स्टोरेज है अभी जो भी मालिक है उससे मिलेंगे पुछताछ करेगें उसके बाद आपको पूर्ण जानकारी देगें आग पूरी तरह बुझा दी गई है। तीन सिलेंडर जो है हमारे द्वारा एलपीजी निकाले गए हैं 14 kg वाले तीन सिलेंडर निकाल लिए गए हैं किसी प्रकार की कोई समस्या नही है कोई व्यक्ति अंदर फंसा हुआ नही था।

## कंपू वासियों के साथ-साथ पुलिस ने भी जमकर खेली होली, उड़ाया गुलाल



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में होलिका दहन के दूसरे दिन कंपू वासियों ने जमकर होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिधर देखो उधर होली की धूम में लोग एक दूसरे को रंग अबीर और गुलाल लगाते हुए नजर आए। कानपुर के पुलिस प्रशासन के लिए राहत की बात यह रही की कोई भी बड़ी घटना नहीं हुई है।

मंगलवार को पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी होली का आनंद लेते हुए नजर आए। सिविल लाइंस स्थित पुलिस लाइन में सैकड़ो की संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हुए नजर आए इस दौरान ढोल की थाप पर अधिकारी और कर्मचारियों ने जमकर डांस भी किया। पुलिस लाइन के साथ-साथ ही शहर के हर एक थाने में खाकी धारियों ने जमकर होली खेली।

### आर्य नगर की कपड़ा फाड़ होली को भला कौन भूलेगा

सोमवार को कानपुर नगर की आर्य नगर चौराहे पर हुई कपड़ा फाड़ होली के चर्चे खूब रहे, लगभग 8 बजे के बाद ही एक पानी भरा टैंक वहां पर लाकर खड़ा किया गया और उसके बाद इस टैंक से जमकर रंग चला अबीर गुलाल उड़ा और उसके बाद हजारों लोग डीजे साउंड की धुन पर नाचने लगे और धीरे-धीरे एक दूसरे के लोग कपड़े फाड़ कर उसे ऊपर उछाल कर तारों पर लटकाते हुए देखे गए।

## भक्तों ने आनंदेश्वर धाम शिव मंदिर में बाबा संग खेली होली



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

जहां पूरे देश में होली का पर्व पूरे धूमधाम से मनाया जा रहा था। वहीं छोटी काशी के नाम से मशहूर कानपुर के आनंदेश्वर धाम शिव मंदिर में सोमवार भक्तों की भारी भीड़ बाबा शिव के साथ अबीर गुलाल और फूलों के साथ जमकर होली खेलती हुई नज़र आई इस अवसर पर आनंदेश्वर मंदिर में भक्तों के भारी भीड़ देखी गई और भक्त बाबा शिव की भक्ति में लीन दिखे।। वही गंगा घाट के किनारे बने इस आनंदेश्वर शिव मंदिर में शिव भक्त गंगा किनारे भी होली की मस्ती करते हुए नजर आए। मंदिर में आए हुए भक्तों ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कई वर्षो से इस शिव मंदिर में भक्त आज के दिन बाबा के साथ अबीर गुलाल और फूलों की होली के साथ होली पर्व की शुरुआत करते हैं और आज से छह दिन बाद अनुराधा नक्षत्र पर बाबा शिव के अभिषेक के साथ इस होली का समापन होता है।

## दहेज प्रथा में फरार आरोपी के खिलाफ जारी हुआ इंटरनेशनल वारंट





राहिल शहरयार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर की जिला अदालत की एक कोर्ट ने दहेज प्रथा के मामले में फरार चल रहे आरोपी को सम्मन तामिल करने के लिए भारतीय दूतावास के सक्षम प्राधिकारी को पत्र लिखा है। कारण यह है कि जिस फरार आरोपी के विरुद्ध मुकदमे की कार्रवाई कोर्ट में विचाराधीन है वह वर्तमान समय में यू.ए.ई. दुबई में रह रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना अनवरगंज के बांस मंडी क्षेत्र में निवास करने वाले राहिल शहरयार समेत उसके परिजनों के विरुद्ध उसके ससुर साजिद सुयेब ने थाना कोतवाली में 10 जनवरी 2017 को दहेज प्रथा समेत अन्य धाराओं में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में जांच के बाद आरोप पत्र जांच अधिकारी ने न्यायालय में दाखिल कर दिया था। लेकिन यूएई दुबई में होने के कारण आरोपित पति राहिल शहरयार कोर्ट में बराबर पेश नहीं हो रहा था। जिसके बाद अपर मुख्य मजिस्ट्रेट महानगर कोर्ट संख्या 3 ने बीती 13 मार्च 2024 को सक्षम प्राधिकारी भारतीय दूतावास नई दिल्ली को पत्र लिख निर्देशित किया कि यूएई दुबई में रह रहे आरोपी राहिल शहरयार जिसके खिलाफ़ एनबीडब्ल्यू कोर्ट से जारी हुआ है उसे सक्षम अधिकारियों के माध्यम से तामिला करा कर उसकी गिरफ्तारी करते हुए 28 मार्च 2024 को कोर्ट के समक्ष पेश किया जाए।

## शोहदों ने महिला डॉक्टर के साथ की छेड़छाड़, पति को पीटा



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर के थाना नजीराबाद क्षेत्र में रहने वाली एक डॉक्टर के विरुद्ध कुछ लोगों के द्वारा छेड़खानी की घटना को अंजाम देने के बाद पीड़ित महिला डॉक्टर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई आरंभ कर दी है।

पीड़ित महिला डाक्टर के द्वारा नजीराबाद थाने में दी गई तहरीर के अनुसार वह बीती 24 मार्च को अपनी कार से जीटीबी अस्पताल की तरफ से हवेली रेस्टोरेन्ट की तरफ जा रही थी तथा हवेली के पहले रास्ते पर रखी हुई होली पर कुछ लड़के नाच गाना कर रहे थे तो उन्होंने निकलने के लिए गाड़ी का हार्न दिया तो एक लड़का उनकी ओर अश्लील इशारे करने लगा जब उनके पति ने इसका विरोध किया तो वह पीड़ीत महिला को ही बन्दूक दिखाकर डराने लगा और उसने अपने अन्य 10-12 लड़कों को बुला लिया। आए लड़कों ने कार को रोककर शीशे खुलवाने लगे। आरोप है कि अउवा उर्फ अजय सिंह नाम के लड़के ने छेड़छाड़ तथा दूसरे लड़कों ने पीड़िता के पति के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया जिससे उनके पति की नाक की हड्डी में फैक्चर हो गया। इस मामले में नजीराबाद थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## शिखर पान मसाले के श्रमिक की हत्या के मामले में क्यों मौन है पुलिस

**जन एक्सप्रेस फॉलो अप**

**कानपुर नगर**







थाना गोविंद नगर में शिखर पान मसाले के मालिक समेत ठेकेदार के विरुद्ध मजदूर की हत्या करने और उसके बाद शव समेत साक्ष्य को छुपाने की धाराओं में बीती 13 मार्च 2024 को मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। लेकिन मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई आज तक पुलिस ने इस मामले में जरा सा भी खुलासा नहीं किया है। अमूमन किसी भी हत्या के दर्ज मामले में पुलिस जांच के बाद घटना सही पाई गई अथवा असत्य पाई गई इसका खुलासा प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से करती है लेकिन इस मामले में अभी तक कानपुर पुलिस ने किसी भी प्रकार की सफाई सामने आकर नहीं दी है। आपको बताते चलें कि शिखर पान मसाला की थाना गोविंद नगर क्षेत्र स्थित फैक्ट्री में थाना बिधनू क्षेत्र स्थित ग्राम परशौली में निवास करने वाला युवक विनोद पुत्र थाना स्वर्गीय हरिशंकर राजपूत मजदूरी का कार्य करता था। मां गुड्डी देवी ने जानकारी देते हुए बताया था कि बीती 5 मार्च को विनोद फैक्ट्री काम करने गया और जब वापस नहीं आया तो उसे ढूंढा गया लेकिन वह नहीं मिला, फैक्ट्री के प्रबंधन तंत्र और कार्यरत जिम्मेदारों से उन्होंने गुहार लगाई कि वह बता दें विनोद कहां है लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया।

7 मार्च को थाना गोविंद नगर में तहरीर भी दी गई लेकिन पुलिस ने मात्र गुमशुदगी दर्ज करके अपने कर्तव्यों से तीसरी कर ली थी, मां और भाइयों का आरोप था की फैक्ट्री में ही उसकी हत्या कर दी गई है लेकिन पुलिस नहीं मानी यहां तक की उसके परिजनों ने यह भी कहा की दूसरे की फैक्ट्री के कमरे में विनोद आते हुए दिखा है लेकिन जाते हुए वह कहीं नहीं दिखाई दिया लेकिन पुलिस ने इस बिंदु पर भी जांच करना मुनासिब नहीं समझा, वही फैक्ट्री के कैमरे दिखाने की बात हुई तो फैक्ट्री वालों ने बहाना बना दिया कि फैक्ट्री का कैमरा तीन दिनों से खराब था। आखिरकार वह समय भी आ गया जब 12 मार्च को विनोद का शव थाना पनकी क्षेत्र स्थित नहर में मिला, शव मिलने के बाद परिजनों ने फैक्ट्री मालिक और ठेकेदार पर हत्या का आरोप लगाते हुए जब जमकर हंगामा काटा तो पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई आरंभ कर दी है, 13 मार्च 2024 को स्पर्श पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड के मलिक जो शिखर पान मसाले समूह से जुड़ा है उसके जिम्मेदारों विजय अग्रवाल सोनू अग्रवाल ठेकेदार विनोद राजपूत के विरुद्ध आईपीसी की धारा 302 और 201 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया था लेकिन आज तक इस मामले में कानपुर पुलिस ने कोई खुलासा नहीं किया है।

## ड्राइवर की तहरीर पर जानलेवा हमला करने का मुकदमा दर्ज



**थाना चकेरी में आईपीसी की धारा 307 के अंतर्गत पीड़ित ड्राइवर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज**

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर के थाना चकेरी में एक ड्राइवर की तहरीर के आधार पर आरोपी मालिक के विरुद्ध जानलेवा हमला करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पीड़ित ड्राइवर अमन श्रीवास्तव ने दी गई तहरीर में बताया है कि वह थाना चकेरी क्षेत्र स्थित सनिगवां एम0 आई0 जी 3 कालोनी निवासी अशोक कुमार शर्मा के यहां गाड़ी चलाने का कार्य करता था। पूर्व मे पैसे के लेन देन के लिए कहा सुनी हुई थी। उसी कारण अशोक कुमार शर्मा ने अपनी लड़की से फ़ोन करवा रात्रि मे बुलवाया उनके घर जाने पर अशोक कुमार शर्मा व शिवा एवं एक अज्ञात व्यक्ति ने मिलकर जान से मार डालने की नियत से ईट पत्थर व लोहे की राड़ से उसके सर पर कई बार वार किये जिस कारण पीड़ित ड्राइवर मरने की स्थिति में हो गया। थाना चकेरी में आईपीसी की धारा 307 के अंतर्गत पीड़ित ड्राइवर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्रवाई करने में जुट गई है।

होली के दिन खेली गई खून की होली

# पुरानी रंजिश में युवक की हत्या महिला समेत 3 घायल

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

लंभुआ कोतवाली अंतर्गत भरखारी गांव में होली के त्योहार में खून की होली खेली गई। पुराने विवाद में एक पक्ष से दूसरे पक्ष पर कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। जिसमें एक युवक की जान चली गई। अन्य घायलों का सीएचसी में इलाज जारी है। एसपी सोमेन वर्मा मौके पर पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है।



जानकारी के अनुसार घटना सोमवार देर शाम की है। जहां लंभुआ कोतवाली अंतर्गत भरखारी गांव में सोहन लाल गिरी और राम प्रकाश गिरी के पक्ष में विवाद हो गया। इसमें लाठी डंडे व धारदार हथियार चल गए। घटना में सोहन लाल गिरी, कमला देवी गिरी पत्नी दयाशंकर, मोहन गिरी पुत्र दयाशंकर गिरी, दयाशंकर गिरी पुत्र राजाराम गिरी घायल हुए हैं। सभी घायलों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ लाया गया। जहां डॉक्टर ने सोहन लाल गिरी (30वर्ष) को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का सीएचसी में इलाज जारी है। घटना की जानकारी होने पर सीओ लंभुआ अब्दुस सलाम, एसपी सोमेन वर्मा फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल कर पीड़ित परिवार को न्याय का भरोसा दिलाया। मृतक के भाई ने बताया कि पड़ोस के धर्मेंद्र, मदन, दिनेश, विजय, संदीप आदि ने हमारे परिवार पर हमला बोला। एक साल पहले भी इन लोगों ने मारपीट की थी बाद में सुलह हो गई थी। आज धोखे से हमला किया गया है। एसपी ने बताया कि परिवार से तहरीर मिलते ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को होली पर्व की दी शुभकामनाएं

जन एक्सप्रेस । अमेठी




जिलाधिकारी निशा अनंत ने जनपदवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख व समृद्धि की कामना की। साथ ही उन्होंने जनपद के सभी नागरिकों से अपील की है कि आप सभी लोग होली का पर्व सौहार्द व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। होली यानी रंगो का त्यौहार, खुशियों का त्यौहार है। सभी को मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाना चाहिए। कोई व्यक्ति व वर्ग ऐसा कार्य न करें, जिससे किसी की धार्मिक भावना को आघात पहुंचे और कानून एवं शांति व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न हो। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारे व प्रेम के साथ होली पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने को कहा। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने लोक सभा चुनाव को लेकर समस्त जनपद वासियों से स्वयं और अपने आसपास के लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करने के साथ साथ चुनाव महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की को कहा है।

## होली का त्योहार आपसी सौहार्द एवं सतर्कतापूर्वक मनाएं: पुलिस अधीक्षक

जन एक्सप्रेस । अमेठी



पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने होली के पावन अवसर पर सभी जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है। साथ ही लोगों से अपील करते हुए कहा है कि होली पर्व को आपसी सौहार्द एवं सतर्कता पूर्वक मनाएं। और होलिका दहन ऐसे स्थानों पर करें जहां बिजली के तार व आस-पास कोई आवास या ज्वलनशील पदार्थ न हो। उन्होंने कहा कि मोटर साइकिल पर बिना हेलमेट और तीन सवारी बैठकर न चलें। अनियंत्रित गति से वाहन न चलाएं, यातायात के नियमों का पालन करें। सोशल मीडिया पर अपील करते हुए एसपी ने कहा है कि नशे की हालत में वाहन न चलाएं और न ही किसी को चलाने दें। तथा किसी के ऊपर बिना रजामंदी के रंग न डाले और न ही हुड़दंग करें। अगर ऐसा कोई करता है तो उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। फोन कॉल एवं सोशल मीडिया के माध्यम से होली त्यौहार के नाम पर किसी भी प्रकार के प्रलोभन ऑफर देने वाले वेबलिंक्स यूआरएल को न खोलें।ये आपकी निजी और वित्तीय जानकारियों को जानकर आपको जोखिम में डाल सकते हैं। किसी वाहन चालक या व्यक्ति के ऊपर रंग भरे गुब्बारे न फेंके। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल यूपी-112 एवं स्थानीय थाने पर सूचना दें।

## शैक्षिक विज्ञान भ्रमण से बच्चों में होता है वैज्ञानिक सोच का विकास: धीरेन्द्र प्रताप सिंह



जन एक्सप्रेस । अमेठी

समग्र शिक्षा के राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमेठी के निर्देशन, खण्ड शिक्षा अधिकारी तिलोई के संयोजन और बृजेश कुमार सिंह एआरपी विज्ञान के नेतृत्व में क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग किये बच्चों में से वरीयता क्रम में सौ बच्चों को शैक्षिक विज्ञान भ्रमण के लिए मंगलवार सुबह करीब नौ बजे तिलोई अमेठी से आंचलिक विज्ञान नगरी लखनऊ ले जाया गया। इस शैक्षिक विज्ञान भ्रमण के लिए बच्चों को लेकर जाने वाली दो बसों को धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी ने झण्डी दिखाकर रवाना किया।

आंचलिक विज्ञान नगरी लखनऊ पहुंच कर बच्चों को धरती से लेकर आसमान तक की वैज्ञानिक गतिविधियों को दिखाया गया। एआरपी विज्ञान बृजेश कुमार सिंह ने बच्चों को विज्ञान के उपकरणों के माध्यम से विज्ञान के आविष्कारों से परिचित कराया। आंचलिक विज्ञान नगरी में ही बने प्रागैतिहासिक पार्क, व हरा भरा पार्क भी दिखाया गया। जहां बच्चे उत्साह से फूले नहीं समाये। बच्चों के लिए विद्यालय से निकलकर यह शैक्षिक भ्रमण एक दूसरी दुनिया के समान अहसास हुआ। बच्चों को विज्ञान से सम्बन्धित थ्री डी शो भी दिखाया गया।

इसके पश्चात बच्चों को प्रसिद्ध जनेश्वर मिश्र पार्क भी दिखाया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शैक्षिक विज्ञान भ्रमण से बच्चों में वैज्ञानिक सोच का विकास होता है तथा उनका सर्वांगीण विकास और मनोबल बढ़ता है।

शैक्षिक भ्रमण में एआरपी व शिक्षकों सहित अनुचरों ने बच्चों को भ्रमण कराने में सहयोग प्रदान किया। शुभम मिश्र ने शैक्षिक भ्रमण सम्बन्धी समस्त संसाधन व व्यवस्था मुहैया करायी।

### आबकारी विभाग ने चलाया हाईवे व टोल पर सघन जांच अभियान

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर के आदेश के क्रम में एवं जिला आबकारी अधिकारी के कुशल नेतृत्व में लोकसभा चुनाव एवं होली के अवसर पर प्रवर्तन अभियान की दृष्टिगत तथा अन्य प्रांत की शराब की रोकथाम हेतु असरोगा टोल प्लाजा पर ट्रकों की गहनता से सुभाष चंद्र सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र तृतीय जयसिंहपुर, संजय कुमार श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक क्षेत्र चतुर्थ लंभुआ एवं नेहा श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक क्षेत्र पंचम बल्दीराय द्वारा चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान जनपद सुलतानपुर में अवैध शराब की बरामदगी नहीं हुई। इसी की तरह की चेकिंग आबकारी विभाग, जीएसटी विभाग द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। आबकारी निरीक्षक सुभाष सिंह ने बताया कि अवैध शराब के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कार्यवाहियां भी निरंतर की जा रही है। होली पर्व पर विशेष अभियान के अंतर्गत विभाग हाईवे एवं टोल पर भी जांच कर रहा है, वाहनों की सघन पड़ताल की जा रही है।

## ऊहापोह की स्थिति में भाजपाइयों से लेकर मतदाता

### मेनका और वरुण ने अपनों के साथ शुरू किया विचार विमर्श

जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर

पीलीभीत से भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने वरुण गांधी का टिकट काट दिया है। वही मेनका गांधी को सुल्तानपुर से पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है। लेकिन यहां पार्टी के लोगों के साथ मतदाता काफी ऊहापोह की स्थिति में हैं। मेनका आज से संसदीय क्षेत्र का दौरा शुरू करने वाली थी लेकिन अब वे 1 अप्रैल को यहां आएगी ऐसी चर्चा है। बताया जा रहा है कि मेनका और वरुण दिल्ली में फिलवक्त की स्थिति को लेकर अपनों के साथ विचार विमर्श कर रहे हैं।



24 मार्च को बीजेपी ने सुल्तानपुर सीट से मौजूदा सांसद मेनका गांधी को फिर से रिपीट किया है। उनके प्रत्याशी बनाए जाने पर जिस प्रकार का जश्न भाजपाइयों में मनना चाहिए था वैसे माहौल देखने को नहीं मिला। मुट्ठी भर भाजपाई ही नारेबाजी कर खुशी मनाते नजर आए। वही ब्राह्मण वर्ग में भाजपा को लेकर काफी रोष है, इसका सीधा असर कंडीडेट पर पड़ेगा। ऐसी सुगबुगाहट मिलना शुरू हो गई है। वही जिस निषाद बिरादरी ने मेनका को जीत दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाया था, और जीतने के बाद मेनका ने इस वर्ग को तरजीह भी दी वो भी गठबंधन प्रत्याशी आने के बाद उनके खेमे में जाने को तैयार नहीं है। उधर वरुण गांधी का टिकट भाजपा नेतृत्व ने काट दिया है। जबकि टिकट कटने से पहले ही चार सेट में नामांकन फाम खरीदकर उन्होंने पार्टी को सीधा संकेत दे रखा है कि वो मैदान से हटने वाले नहीं। मां-बेटे ने दिल्ली में अपनों के साथ बैठकर विमर्श किया और वरुण बैक होने को तैयार नहीं। सूत्रों की माने तो इसकी भनक लगने के बाद उन्हें राष्ट्रीय महासचिव पद का ऑफर भी किया गया है, लेकिन वो इस पर राजी नहीं हुए हैं। ऐसे में मेनका बेटे के लिए त्याग करेगी या भाजपा के सिंबल पर चुनाव मैदान में आएगी इसको लेकर कयासों का बाजार तेजी से गर्म है। सपा ने यहां से अंबेडकर नगर के रहने वाले भीम निषाद को गठबंधन प्रत्याशी के रूप में उतारा है। हालांकि बसपा ने अबतक पत्ते नहीं खोले हैं। चर्चा ये है कि बसपा और पल्लवी पटेल के मध्य बातचीत चल रही है। सूत्र बताते हैं कि पल्लवी ने अपनी मां के लिए सुल्तानपुर सीट मांगा है। यदि बात तय हो गई तो सुल्तानपुर की सीट पर मुकाबला देखने लायक होगा। बात 2019 के लोकसभा चुनाव के परिणाम की करें तो मेनका संजय गांधी को कुल 4,59,196 मत मिले थे।(45.88%) और गठबंधन में बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू को 4,44,670 मत (44.43%) मिले थे। कांग्रेस के डॉ संजय सिंह को कुल 41,681 (4.16%) मत मिले थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में सुल्तानपुर सीट से बीजेपी प्रत्याशी मेनका गांधी को बसपा प्रत्याशी चंद्रभद्र सिंह सोनू से कड़ी टक्कर मिली थी। मेनका गांधी इस चुनाव में महज 14 हजार मतों से ही चुनाव जीती थीं। चुनाव में तीसरे प्रत्याशी कांग्रेस संजय सिंह थे। वही 2014 लोकसभा चुनाव में बीजेपी से वरुण गांधी 4,10,348 (24.09%) मत पाकर सांसद बने थे। जबकिबसपा से अम्बेडकरनगर के रहने वाले पवन पांडेय 2,31,446 (13.59%) रनर रहे थे। इस चुनाव में सपा के शकील अहमद 2,28, 144 (13.39%) मत पाकर तीसरे स्थान पर थे। कांग्रेस की अमिता सिंह को41,983 (2.46%) मत मिला था। जो चौथे स्थान पर थी। लोकसभा चुनाव 2014 की बात करें तो इस सीट से मेनका संजय गांधी के बेटे और बीजेपी प्रत्याशी वरुण गांधी भी यहां पहली बार चुनाव लड़ने आये और यह कि जनता ने उन्हें चुनाव में जीत दर्ज करने का मौका दिया और वो यहां से सांसद बने।

### ट्रक की टक्कर लगने पर किया विरोध, दलित युवक को पीट कर किया अधमरा

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** शिवगढ़ थाना अंतर्गत बोखारेपुर गांव का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। यहां दलित युवक को दबंगों ने पीटकर अधमरा कर दिया। बताया जा रहा कि रास्ते से जा रहे ट्रक की हल्की सी टक्कर लगने का सड़क किनारे खड़े युवक ने विरोध कर दिया था। इसपर कुछ लोगों ने युवक व उसके परिजनों की पिटाई कर दी। दरअसल यह पूरा मामला है शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बोखारेपुर गांव का। जहां की सुदामा देवी पत्नी सवरू कोरी ने शिवगढ़ थाने में तहरीर देकर बताया कि बीते 25 मार्च को सुदामा का लड़का संजय घर के सामने सड़क किनारे खड़ा था रास्ते से जा रहे एक ट्रक से हल्की सी टक्कर का विरोध किया था। आरोप है कि ट्रक वाले का विरोध होता देख संतराम वर्मा सुत राम अवतार वर्मा गाली गलौज करते हुए मारने पीटने लगे। इतने में संतराम वर्मा के घर के सभी लोग इकट्ठा होकर गाली गलौज करते हुए मारने पीटने लगे।

## बेनूर आंखों में रोशनी का नूर भरने का हुनर मेडिकल कॉलेज में नि:शुल्क

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

अपनी हिकमतों से मरीजों को मुतमईन करने का फन अगर देखना है तो स्वशाषी राज्य मेडिकल कॉलेज में मृदुभाषी और सबसे ज़्यादा सरल वरिष्ठ.नेत्र सर्जन डां.सुनील पटेल से मिलकर देखें। हांथो में जादूई हुनर और आप्रेशन में सफलता के हरबार प्रतिशत बढ़ाने में कामयाबी हासिल करने वाले आज भी कम से कम दो दर्जन सफल आंखों की सर्जरी से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को राज्य सर्कार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं का पूरा लाभ देने का काम कर रहे है। देश का नामचीन आंखों का अस्पताल मदुरै से प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात जिले के मेडिकल कॉलेज में बतौर वरिष्ठ नेत्र सर्जन के पद पर रहते हुए हजारों सफल आप्रेशन करने का रिकॉर्ड डाक्टर सुनील पटेल के नाम दर्ज है। पिछले लंबे समय से नेत्र सर्जन डां.सुनील पटेल जिले में तैनात रहते हुए बेदाग रहे है। आज तक डां.पटेल पर एक भी इल्जाम नही है, जिससे उनकी साफ-सुथरी छवि पर ग्रहण लगा हो, उनके काम से उनके उच्चाधिकारी भी काफी खुश और प्रभावित रहते है,डां.सुनील पटेल का कहना है की सरकार इतना हमें



वेतन के रूप में देती है जिससे मेरा परिवार बहुत अच्छे से चलता है। जहां तक मरीजों का मामला है तो पैसे वाले तो चाहे जहां जाकर ईलाज करवा सकते है, लेकिन जो आर्थिक रूप से कमजोर है, उनके लिए यही एक सहारा है, ऐसे में उनके साथ बहुत बेहतर करने का प्रयास मैं करता हूं, उन्होने कहाकि मै ईश्वर को धन्यवाद देता हूं कि मेरा हर प्रयास सफल होता है। इसी को मैं अपने काम का प्रसाद मानता हूं।

### युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के देवानंदपुर में स्थित पापुलर धर्मकाटा में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक का शव धर्मकाटा में दिखा। जिसकी सूचना अगल बगल के लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक टीम को बुलाकर जांच पड़ताल में जुट गई है। वही जैसे ही इस घटना की सूचना परिजनों को मिली तो परिजनों में कोहराम मच गया। तो वहीं पुलिस मृत्यु के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मिल एरिया थाना क्षेत्र के देवानंदपुर का है जहां पापुलर धर्मकाटा में केयर टेकर मनीष सोनकर की लाठी डंडों से पीट पीट कर हत्या कर दी गई है। मौके पर थाना प्रभारी सहित सीओ सिटी अमित सिंह ने पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गए है। वहीं परिजनों से मृत्यु के कारण की जानकारी करने लगे कि कही युवक का पहले से किसी से विवाद तो नही था।

## बुजुर्ग किसान की कुएं में गिरकर हुई मौत से परिजनों में छाया मातम

जन एक्सप्रेस । बछरावां, रायबरेली



थाना क्षेत्र की चौकी थुलेंडी अंतर्गत ग्राम सभा घुरौना मे उस समय हड़कंप मच गया जब कुएं में बुजुर्ग किसान का शव मिला। मिली जानकारी के अनुसार बीते रविवार को 65 वर्षीय किसान सुरेश कुमार शुक्ला पुत्र मुन्नू लाल शुक्ला निवासी घुरौना दोपहर 3 बजे के आसपास घर से अपने खेत की नीलगायों को भगाने गये हुए थे और वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की रात 9 बजे के करीब गांव के बाहर मृतक के खेत के पास एक कुएं में शव पाया गया शव देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया तत्काल पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज वागीश मिश्रा ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के बड़े भाई दिनेश चंद शुक्ला ने बताया कि मृतक किसान था खेतों से नील गाय बहुत परेशान करती थी अक्सर उन्हें भगाने चले जाते थे और उस दिन भी वह खेत गए हुए थे खेत के पड़ोस में एक बाग में झाड़ी झंकार से बन्द एक सपाटू कुआं था जिसे वह देख नहीं पाए और जानवरों को भागते समय पैर फिसलने से सम्भवतः कुएं में गिर गए जिससे यह दुर्घटना घटित हो गई है और मौत हो गई इससे पूर्व भी सपाटू कुआं होने के कारण कई जानवर गिरकर मौत के आगोश में समा चुके हैं। फिलहाल मृतक किसान के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी भाजपा को हार के डर की हताशा: रज्जू खान

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आफताब अहमद 卐रज्जू खान卐 एडवोकेट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर केंद्र सरकार व भाजपा की जमकर आलोचना की है। उनका कहना है की ईडी, सीबीआई सब केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रहे हैं। इस सरकार ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया को अपने कब्जे में कर रखा है और अब वह विपक्ष को एकदम खत्म कर देना चाहती है। अपनी विरोधी पार्टियों के बड़े नेताओं को डरा धमका कर अपने साथ मिला रही है और जो उनकी अधीनता स्वीकार नहीं करते उनके पीछे ईडी और सीबीआई को लगा दिया जाता है जो इनकी हार की हताशा को दर्शाता है रज्जू खान ने कहा कि आज देश में बेलगाम हो चुकी बेरोजगारी और महंगाई पर कोई बात करने को तैयार नहीं है ऐसा लगता है सत्ता को पाना ही भाजपा का लक्ष्य बन गया है।

## रायबरेली की बेटी दीक्षा त्रिपाठी ने भारतीय सेना में जज एडवोकेट जनरल बनकर करेगी देश की सेवा

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

शहर के अमरेशपुरी कॉलोनी में रहने वाली दीक्षा त्रिपाठी का चयन भारतीय सेना में बतौर जज एडवोकेट जनरल हो गया है। जज एडवोकेट जनरल बनने के उपरांत अपने पैतृक निवास रायबरेली में प्रथम आगमन पर दीक्षा त्रिपाठी का फ़ूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। बताते चलें कि दीक्षा ने राष्ट्रीय स्तर की ÷आर्मी जैग÷ परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए देश में चौथा स्थान प्राप्त कर रायबरेली का गौरव बढ़ाया है। उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अमिताभ त्रिपाठी और जयश्री त्रिपाठी अपनी बेटी दीक्षा की इस सफलता पर बेहद खुश हैं और सफलता का श्रेय बेटी की लगन और पढ़ाई के प्रति निष्ठा तथा एकाग्रता को देते हैं। दीक्षा पढ़ाई के साथ साथ तैराकी और बैडमिंटन की जिला स्तरीय चैंपियन भी रह चुकी है। रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव एवं राइजिंग चाइल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने दीक्षा त्रिपाठी का बुके



देकर स्वागत किया। अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि दीक्षा के पिता अमिताभ त्रिपाठी स्वयं सेना में जाना चाहते थे परंतु पारिवारिक जम्मिेदारियों के कारण वो सेना में रहकर देश की सेवा कर पाने से वंचित रहे, किंतु उनकी बेटी दीक्षा ने भारतीय सेना में बतौर जज एडवोकेट जनरल और बेटे अभिनव त्रिपाठी ने लेफ़्टिनेंट बनकर पिता अमिताभ त्रिपाठी और माँ जयश्री का सपना साकार किया है, जो माता और पिता के साथ रायबरेली के लिए भी बड़ी उपलब्धि है। इस अवसर पर आनंद त्रिपाठी, असीम श्रीवास्तव, आदित्य उपाध्याय, अधिवक्ता सतीश शर्मा, अर्शित श्रीवास्तव, अनुराग त्रिपाठी, शिव शंकर पांडेय, रोशनी त्रिपाठी, निधि त्रिपाठी, पारिवारिक सदस्यों, मोहल्लेवसियों और इष्ट मित्रों ने उपस्थित रहकर दीक्षा को शुभकामनाएँ दिया।

### पारिवारिक कलह से तंग आकर तीन बच्चों के पिता ने लगाई फांसी

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** पारिवारिक कलह से तंग आकर तीन बच्चों के पिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। वही युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना कूरेभार थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव की है। गांव निवासी सूरज मोची (40वर्ष) पुत्र सुंदर ने मंगलवार सुबह कमरे के अंदर पंखे के हुक में फंदा लगाया और उस पर झूल गया। काफी देर तक जब वो बाहर नहीं आया तो पत्नी कमरे में गई। वहां पति को लटकता देख उसकी चीख निकल पड़ी। मां की चीख सुनकर बच्चे भी वहां पहुंच गए और पिता की हालत पर वे सभी भी जोर जोर से रोने पीटने लगे। इस पर आस पड़ोस के लोग जमा हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया। स्थानीय थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को उतारा और पंचायतनामा भर शव को पोस्टमार्टम में भेजा है। वही घटना के बाद से पत्नी पिंकी, बेटे सौरभ, सचिन और बेटी विनीता का रो-रोकर बुरा हाल है।

## होली के रंग में रंगा एन.एस.जी.आई. परिवार

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला, रायबरेली में होली समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस की सभी शाखाओं के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कायर्क्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक-प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा, सह-प्रबंधिका डॉ0 रश्मि शर्मा ने एन.एस.जी.आई. की समस्त शाखाओं के प्रधानाचार्यो के साथ देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया।

समारोह की शुरूआत में एन. एस. पी. एस. त्रिपुला के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने विद्यालय में आये हुए सभी आगंतुकों का स्वागत किया और होली पर्व पर होने वाले फाग गीत- 'सुमिरन करो आदि भवानी का' गायन कर कार्यक्रम का आगाज किया।




कार्यक्रमों की श्रंखला में 'होली खेल रहे बांके बिहारी, आज रंग बरस रहा ' गीत पर राधा कृष्ण की छवि में थिरक रहे कलाकारों ने सभी का मनमोह लिया और साथ मे नाचने को मजबूर कर दिया तो वंही रंगों से सराबोर गीतों पर सभी लोग खूब थिरके। तत्पश्चात- समूह गान, और एन.एस.जी.आई. की प्रत्येक शाखाओं के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।होली के रंगारंग कार्यक्रम में सभी संस्थाओं के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के संस्थापक-प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा ने कहा कि होली का पावन पर्व मानव जीवन में खुशहाली, समृद्धि, भाईचारे एवं सहयोग की भावना का प्रतीक है। ऐसे त्योहारों से हमें प्रेरणा लेते हुए कटुता,विद्वेष एवं भेद-भाव को त्याग कर सौहार्दपूर्ण ढंग से अपने कर्तव्य का निर्वाहन करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक डॉ0 शर्मा व सह-प्रबंधिका डॉ0 रश्मि शर्मा ने समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शिक्षणेत्तर कमर्चारियों को उपहार वितरित करते हुए होली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी, इसके साथ ही उन्होंने ईश्वर से सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से मारपीट व गाली–गलौज करना पड़ा महंगा, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** चतुर्थ श्रेणी कर्मी से मारपीट व गाली गलौज के मामले कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज हो गया है। चतुर्थ श्रेणी कर्मी पंडित रामबली मिश्र श्री शोभाराम राष्ट्रीय इंटर कालेज चंदीपुर में कार्यरत है। जानकारी के अनुसार चतुर्थ श्रेणी कर्मी घनश्याम मिश्र डीआईओएस आफिस में जमा करने के लिए आवश्यक कागजात लेकर गया था। जहां पर बजरंग दूबे सुत दयाशंकर दूबे निवासी पिपरी साईनाथपुर थाना कूरेभार व अन्य दो लोगो ने पहुंचकर उसे भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारा पीटा। उसे जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि कौन से कागजात लेकर आये हो दिखाओ, वरना जान से मार दूंगा। आरोपी गोली मार देने की धमकी देते हुए भाग गए। नगर कोतवाल श्रीराम पाण्डेय ने बताया नामजद मुकदमा दर्जकर विवेचना की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि इसी कॉलेज में तैनात लिपिक प्रभंजन द्विवेदी की अवैध नियुक्ति को लेकर विद्यालय प्रबंधन ने वेतन बाधित कर जांच शुरू कर दिया है। वही नियुक्ति का मामला हाइकोर्ट में विचाराधीन है।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 34°C | 19°C |
| कानपुर | 36°C | 21°C |
| देहरादून | 30°C | 20°C |
| नई दिल्ली | 36°C | 23°C |

# अखिलेश यादव ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 'मतदान भी-सावधान भी' का दिया मंत्र

**✻ सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि जेएनयू के छात्रसंघ चुनाव में पीडीए की एकजुटता की जीत हुई है**

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जेएनयू में पीडीए ने जीत हासिल की है। इसी तरह जनता लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को हरा देगी। उन्होंने चुनाव में जीत के लिए मतदान भी-सावधान भी का मंत्र दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि जेएनयू के छात्रसंघ चुनाव में पीडीए की एकजुटता की जीत हुई है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि पीडीए की एकजुटता ने जेएनयू छात्र संघ चुनाव में समेकित रूप से सभी महत्वपूर्ण पदों पर जीत हासिल की है और भाजपा समर्थित एबीवीपी को भारी अंतर से बुरी तरह हराया है। दलित अध्यक्ष सहित सभी विजयी पदाधिकारियों और उन्हें चुनने वाले सजग, सतर्क मतदाता विद्यार्थियों को भी बहुत बधाई और जेएनयू की नकारात्मक छवि बनाने वालों को आगे भी यूं ही हराते रहने व देशहित में सकारात्मक राजनीति का झंडा फहराते रहने के लिए शुभकामनाएं! जेएनयू के छात्रों की तरह देश भर के युवा आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा राज में फैली 'अभूतपूर्व बेरोज़गारी', पेपर लीक होने की वजह से कहीं 'नौकरी न मिलने की हताशा' और 'इलेक्टोरल बॉण्ड' के रूप में फैले भाजपा के 'अथाह भ्रष्टाचार' को हमेशा के लिए दूर करने के लिए, महंगी पढ़ाई और चतुर्दिक महंगाई से त्रस्त अपने परिवारों और आसपास के लोगों को भी भाजपा के खिलाफ मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि इस सजगता से ही 'वोट की रक्षा' की जा सकती है और जनता के हित में सकारात्मक परिणाम आ सकते हैं। इसीलिए अपने देश के भविष्य की रक्षा करने के लिए हम अपने अभियान 'मतदान भी-सावधान भी' के तहत युवाओं से अपील करते हैं कि 'न लापरवाही, न ढिलाई' और 'जब तक जीत का प्रमाण नहीं, तब तक विश्राम नहीं'! 'युवा विरोधी भाजपा' को आप सब 'युवक-युवती की एकजुट शक्ति' हरा देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा हटाओ, देश बचाओ! भाजपा हटाओ, नौकरी पाओ! भाजपा हटाओ, भविष्य बचाओ! भाजपा हटाओ, संविधान बचाओ!




**साथ ही इस बार लोकसभा व अन्य चुनावों में युवा**

- मतदान स्थल पर आख़िरी क्षण तक फ़र्ज़ी मतदान पर सजग निगाह रखने
- ईवीएम के सीलबंद होने
- ईवीएम रखने के स्थान तक मशीनों के सुरक्षित पहुंचने
- ईवीएम के गोदामों पर 24 घंटे हर तरफ से चतुर्दिक चौकीदारी करने, किसी को ईवीएम गोदामों के आसपास फटकने न देने के लिए लामबंद रहने
- मतगणना के दिन सक्रिय रहकर हर तरह से नजर रखने
- चुनाव परिणाम आने व जीत का सर्टिफिकेट न मिल जाने तक डटे रहने का काम करें।

# पांच सौ सालों के बाद अयोध्या में रामलला ने खेली होली

**अलग-अलग जगहों से लोग सुबह-सुबह मंदिर पहुंचे और राम मंदिर में रामलला की मूर्ति पर रंग और गुलाल चढ़ाया**

**✻ पूरा राम जन्मभूमि परिसर रंगों के त्योहार की खुशी में डूब गया**

**✻ इस अवसर वहां मौजूद श्रद्धालु खुशी से झूम उठे, उत्साह देखते ही बना**

**✻ राम की पैड़ी पर हजारों श्रद्धालुओं ने पहले होली मनाई और फिर वहीं स्नान किया**

जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा



**लखनऊ।** अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के बाद पहली बार भव्य तरीके से होली उत्सव मनाया गया। करीब पांच सौ सालों के बाद अयोध्या में रामलला ने होली खेली और इस अवसर वहां मौजूद श्रद्धालु खुशी से झूम उठे। अलग-अलग जगहों से लोग सुबह-सुबह मंदिर पहुंचे और राम मंदिर में रामलला की मूर्ति पर रंग और गुलाल चढ़ाया। पूरा राम जन्मभूमि परिसर रंगों के त्योहार की खुशी में डूब गया। राम की पैड़ी पर हजारों श्रद्धालुओं ने पहले होली मनाई और फिर वहीं स्नान किया।



### रामललला को 56 प्रकार के व्यंजनों का भी भोग लगाया

राम मंदिर के दरबार में, पुजारियों ने मूर्ति पर फूलों की वर्षा की और भगवान के साथ होली खेली, साथ ही राग भोग और श्रृंगार के रूप में अबीर और गुलाल उन्हें लगाया गया। इसके बाद प्रभु रामललला को 56 प्रकार के व्यंजनों का भी भोग लगाया गया।

**रामलला ने गुलाबी पोशाक पहनी थी**

पुजारियों ने भक्तों के साथ होली गीत गाए और रामलला को खुश करने के लिए मूर्ति के सामने डांस भी किया। इस मौके पर राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने कहा, रामलला मंदिर में अपनी प्रतिष्ठा के बाद अपनी पहली होली मना रहे हैं, उनकी आकर्षक मूर्ति को फूलों से सजाया गया था, माथे पर गुलाल लगाया गया है, इस अवसर पर, रामलला ने गुलाबी पोशाक पहनी थी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सीस्टोन सिरप एवं लिव-52 बिक्री योग्य: निदेशक

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** आयुर्वेद निदेशालय द्वारा 12 मार्च को फर्म हिमालया वेल्सनेस कम्पनी बैंगलुरु कर्नाटक निर्मित आयुर्वेदिक औषधि सीस्टोन सीरप एवं लिव-52 को प्रतिबिन्धित किया गया था ।निदेशक आयुर्वेद सेवाएं उत्तर प्रदेश के लाइसेंस प्राधिकारी निदेशक डा.पीसी सक्सेना ने बताया कि केंद्रीय आयुष मंत्रालय के ड्रग पॉलिसी सेक्शन के 19 मार्च द्वारा प्राप्त निर्देशों एवं फर्म के स्पष्टीकरण पर सम्यक विचारोपरान्त फर्म हिमालया वेलनेस कम्पनी बंगलुरू कर्नाटक के सीस्टोन सीरप एवं लिव-52 को बिक्री योग्य पाया गया है।

### 'मतदाता सूचना पर्ची और वोटर गाइड का होगा वितरण'

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचक नामावली में पंजीकृत मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची जारी की जायेगी ।इस मतदाता सूचना पर्ची के आगे के भाग पर निर्वाचक नामावली में भाग संख्या व नाम, क्रम संख्या, पोलिंग स्टेशन का नाम तथा मतदान का दिनांक, क्यू आर कोड का उल्लेख होगा ।मतदाता सूचना पर्ची के पीछे के भाग पर पोलिंग स्टेशन का नक्शा तथा बीएलओ का नाम, बीएलओ का कॉन्टेक्ट नम्बर, मतदान करने के लिए आयोग द्वारा निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेज का विवरण तथा अन्य महत्वपूर्ण निर्देश आदि उल्लिखित रहेगा ।मतदाता सूचना पर्ची के साथ प्रत्येक परिवार को हिन्दी में रंगीन वोटर गाइड भी दी जाएगी ।भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंजीकृत मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची का वितरण मतदान की तिथि के 09 दिन पूर्व से लेकर मतदान की तिथि से 05 दिन पूर्व तक समस्त मतदाताओं को उपलब्ध करायी जाएगी ।बीएलओ द्वारा मतदाता सूचना पर्ची पंजीकृत मतदाता को या उसके परिवार के किसी वयस्क सदस्य को रजिस्टर पर हस्ताक्षर कराने के बाद दी जायेगी। रंगीन वोटर गाइड में चित्रों के माध्यम से मतदाता ईवीएम से कैसे अपना मतदानकरें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी जा रही सुविधा ऐप्स जैसे सक्षम ईसीआई, वोटर हेल्पलाइन ऐप, अपने अभ्यर्थी को जाने नो योर कैन्डिडेट ऐप तथा सी-विजिल ऐप की जानकारी दी गयी है। पंजीकरण, मतदान, दिव्यांगजनों एवं वृद्धों को घर से मतदान तथा डाक मतपत्र की सुविधा के बारे में बताया गया है।

### सी-विजिल एप से कर सकते चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सी-विजिल एप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत कर सकता है ।मोबाइल से प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत, लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है ।आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन होने पर सी-विजिल एप में अपने मोबाइल नम्बर से लॉगिन करके नागरिक अपने शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकता है ।सी-विजिल एप पर शिकायत करने हेतु नाम व मोबाइल नम्बर की कोई बाध्यता नहीं है, परन्तु अगर शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम व मोबाइल नम्बर देता है तो शिकायतकर्ता एप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकता है ।शिकायत दर्ज होने पर सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर द्वारा अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम एफएसटी को शिकायत स्थल पर भेजा जाता है ।शिकायत को निर्धारित करके सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर के पोर्टल पर अग्रसारित किया जाता है तथा सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर द्वारा शिकायत के निस्तारण के क्रम में निर्णय लिया जाता है ।आम तौर पर सी-विजिल एप में धनराशि वितरण, गिफ्ट, कूपन वितरण, शराब वितरण आदि शिकायतों के अतिरिक्त बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक तथा उन्मादी भाषणबाजी करने सम्बन्धी परिवाद अंकित किये जाते है।

## ब्रज की रसोई ने 'परोसीं' त्यौहार की खुशियां

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा सचालित ब्रज की रसोई समूह की ओर से रविवार को होली के पावन अवसर पर समूह ने होली मिलन को अनोखे तरीके से साईं मंदिर आशियाना व चन्द्रिका देवी मन्दिर बंगला बाजार में सौकड़ों गरीब, असहाय, अकिंचन लोगों के बीच रंग, पिचकारियां अबीर गुलाल, बच्चों के कपड़े और भोजन वितरण किया गया। संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा ने कहा कि पर्वों का सही अर्थ होता है कि आपके आसपास के गरीब अकिंचन भी अच्छे से त्यौहार मनाएं यही सच्ची समाज सेवा है। संस्था के राष्ट्रीय महासचिव नीरज शर्मा ने बताया कि संस्था की ओर से गरीब व असहाय बच्चों को गुलाल, रंग, पिचकारी, बच्चों को कपड़ों का वितरण किया गया। समाज के हर वर्ग को त्योहारों पर खुशियां मनाने का पूरा अधिकार है। इसलिए उनके हाथों में भी पिचकारियां होनी चाहिए। इसी उद्देश्य के साथ संस्था ने नन्हे बच्चों को पिचकारियों, रंग, गुलाल, बच्चों के कपड़े का भी वितरण किया। इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी अकिंचन, असहाय मजबूर लोगों के लिए सेवा कार्य निरंतर करता आ रहा है सदैव सामाजिक कार्यों के लिए इसी प्रकार हमेशा तत्पर रहता है। ऐसे जरूरतमंद बच्चे हैं जिनका ध्यान देने वाला कोई नहीं है जब होली के दिन सम्पन्न परिवार के सारे बच्चे अपने परिवार के साथ होली का आनंद लेते थे तो यही जरूरतमंद बच्चे उनको देखकर आंसू बहाया करते थे। क्योंकि होली खेलने के लिए पैसे के आभाव में न उनके पास पिचकारियां हो पाती न गुलाल न अबीर और उस दिन उनको ध्यान देने वाला कोई नहीं होता की कोई जाकर उनके आंसू पोछ सकता। इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी इन असहाय जरूरतमंद बच्चों को होली की शुभकामनाओ के साथ पिचकारियां अबीर गुलाल, बच्चों के कपड़े और भोजन वितरित किया ताकि सारे बच्चों के जैसे ये बच्चे भी खुशी खुशी अपनी होली मना सकें। इस कार्य में संस्था के बहुत से पदाधिकारियों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभायी संस्था के संरक्षक अनिल शुक्ला (बालाजी टेन्ट हाउस) वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष त्रिपाठी (आस्था कृष्णा धाम) राजीव पाण्डेय, गगन शर्मा, सौरभ शुक्ला, हर्षित अवस्थी, आदित्य दुबे, शिवांश, शिवकर शर्मा, दयाशंकर, रंजीत कश्यप, सुशील कुमार, उमेश मिश्रा, चंदीप, आलोक पाठक, रवि प्रकाश अवस्थी, सी.एच.तिवारी आशीष श्रीवास्तव सहित तमाम लोगों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## रेलवे में तैनात जेई दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार शादी का झांसा देकर युवती से किया था दुष्कर्म

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय के मुताबिक युवती की विनोद से कुछ साल पहले दोस्ती हुई थी। 7 फरवरी 2020 को आरोपी युवती को देवा दर्शन के लिए ले गया और वापस लौटते वक्त कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म किया। युवती ने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसको चुप करा दिया। युवती का आरोप है कि इसके बाद शादी का झांसा देकर आरोपी उसका शारीरिक शोषण करने लगा। कुछ वक्त पहले युवती ने विनोद से शादी की बात कही तो आरोपी ने शादी से इनकार करते हुए गालीगलौज की। इतना ही नहीं आरोपी ने युवती की अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी। युवती का आरोप है कि विनोद के साथी आकाश गुप्ता ने उसको मुंह बंद रखने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है उसने मामले की शिकायत गाजीपुर पुलिस से की पर पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। अंत में पीड़िता ने पुलिस आयुक्त से मिलकर मामले की शिकायत की। पुलिस आयुक्त के आदेश पर शनिवार को विनोद और उसके दोस्त के खिलाफ गाजीपुर थाने में केस दर्ज किया गया था। इस मामले में 23 मार्च को गाजीपुर पुलिस की एक टीम ने आरोपी विनोद को नवी मुंबई स्थित अभिमन्यु अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया। आरोपी विनोद मूल रूप से सुल्तानपुर के बल्दीराय इलाके का रहने वाला है।

## योगी सरकार के 7 साल पूरे सीएम ने जनता का जताया आभार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने 7 वर्ष का कार्यकाल सोमवार को पूरा कर लिया है। इस अवसर पर सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रदेश की जनता का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि उनकी सरकार प्रदेशवासियों के हर सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। सीएम ने लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा, सुरक्षा और समृद्धि के संकल्प को आज 7 वर्ष पूरे हो रहे हैं। 7 वर्षों में सबका साथ-सबका विकास के मंत्र के माध्यम से हर व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सफलता प्राप्त हुई है। 7 वर्ष नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के सृजन को समर्पित रहे हैं। लोक कल्याण के पथ पर चलते हुए डबल इंजन सरकार प्रदेश वासियों के हर सपने को साकार करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

## नशे में धुत पति ने पत्नी को बेल्ट से पीट-पीटकर मार डाला, बच्चे सो कर उठे तो मां की लाश मिली

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ के बिजनौर इलाके में सोमवार देर रात शराब के नशे में धुत्त पति ने पत्नी को बेल्ट से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। उसके बाद मौका पाकर पति फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति सुरेश के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। बिजनौर के चंद्रावल का माजरा सादुल्लाह खेड़ा निवासी सुरेश शराब पीने का आदी था। प्रत्येक दिन शराब के नशे में आकर पत्नी से झगड़ा करता था। सोमवार की देर रात सुरेश शराब के नशे में घर पहुंचा और पत्नी चंद्रावती से झगड़ा करने लगा और कमरे का दरवाजा बंद कर पत्नी की बेल्ट से पिटाई करना शुरू कर दिया। मां की चीख पुकार सुनकर दूसरे कमरे में सो रहे बच्चों की नींद खुल गई। कुछ देर बाद मां की रोने की आवाज बंद होने से बच्चे दोबारा फिर सो गए। बच्चे सुबह उठकर मां के कमरे में पहुंचे तो देखा कि उसके शरीर पर बेल्ट द्वारा पिटाई के कई निशान थे और वो मृत अवस्था में तख्त में पड़ी हुई थी। बच्चों ने पिता द्वारा मां की हत्या करने की जानकारी पड़ोसियों को दी। पड़ोसियों ने आनन-फानन बच्चों के रिश्तेदारों को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे रिश्तेदारों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्या में प्रयोग की गई बेल्ट को मौके पर ही बरामद कर लिया और चंद्रावती (35) का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### होली पर 12 हजार लोगों को एंबुलेंस ने पहुंचाया अस्पताल

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** रंगों के त्योहार होली पर 108 एंबुलेंस ने 12 हजार से अधिक लोगों को अस्पताल पहुंचाया। लखनऊ से ज्यादा हरदोई में एंबुलेंस की जरूरत पड़ी। होली पर हादसे बढ़ने की आशंका को देखते हुए सभी एंबुलेंस को अलर्ट तक रखा गया था।

## दो दरोगा भाइयों सहित तीन पर ठगी का केस दर्ज, सेवानिवृत्त दरोगा को बनाया था शिकार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

कानपुर के गोविंदनगर थाने में तैनात दारोगा, उनके सगे भाई गोमतीनगर विस्तार में तैनात दारोगा सहित तीन लोगों के खिलाफ चिनहट थाने में पांच लाख रुपये हड़पने और धमकाने का केस दर्ज किया गया है। एफआईआर पीटीसी मुरादाबाद में तैनात दारोगा ने कोर्ट की मदद से लिखाई है। पीड़ित से आरोपियों ने भवन निर्माण सामग्री के नाम पर 5 लाख रुपये लिए थे। चिनहट अवधपुरी खंड-2 निवासी दारोगा सावल प्रसाद मौजूदा समय में मुरादाबाद पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में तैनात है। उनके मुताबिक वर्ष 2018-19 में वो चिनहट थाने में तैनात थे। उस वक्त चिनहट की एल्डिको चौकी में दारोगा भूटान सिंह नियुक्त थे, जो मौजूदा समय में कानपुर के गोविंदनगर थाने में कार्यरत हैं। दारोगा सावल प्रसाद के अनुसार उनके पिता सेवानिवृत्त होने के बाद बस्ती जनपद में अपना मकान बनवा रहे थे। उस वक्त दारोगा भूटान सिंह ने अंबेडकरनगर जनपद के रहने वाले शैलेंद्र सिंह को अपना रिश्तेदार और निर्माण सामग्री कारोबारी बताया। भूटान सिंह ने सस्ते दाम में बिल्डिंग मटेरियल दिलाने की बात कही थी। उनकी बातों में आकर दारोगा सावल प्रसाद और उनके पिता ने कई बार में भूटान सिंह और उनके रिश्तेदार शैलेंद्र सिंह को पांच लाख रुपये दिए थे। आरोप है कि रुपये देने के बावजूद उनको निर्माण सामग्री नहीं मिली। उन्होंने कई बार दारोगा भूटान सिंह से इस बारे में कहा तो वह टालमटोल करने लगे। खुद को फंसता देख दारोगा भूटान सिंह ने अपने ही रिश्तेदार शैलेंद्र सिंह के खिलाफ वर्ष 2019 में चिनहट थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज करा दिया ताकि पीड़ित दारोगा सावल प्रसाद उन पर दबाव न बना सके। 5 सितंबर 2021 को पीड़ित दारोगा सावल प्रसाद सदर तहसील गए थे। वहां पर उनकी मुलाकात आरोपी दारोगा भूटान सिंह और उनके भाई दारोगा नेपाल सिंह से हुई। तब उन्होंने दोनों से अपने दिए गए रुपये वापस मांगे तो दोनों भाइयों ने उनको जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने इसके बाद पुलिस के अधिकारियों से शिकायत की पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अंत में पीड़ित दारोगा ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर 24 मार्च को दारोगा भूटान सिंह, उनके भाई दारोगा नेपाल सिंह और रिश्तेदार शैलेंद्र सिंह के खिलाफ चिनहट थाने में केस दर्ज किया गया। पीड़ित का आरोप है कि दारोगा भूटान सिंह के खिलाफ अयोध्या के कैंट थाने में वर्ष 2019 में लूट, उनके भाई दारोगा नेपाल सिंह के खिलाफ अलीगंज थाने में वर्ष 2018 में

**सूचना**

मेरी पुत्री के आधार कार्ड पर श्रद्धा श्रीवास्तव (SHRADDHA SRI-VASTAVA) अंकित है जबकि स्कूल मार्कशीट पर कौस्तुभ श्रीवास्तव (KAUSTUBH SRI-VASTAV) अंकित है। इस प्रकार ये दोनों नाम श्रद्धा श्रीवास्तव, कौस्तुभ श्रीवास्तव मेरी बेटी के ही हैं। अत: अब भविष्य में इन्हे कौस्तुभ श्रीवास्तव (KAUS-TUBH SRIVASTAVA)के नाम से ही जाना व संबोधित किया जाए व आवश्यक अभिलेखों में भी लिखा व पढ़ा जाए।

**सुयश कुमार श्रीवास्तव**
निवासी 558/28क/1 सुन्दर नगर आलमबाग लखनऊ,226005

## महाकुंभ 2025 को भव्य बनाने के लिए काम शुरू, पर्यटन और यात्री सुविधाओं के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

2025 में होने जा रहे महाकुंभ को भव्य बनाने की कयावद तेज हो गई है। इसके लिए पर्यटन और यात्री सुविधाओं के साथ-साथ इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में महाकुंभ से जुड़ी 384 विकास परियोजनाओं पर 7500 करोड़ रुपये के काम शुरू हो गए है। उल्लेखनीय है कि महाकुंभ व इससे संबंधित 284 प्रोजेक्ट्स के लिए 4462 रुपए से ज्यादा का फंड स्वीकृत किया गया है।

### 14 विभाग महाकुंभ आयोजन को सफल बनाने में जुटे

कुंभ को लेकर कुल 14 विभागों के प्रोजेक्ट कार्य चल रहे हैं। इसमें पर्यटन विभाग के 5 प्रोजेक्ट भी हैं। इनमें 3 की शुरुआत हो चुकी है, जिसके लिए प्रस्तावित 28 करोड़ के बजट के एवज में 8.64 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। इसी तरह इरीगेशन डिपार्टमेंट के सभी 8 प्रोजेक्ट्स के लिए प्रस्तावित 250 करोड़ में से करीब 90 करोड़ रुपए प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए जा चुके हैं। प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी के अंतर्गत 42 प्रोजेक्ट्स के लिए 175 करोड़ रुपए, यूपी ब्रिज के 4 प्रोजेक्ट्स के लिए 255 करोड़ रुपए, पीडब्ल्यूडी के 41 प्रोजेक्ट के लिए 320 करोड़ रुपए, हेल्थ एंड वेलफेयर डिपार्टमेंट के 17 प्रोजेक्ट्स के लिए 29 करोड़ रुपए, फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के 4 प्रोजेक्ट्स के लिए 13.33 करोड़ रुपए,मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में 11 प्रोजेक्ट्स के लिए 31.20 करोड़ रुपए, यूपीपीसीएल के 22 प्रोजेक्ट्स के लिए 196 करोड़ रुपए, प्रयागराज म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के 29 प्रोजेक्ट्स के लिए 103 करोड़, यूपी जल निगम के 15 प्रोजेक्ट्स के लिए 86 करोड़, यूपीएसआरटीसी के 7 प्रोजेक्ट्स हेतु करीब 8 करोड़ रुपए और प्रयागराज मेला अथॉरिटी के तहत 7 प्रोजेक्ट्स के लिए 223.53 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। वहीं गंगा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से संबंधित 5 प्रोजेक्ट्स के लिए 107 करोड़ से ज्यादा का फंड स्वीकृत है। अभी डीपीआर की प्रक्रिया जारी है, जिसके बाद धनराशि जारी की जाएगी।

**महाकुंभ के अलावा भी प्रयागराज में चल रहा विकास कार्य**

महाकुंभ के अतिरिक्त भी प्रयागराज को पर्यटन और यात्रियों की सुविधाओं के लिए संवारा जा रहा है। इसके अंतर्गत 7 विभागों के प्रोजेक्ट्स संचालित हैं। इसमें टूरिज्स डिपार्टमेंट के कुल 29 प्रोजेक्ट्स के लिए 70 करोड़ से ज्यादा की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है और 23 करोड़ से ज्यादा की राशि जारी भी की जा चुकी है। इसी तरह प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी के 10 प्रोजेक्ट्स के लिए स्वीकृत 102 करोड़ रुपए में से 20 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। यूपी ब्रिज के अंतर्गत 12 प्रोजेक्ट्स के लिए 620 करोड़ रुपए जारी हो चुके हैं तो पीडब्ल्यूडी के 18 प्रोजेक्ट्स हेतु 8 करोड़ और प्रयागराज म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के 22 प्रोजेक्ट्स के लिए 17 करोड़ रुपए की राशि रिलीज की गई है। इरीगेशन डिपार्टमेंट के 7 प्रोजेक्ट्स के लिए 58 करोड़ और गंगा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के 3 प्रोजेक्ट्स हेतु 496 करोड़ के फंड की स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द राशि जारी किए जाने की संभावना है।

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस
लखनऊ । बुधवार । 27 मार्च 2024



@janexpressnews janexpresslive janexpresslive
www.janexpresslive.com/epaper

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनावों के सात चरणों का चक्रव्यूह पार करना नहीं होगा आसान

**2019 का लोकसभा चुनाव में जो सपा,बसपा और रालोद एक गठबंधन का हिस्सा थे,वह बिखर चुके हैं। बसपा अकेली चुनाव लड़ रही है तो रालोद ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। इस बार पहले चरण की आठ सीटों में से चार पर सपा, तीन पर बसपा और एक पर रालोद को संघर्ष करना पड़ा। बसपा ने अपने हिस्से की तीनों सीटें (सहारनपुर, बिजनौर और नगीना) जीत लीं। सपा ने चार में से दो सीटें (मुरादाबाद और रामपुर) जीतीं। आरएलडी का खाता नहीं खुल सका। बीजेपी ने कैराना, मुजफ्फरनगर और पीलीभीत में सीटें जीती थीं।**

*उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों को लेकर पूरे देश मे कौतुहल दिखाई दे रहा है। लोकसभा सीटों के हिसाब से सबसे बड़े राज्य यूपी में मुकाबला त्रिकोणीय होता नजर आ रहा है। त्रिकोणीय मुकाबले में एक तरफ एनडीए के तले मोदी की 'सेना' जीत की हुंकार भर रही है तो दूसरी ओर राहुल गांधी के अगुवाई में 'इंडी' गठबंधन ताल ठोक रहा है। दोनों गठबंधनों में बस फर्क इतना है कि जहां एनडीए की ओर से मोदी पुनः प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं, वहीं इंडी गठबंधन ने कौन होगा पीएम पर पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन लगता यही है कि यदि इंडी गठबंधन के लिये सत्ता की राह बनी तो राहुल गांधी प्रधानमंत्री पद के सबसे बड़े दावेदार होंगे। खैर, अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचना सही नहीं है। कौन होगा अगल प्रधानमंत्री ? यह सात चरणों के मतदान के बाद 04 जून को पता चलेगा, जब वोटों की काउंटिंग होगी। इसी लिये फिलहाल तो सात चरणों के चक्रव्यूह को भेदने के लिये ही सभी पार्टियो मैदान में ताल ठोंक रही हैं। 19 और 26 अप्रैल को प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण का मतदान होगा। इन दोनों चरणो में पश्चिमी यूपी की 16 सीटों पर वोटिंग होगी। प्रथम चरण और दूसरे चरण के मतदान में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की क्रमशः आठ-आठ सीटों के उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। 07 मई को भी तीसरे चरण में दस सीटों पर मतदान होगा इसमें भी दस में से पश्चिमी यूपी की चार सीटें शामिल होंगी। इसके बाद 13 मई को चौथे, 20 मई को पांचवें, 25 मई को छठे और 01 जून को सातवें चरण का मतदान होना होगा। शुरू के तीन चरणों में जो राजनैतिक जंग पश्चिमी यूपी से शुरू होगी वह चौथे और पांचवे चरण में रूहेलखंड, अवध की सीटों पर तो छठे और सातवें चरण में पूर्वांचल में पहुंच कर समाप्त हो जायेगी। चार जून को नतीजे आयेंगे। 2024 लोकसभा चुनावों की शुरुआत पश्चिमी यूपी की आठ लोकसभा सीटों पर से होगा। पहले चरण में चुनाव के लिए आठ सीटों में से, भाजपा ने 2014 के चुनावों में सभी सीटें जीती थीं। 2014 में पार्टी ने अकेले प्रदेश भर में 71 सीटें जीतीं थीं। जबकि एनडीए गठबंधन के पास कुल 73 सीटें थीं। 2019 के चुनाव में इन सीटों पर सपा-रालोद और बसपा गठबंधन के खिलाफ लड़ाई में बीजेपी का प्रदर्शन खराब रहा। उन्होंने 8 में से केवल तीन सीटें जीतीं। ऐसे में सपा और बसपा को पूर्वांचल में कई सीटें मिलीं, जबकि बीजेपी को पूरे प्रदेश में सिर्फ 62 सीटें मिलीं थीं। 2024 का चुनाव संग्राम भी फिर पश्चिम यूपी से शुरू होगा। शुरुआत में पश्चिमी यूपी की 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव होंगे। पिछले लोकसभा चुनाव के बाद से यहां के राजनीतिक हालात में काफी बदलाव आया है, जिसका असर चुनाव में दिख रहा है। यह चुनाव क्षेत्र में एक प्रमुख व्यक्ति रालोद नेता जयंत चौधरी की स्थिति भी तय करेगा। केंद्रीय मंत्री संजय बालियान की हैट्रिक कोशिशों की परीक्षा होगी। यह चुनाव तय करेगा कि बीजेपी नेता वरुण गांधी का राजनीतिक भविष्य क्या होगा। यह चुनाव यह भी तय करेगा कि नखतौर विधायक ओम कुमार संसद में जा सकेंगे या नहीं। यह क्षेत्र किसान और जाट नेता अजीत सिंह के प्रभाव वाला माना जाता है। चाहे आप जीतें या हारें, जीतने वाला पक्ष हमेशा सोचता है कि उसका पलड़ा भारी है। अजीत को अपनी बदनामी की भारी राजनीतिक कीमत भी चुकानी पड़ी। यह चुनाव अजीत सिंह के बिना होगा।*

---

### एक्सप्रेस आलेख

**रिपोर्ट का मकसद विभिन्न देशों के शासकों को आईना दिखाना है कि उनकी नीतियां लोगों की जिंदगी खुशहाल बनाने में कोई भूमिका निभा रही हैं या नहीं? हमारा शीर्ष नेतृत्व आजादी के बाद से ही निरन्तर आदर्शवाद और अच्छाई का झूठ रचते हुए सच्चे आदर्शवाद के प्रकट होने की असंभव कामना करता रहा है, इसी से जीवन की समस्याएं सघन होती गयी है, नकारात्मकता के इस व्यूह को तोड़ते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुशी एवं प्रसन्न जीवन के लक्ष्य को आकार दिया है, उन्होंने गहन अंधेरों से देश की जनता को बाहर निकालते हुए विगत एक दशक में अपने कामकाज एवं नीतियों से एक आशावाद उकेरा है। भारत में युवा सबसे अधिक खुश हैं।**

## खुशहाल समाजों की रैंकिंग से भारत भ्रमित न हो



ललित गर्ग

**यह उन दावों के विपरीत है कि उम्र और जीवन संतुष्टि के बीच सकारात्मक संबंध केवल उच्च आय वाले देशों में मौजूद है। भारतीयों के बीच संतोष के भाव, प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद, सामाजिक सहयोग, जीवन प्रत्याशा, स्वतंत्रता, उदारता के भाव में विस्तार जारी रहना चाहिए। भारत का वर्तमान खुशहाली वाला समाज बनने को तत्पर है, भले ही दुनिया की कुछ खुशहाली रैंकिंग तय करने वाली एजेंसियां इससे असहमत हो।**

143 देशों के विश्व खुशहाली रैंकिंग में भारत 126वें स्थान पर रहा है जिसमें फिनलैंड ने लगातार छठीं बार सर्वोच्च स्थान पाया है। यह बात भी गौर करने की है कि भारत में दस अंकों का सुधार हुआ है, फिर भी भारत के लिये आश्चर्यकारी एवं विचारणीय है। फिनलैंड को दुनिया का सबसे खुशहाल देश करार दिया गया है, पर गौर कीजिए, वहां आबादी सिर्फ 56 लाख है। मतलब, इस देश की चुनौतियां बहुत कम हैं। धार्मिक वातावरण ऐसा है कि विद्वेष की ज्यादा गुंजाइश नहीं है। छोटा राष्ट्र होने की वजह से सरकारों के सामने समस्याएं कम है। अतः फिनलैंड की स्थिति अच्छी है, पर उसकी तुलना भारत जैसे 140 करोड़ आबादी वाले देश से कैसे हो सकती है? यह बहस का विषय है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित इस वार्षिक रिपोर्ट में नॉर्डिक देशों ने 10 सबसे खुशहाल देशों में अपना स्थान बनाए रखा है। फिनलैंड के बाद डेनमार्क, आइसलैंड, स्वीडन ने शीर्ष स्थान हासिल किए हैं। इन सभी देशों में समाज समस्यामुक्त एवं काफी सुलझा हुआ है और विविधता वहां ज्यादा समस्याएं पैदा नहीं करती है। देखने की बात है कि खुशहाली की रिपोर्ट विगत एक दशक से भी ज्यादा समय से जारी हो रही है और पहली बार अमेरिका और जर्मनी जैसे विकसित देशों को शीर्ष 20 देशों में स्थान नहीं मिला है। पाकिस्तान पिछली बार 108वें स्थान पर था, इस बार 122वें पर आ गया है, पर तब भी भारत से चार पायदान ऊपर है। जिस देश में खूब महंगाई है, जहां की जनता त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रही है, जहां धार्मिक उन्माद व्यापक है, जो आतंकवाद को प्रोत्साहन देता है, वह देश भी अगर हमसे खुशहाल है, तो ऐसी खुशहाली मापने के तरीकों पर विचार होना चाहिए। ऐसा प्रतीत होता है कि खुशहाली को तय करने के पैमानों में अवश्य ही कोई पूर्वाग्रह या आग्रह है। क्योंकि ऋण की गुहार लगाता एवं त्राहिमाम करता पाकिस्तान को 122वें स्थान की रैंकिंग देना विडंबनापूर्ण एवं विसंगतिमय हैं, जो इस सूचकांक के महत्व को घटा देती हैं। जो दुनिया के खुश देशों के आकलन में त्रुटि की पूरी संभावनाएं होने को दर्शाता है। अनेक सवाल खड़े करती है यह खुशहाल देशों की रैंकिंग। यह विडंबना ही है कि धार्मिक पाबंदियों वाला कुवैत दुनिया का 13वां सबसे खुशहाल देश है। ऐसी अतार्किक सूची देखकर अफसोस एवं आश्चर्य भी होता है और चिंता भी होती है। क्या खुशहाली को धार्मिक और सामाजिक स्वतंत्रता के आधार पर ज्यादा नहीं देखा जाना चाहिए? खुशहाली को केवल आर्थिक समृद्धि और संसाधनों की अधिकता में घटाकर देखना सही नहीं है। खुशहाली की रैंकिंग को देखकर भारत को कतई भ्रमित नहीं होना चाहिए। एक और विडंबना देखिए, निर्मम युद्ध लड़ रहा इजरायल पांचवां सबसे खुशहाल देश है! पीड़ित फलस्तीन 103वें स्थान पर है, तो रूस 72वें स्थान पर और यूक्रेन 105वें स्थान पर। ये देश युद्ध के बावजूद भारत से ज्यादा खुशहाल हैं। पता नहीं, इस रैंकिंग पर कितना भरोसा किया जाए? जहां तक भारत का सवाल है, खुशहाली के सभी पैमानों पर हमें अपने प्रयास बढ़ाने की जरूरत है। एक बड़ा सवाल यह भी है कि हम प्रसन्न समाजों की सूची में क्यों नहीं अव्वल आ पा रहे हैं? यह सवाल सत्ता के शीर्ष नेतृत्व को आत्ममंथन करने का अवसर दे रहा है, वहीं नीति-निर्माताओं को भी सोचना होगा कि कहां समाज निर्माण में त्रुटि हो रही है कि हम लगातार खुशहाल देशों की सूची में सम्मानजनक स्थान नहीं बना पा रहे हैं। भारत सरकार इस रिपोर्ट को कितनी गंभीरता से लेती है, यह देखने वाली बात है। भारत में खुशहाली को बढ़ावा देने में यहां की जनसंख्या सबसे बड़ी बाधा है। भारत के अल्पसंख्यक समुदायों की कट्टरता एवं संकीर्णता भी खुशहाल समाज निर्माण की बड़ी बाधा है। भारत जैसे विशाल और असमान विकास वाले देश के लिए 126वां स्थान कितना मायने रखता है? भारत में कई तरह का भारत है, एक अमीर व खुशहाल भारत है, तो उसमें एक गरीब भारत भी है। गरीब भारत भी विकास कर रहा है, लेकिन आबादी इतनी ज्यादा है कि अभी देश को समग्रता में खुशहाल देशों में अव्वल स्थान बनाने में वक्त लगेगा। सबसे खुशहाल देश फिनलैंड की आबादी महज 56 लाख है, उसके लिए विकास आसान है। भारत के मुम्बई, दिल्ली, कोलकता शहर में इसमें कहीं ज्यादा लोग रहते हैं। वैसे भी खुशी महसूस करना व्यक्ति के खुद की सोच पर निर्भर करता है। इसलिये प्रश्न है कि हमारी खुशी का पैमाना क्या हो? अधिकतर लोग छोटी-छोटी जरूरतें पूरी होने को ही खुशी मान लेते हैं। इससे उन्हें उस पल तो संतुष्टि मिल जाती है, उनका मन खिल जाता है। लेकिन यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिकती, स्थायी नहीं होती। इच्छा पूरी होने के साथ ही उनकी खुशी भी कमजोर होने लगती है। खुशी एवं प्रसन्नता हम सबकी जरूरत है, लेकिन प्रश्न है कि क्या हमारी यह जरूरत पूरी हो पा रही है, ताजा आकलन से तो यही सिद्ध हो रहा है कि हम खुशी एवं प्रसन्नता के मामले में लगातार पिछड़ रहे हैं। विडम्बनापूर्ण स्थिति तो यह है कि हमारा भारतीय समाज एवं यहां के लोग अपने ज्यादातर पड़ोसी समाजों से कम खुश है। खुशहाली की रिसर्च में खुशहाली को राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध भौतिक सुविधाओं से मापा जाता है। लेकिन खुशियां का दायरा इतना छोटा तो नहीं होता। विकास की सार्थकता इस बात में है कि देश का आम नागरिक खुद को संतुष्ट और आशावान महसूस करे। स्वयं आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ बने, कम-से-कम कानूनी एवं प्रशासनिक औपचारिकताओं का सामना करना पड़े, तभी वह खुशहाल हो सकेगा। डिजिलीकरण, आर्थिक नवाचार जैसी घटनाओं ने आम आदमी को अधिक परेशानी एवं समस्याएं दी है। समस्याओं के घनघोर अंधेरों के बीच उनका चेहरा बुझा-बुझा है। न कुछ उनमें जोश है न होश। अपने ही विचारों में खोए-खोए, निष्क्रिय और खाली-खाली से, निराश और नकारात्मक तथा ऊर्जा विहीन। हाँ सचमुच ऐसे लोग पूरी नींद लेने के बावजूद सुबह उठने पर खुद को थका महसूस करते हैं, कार्य के प्रति उनमें उत्साह नहीं होता। ऊर्जा का स्तर उनमें गिरावट पर होता है। क्यों होता है ऐसा? कभी महसूस किया आपने? यह स्थितियां एक असंतुलित एवं अराजक समाज व्यवस्था की निष्पत्ति है। ऐसे माहौल में व्यक्ति एवं समाज खुशहाल नहीं हो सकता। खुशहाली सूचकांक के लिए अर्थशास्त्रियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की एक टीम व्यापक स्तर पर शोध करती है, यह टीम समाज में सुशासन, प्रति व्यक्ति आय, स्वास्थ्य, जीवित रहने की उम्र, भरोसा, सामाजिक सहयोग, परोपकार, दान भावना, स्वतंत्रता और उदारता आदि को आधार बनाती है।



**खुशहाली सूचकांक के लिए अर्थशास्त्रियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की एक टीम व्यापक स्तर पर शोध करती है, यह टीम समाज में सुशासन, प्रति व्यक्ति आय, स्वास्थ्य, जीवित रहने की उम्र, भरोसा, सामाजिक सहयोग, परोपकार, दान भावना, स्वतंत्रता और उदारता आदि को आधार बनाती है।**

---




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितीया 17:06 तक |
| नक्षत्रः | चित्रा 16:15 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | बुधवार |
| योगः | व्याघात, 22:53 |
| सूर्योदयः | 06:17 |
| सूर्यास्तः | 18:35 |
| चंद्रमाः | तुला राशि में |
| राहुकालः | 12:26-13:58 |
| विक्रमी संवत्ः | 2080 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | चैत्र |
| शुभ मुहूर्तः | नहीं है |

## जन एक्सप्रेस

### आप की सरकार !

*जेल से ही चलने वाली ।*
*आप की सरकार ।।*
*ना हटेंगे पीछे ।*
*हैं बैठे तैयार ।।*
*आ गया संदेश ।*
*पढ़ पढ़ के बताना ।।*
*है हमारी मर्ज़ी ।*
*मारो लाख ताना ।।*
*हुआ जो भी खेल ।*
*तय उसका है फल ।।*
*है पकड़ मजबूत ।*
*निकाल लेंगे हल ।।*
*पर समस्या आई ।*
*है मचा बवाल ।।*
*है उठा तूफान ।*
*लेकर के सवाल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

---

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स बन रहे मौत की वजह



**भारत** में नॉन कम्युनिकेबल डिजीज (एनसीडी) यानी गैर-संचारी रोगों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इसकी मुख्य वजह लाइफस्टाइल है। खान-पान इसका अहम हिस्सा है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में साल 1990 में बीमारियों की वजह से मरने वाले हर 100 में 37 लोगों की मौत एनसीडी की वजह से हुई है। वहीं, साल 2016 में इनकी हिस्सेदारी बढ़कर 61.8 फीसदी हो गई। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में हुई ज्यादातर रिसर्च इस बात की ओर पक्के तौर पर इशारा करती हैं कि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स की वजह से एनसीडी के मामले बढ़े हैं। इनमें मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज के साथ ही कैंसर और मानसिक बीमारियां शामिल हैं। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स आमतौर पर डिब्बाबंद मिलते हैं। ग्राहक के लिए जरूरी है कि वे 'निगेटिव न्यूट्रिएंट' की पहचान कर सकें, ताकि वे स्वास्थ्य के लिए बेहतर प्रोडक्ट को चुन पाएं। चीनी, नमक और फैट निगेटिव न्यूट्रिएंट माने जाते हैं। डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के पैकेट के सामने वाले हिस्से में निगेटिव न्यूट्रिएंट से जुड़ी चेतावनी देना इसका एक विकल्प हो सकता है। सदियों से प्रोसेस्ड फूड्स हमारे खान-पान का हिस्सा रहे हैं। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर के मुताबिक, खेत से मिले एग्रीकल्चर प्रोडक्ट में किसी भी तरह के बदलाव को 'फूड्स प्रोसेसिंग' कहा जाता है। इससे बने नए प्रोडक्ट को प्रोसेस्ड फूड्स की कैटेगरी में रखा जा सकता है। आमतौर पर फूड्स की शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए नमक, चीनी और तेल(फैट) का इस्तेमाल लंबे समय से किया जाता रहा है। ग्लोबल हेल्थ एडवोकेसी इनक्यूबेटर (जीएचएआई) की ओर से चलाए जा रहे फूड्स और न्यूट्रिशन प्रोग्राम के साउथ एशिया रीजन के सीनियर एडवाइजर अभिषेक प्रताप घर में तैयार जूस और पैकेज्ड जूस की तुलना करके बताते हैं कि अगर किसी फूड्स को लंबे समय तक इस्तेमाल करने लायक बनाया जाता है, तो इसका मतलब है कि इसमें प्रिजर्वेटिव्स और दूसरे इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल हुआ है और यह अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स की कैटेगरी में आएगा। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स में नमक, चीनी और फैट के अलावा आर्टिफिशियल कलर, फ्लेवर, प्रिजर्वेटिव, आर्टिफिशियल स्वीटनर, थिकनर, इम्लसिफायर वगैरह डाले जाते हैं। ऐसा इसलिए किया जाता है, ताकि फूड्स को लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सके, उनके टेक्स्चर को बेहतर और स्वाद को लजीज बनाया जा सके। आमतौर पर अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स को बड़े पैमाने पर कारखानों में बनाया जाता है। इसे बनाने में सस्ते इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल होता है। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स को इस तरह से बनाया जाता है कि इन्हें खाने की बार-बार तलब लगे और लोग इन्हें खरीदकर ज्यादा से ज्यादा खाएं। इनमें कुछ पॉपुलर कैटेगरी हैं- कुकीज, डिब्बाबंद जूस, चिप्स, नूडल्स, केचप, चॉकलेट वगैरह। मानवाधिकार जन निगरानी समिति के संयोजक डॉक्टर(पीएचडी) लेनिन रघुवंशी कहते हैं, ÷इतिहास में लोगों ने अचार वगैरह बनाया, क्योंकि इसे बचाकर रखना था।

---

### एक्सप्रेस विशेष

## केजरीवाल अब अपने को करें निर्दोष साबित



आर.के. सिन्हा

**राजधानी के एक एक बड़े भाग में लुटियंस दिल्ली आती है। इसमें केन्द्रीय मंत्री, सांसद, बड़े उद्योगपति वगैरह रहते हैं। इसके रखरखाव पर मोटा बजट खर्च होता है। राजधानी के नई दिल्ली एरिया की देखभाल नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) करती है।**

**केजरीवाल ने सोचा कि किस तरह से इनके पास लोग नारकीय स्थिति में रहते होंगे? इनसे हर वक्त भयंकर दुर्गंध आती रहती है। अब तो दिल्ली विधानसभा और नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकारें हैं। पर यह कूड़े के किले पहले की तरह से खड़े हैं या यह कहिये कि प्रतिदिन बड़े होते जा रहे हैं। यह कहना होगा कि दिल्ली नगर निगम ने कूड़े के निस्तारण और इसकी री-साइक्लिंग पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए।**

**अरविंद** केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली की शराब नीति के जिन आरोपों के आधार पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया है, उन्हें साबित होना भर ही बाकी है। हां, पर इतना तो कहना ही होगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में अरविंद केजरीवाल अपने को बार-बार अराजक मुख्यमंत्री के रूप में साबित करने में सफल रहे। वे लगातार केन्द्र सरकार और सरकारी अफसरों से लड़ने-झगड़ने के मूड में ही रहे। उन्होंने एक तरह से मान लिया कि देशभर में वह ही अकेले ईमानदार है। बाकी दुनिया भ्रष्ट है। उनसे उम्मीद थी कि वह देश में साफ-सुथरी और वैकल्पिक राजनीति का रास्ता साफ करेंगे। पर उन्होंने अपने खोखले दावों-वादों और कारनामों से देश को निराश ही किया। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल से पहले भी सरकारें और मुख्यमंत्री रहे,पर कभी कोई ऐसा मसला नहीं आया। दिल्ली की चुनी हुई सरकारों और केन्द्र सरकारों के बीच मजे-मजे में विकास के सब काम होते रहे। पर सन 2015 में दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनते ही हंगामा शुरू हो गया और होने लगा रोज का क्लेश, तकरार और आरोप-प्रत्यारोप का दौर। दिल्ली में 1951-52 में पहली बार विधानसभा के चुनाव हुए। दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री कांग्रेस के चौधरी ब्रह्म प्रकाश बने। चौधरी साहब 1952 से 1955 तक मुख्यमंत्री रहे। उन्हें कांग्रेस ने हटाया और यहां का दूसरा मुख्यमंत्री बनाया सरदार गुरुमुख निहाल सिंह मुसाफिर को। गुस्ताखी माफ, कम ही दिल्लीवालों को पता है कि दिल्ली के दूसरे मुख्यमंत्री एक सिख सज्जन थे। वे पहली दिल्ली विधानसभा के स्पीकर थे। वे 13 फरवरी, 1955 से 31 अक्टूबर, 1956 तक दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे। उसके बाद विधानसभा का अस्तित्व समाप्त कर दिया गया। मुसाफिर जी ने मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए दिल्ली में शराब की दुकानें खोलने नहीं दीं। अजीब इत्तेफाक है कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली में शराब की दुकानें खोलने में सदैव अति उत्साह दिखाते रहे। उन्हें दिल्ली की शराब नीति में कथित घोटाले के कारण ही गिरफ्तार किया गया है। मुसाफिर जी के पुत्र एस. निहाल सिंह प्रख्यात पत्रकार थे। वे इंडियन एक्सप्रेस अखबार के संपादक भी रहे। बहरहाल, 1966 में दिल्ली को एक महानगर परिषद मिली। यह विधानसभा के समकक्ष थी। महानगर परिषद का मुखिया कार्यकारी पार्षद होता था। इस पद पर विजय कुमार मल्होत्रा और जगप्रवेश चंद्र जैसे नेता भी रहे। दिल्ली को 1991 में फिर से संविधान में संशोधन करके राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र घोषित किया गया। नए परिसीमन के तहत विधानसभा का 1993 में चुनाव हुआ। उसके बाद मदनलाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा, सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित जैसे दिग्गज नेता दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे। इस दौरान केन्द्र में कभी कांग्रेस के नेतृत्व वाली और कभी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारें काम करती रहीं। पर दिल्ली में विकास का पहिया कभी थमा नहीं। जब मदन लाल खुराना मंख्यमंत्री बने तब देश के प्रधानमंत्री पी.वी.नरसिंह राव थे। कहीं कोई दिक्कत नहीं आई । जब शीला दीक्षित मुख्यमंत्री थीं, तब प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी थे। तब भी दिल्ली का भरपूर विकास हो रहा था। कहीं कोई विवाद ही नहीं था। सारे विवाद आपसी बातचीत से हल हो रहे थे। अटल जी और शीला दीक्षित ने दिल्ली में मेट्रो रेल का विस्तार और बिजली की समस्या का स्थायी समाधान किया। यह बात अलग है कि अरविंद केजरीवाल हमेशा कहते रहे कि दिल्ली में बिजली की 24 घंटे सप्लाई उनकी वजह से मुमकिन हुई। हालांकि, उन्होंने कभी यह नहीं बताया कि दिल्ली में पेयजल संकट का वह हल क्यों नहीं कर सके। क्यों यमुना मैली ही होती रही? कैसे दिल्ली बन गई दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी? अरविंद केजरीवाल ने इन सवालों के जवाब देने की कभी जरूरत महसूस नहीं की। अरविंद केजरीवाल को यही लगता रहा कि अखबारों में बड़े-बड़े खर्चीले विज्ञापन देकर वे अपने को महान साबित करते रहेंगे। आप जब दिल्ली में जी.टी.रोड से आगे बढ़ते हैं, तो आपको दूर से ही भलस्वा में काला पहाड़ नजर आने लगता है। वह दिन में भी डराता है। अगर उसे पहली बार देखेंगे तो लगेगा कि मानो कोई प्राचीन किला हो। पर यह कूड़े का ढेर है। इस तरह के कूड़े के पहाड़ राजधानी में गाजीपुर तथा ओखला में भी है। भलस्वा, ओखला और गाजीपुर के इन पहाड़ों में कुछ औरत-मर्द कुछ बीनते हुए नजर आ जाते हैं। जिस राजधानी दिल्ली में हरी-भरी लुटियंस दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली छावनी और दर्जनों अन्य शानदार एरिया हैं, वहां लगभग सौ एकड़ एरिया में फैले कूड़े के किले शर्मसार करते हैं।

# होली का रंग खेल घर जा रहे युवक की गोली मारकर हत्या

- परिजनों का रो रो बुरा हाल, परिवार में इकलौता पुत्र था मृतक उज्ज्वल
- होली के त्यौहार पर छीन गई परिवार की खुशियां

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर-खीरी।** होली पर रंग खेलकर घर जा रहे मोहल्ला रामनगर निवासी उज्ज्वल बाजपेई पुत्र प्रेम बाजपेई की सोमवार की शाम गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह रंग खेलकर अपने घर जा रहा था। परिवार वालों ने गांव सुजाई कुंडा निवासी एक युवक पर मामूली कहासुनी होने पर गोली मारकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताते चलें मोहल्ला रामनगर निवासी प्रेम बाजपेई करीब 15 वर्षों से ग्राम प्रधान हैं। साथ ही ट्रांसपोर्टर हैं। उनका पुत्र 24 वर्षीय उज्ज्वल बाजपेई सोमवार की दोपहर बाद रंग खेल कर अपने घर पर जा रहा था। एलआरपी पुलिस चौकी क्षेत्र में नहर पटरी के पास उसकी किसी युवक से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बताते हैं कि विवाद इतना बढ़ गया कि युवक ने फेट में लगा तमंचा निकाल लिया और उज्ज्वल को गोली मार दी। गोली लगने से उज्ज्वल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद शहर में सनसनी फैल गई। तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पाकर परिजनों के साथ ही एएसपी पूर्वी पवन गौतम, सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी और प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायल उज्ज्वल को जिला अस्पताल भेजा, जहां उसकी मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। उज्ज्वल अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी मौत से परिवार में चीख पुकार मची है। मृतक के पिता प्रेम बाजपेई ने गांव सुजई कुंडा निवासी अभिषेक शुक्ला पर गोली मारने का आरोप लगाया है। इस होली को जीवन भर नहीं भूल पाएगा बाजपेई परिवार जहां रंग बिरंगी होली ने सदा के लिए बाजपेई परिवार से छीन लिए रंग कितना बड़ा अपराध कर दिया था उज्जवल बाजपेई ने की एक मामूली कहासुनी की कीमत उसे जान देकर चुकानी होगी एएसपी पूर्वी पवन गौतम ने बताया आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## किसानों पर किया तेंदुए ने हमला, तीन किसान घायल

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



धौरहरा वन रेंज क्षेत्र के गांव कांदन पुरवा मजरा नौव्वापुर सानी में खेतों में काम कर रहे किसानों पर तेंदुए ने हमला कर दिया। हमले में तीन किसान जख्मी हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी रमियाबेहड़ भेजा गया। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।और ग्रामीणों ने गेहूं की फसल लगी खेत में छिपे तेंदुए की घेरा बंदी कर दिया। सूचना के बाद पुलिस और वन कर्मी मौके पर पहुंच गए। इस बीच ग्रामीणों और वन कर्मियों में कई बार नोक झोंक भी हुई।कांदन पुरवा निवासी भगौती, सुरेश और रमेश गांव के बाहर खेत में गन्ने की बुवाई कर रहे थे। इसी दौरान गेंहूँ के खेत में छुपे तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर तेंदुआ गेंहू के खेत में छुप गया।गांव के पास तेंदुआ होने की खबर आग की तरह फैल गई। और कुछ ही देर में घटना स्थल पर सैकड़ो की तादाद में ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। एम्बुलेंस बुलाई गई और घायलों को उपचार हेतु सीएचसी भेजा गया। सूचना के बाद ढखेरवा चौकी इंचार्ज गौरव सिंह, धौरहरा रेंज से वन रक्षक राजेश दीक्षित, वन दरोगा महेंद्र सिंह आदि घटना स्थल पर पहुंचे। ग्रामीण खेत में छुपे तेंदुए को मारने खेत में घुसने पर आमादा हो गए लेकिन वन कर्मियों ने किसी तरह लोगों को समझाकर शांत कराया। इस बीच ग्रामीणों और वनकर्मियों में कई बार जमकर नोक झोक भी हुई। ग्रामीणों की मांग थी तेंदुए को खेत से पकड़ा जाए।ताकि तेंदुए के आतंक से ग्रामीणों को हमेशा के लिए निजात मिल जाए। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए वन कर्मियों ने आनन-फानन रेंज कार्यालय से देर शाम लोकेशन ट्रेस के लिए चार जोड़ी कैमरे और पकड़ने के लिए जाल व पिंजरा लगा दिया। फिलहाल वन कर्मी अपने मकसद में कामयाब होंगे या फिर तेंदुआ उन्हें चकमा देकर निकल जाएगा ग्रामीणों के बीच या एक चर्चा का विषय बना हुआ है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### चोरी की बाइक के साथ 3 शातिर पुलिस के हत्थे चढ़े

**जन एक्सप्रेस/महमूदाबाद/सीतापुर।** थानगांव पुलिस ने चोरी की तीन घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों के पास से चोरी में प्रयोग होने वाले पांच अवैध तमंचे, कारतूस, रिंच, प्लास, दीवार काटने वाली कटर व बाइक बरामद हुई है। पकड़े गए तीनों लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। सीओ दिनेश शुक्ल ने बताया कि रामपुर मथुरा में हुई एक तथा थानगांव में हुई दो चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस टीमें लगातार प्रयासरत थीं। मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष थानगांव हनुमंत लाल तिवारी, एसआई जितेंद्र सिंह, उमराव सिंह, यशवीर, एचसीपी शैलेश पांडेय, आरक्षी कौशल कुमार, हेमंत, निखिल, पंकज आदि की टीम ने रविवार की सुबह चकदहा चौराहे पर वाहन चेकिंग शुरू की। सामने से बाइक से आ रहे तीन युवक पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर भागने लगे जिन्हें पुलिस टीम द्वारा दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर युवकों के पास से पांच अवैध तमंचा व कारतूस, एक रिंच, प्लास, लोहा काटने का कटर बरामद हुई। पूंछतांछ में युवकों ने अपने नाम प्रमोद पुत्र सुखराम, विनोद पुत्र सत्रोहन, शिवनाथ पुत्र मत्ते सर्व निवासी बसंतापुर कंडी रामपुर मथुरा बताया। कड़ाई से पूंछतांछ करने पर थानगांव में दो तथा रामपुर मथुरा में एक चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। सीओ दिनेश शुक्ल ने बताया कि पकड़े गए युवक शातिर किस्म के अभ्यस्त अपराधी हैं तथा गिरोह बनाकर विभिन्न क्षेत्रों में चोरी करने के साथ अवैध असलहों की बिक्री का व्यापार भी करते हैं।




### होली के त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के बाद पुलिस लाईन खीरी में पुलिसकर्मियों द्वारा मनाया गया होली पर्व

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** सम्पूर्ण जनपद खीरी में होली त्यौहार को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के बाद मंगलवार को पुलिस लाईन खीरी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिलाधिकारी खीरी, महेन्द्र बहादुर सिंह व पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा अपने परिवार के साथ होली मिलन समारोह में पुलिसकर्मियों व उनके परिवारजन के बीच पुलिस लाईन खीरी में मौजूद रहें। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिसकर्मियों के साथ अबीर गुलाल लगाकर होली त्यौहार को मनाया गया। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को होली के त्यौहार को सकुशल व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए हार्दिक बधाई भी दी गई।



### चीनी मिल पेराई सत्र 2023-24 के लिए अंतिम रूप से कर दी जाएगी बंद

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** पलिया बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड पलिया द्वारा द्वितीय मिल बंदी सूचना दिनांक 28 मार्च 2024 को संबंधित समितियों को भेज दी है।इस संबंध में यूनिट हेड ओ पी चौहान ने बताया कि हमारे क्षेत्र के कृषकों के पास चीनी मिल को आपूर्ति योग्य गन्ना प्राय- समाप्त हो गया है ,जिस कारण हमारी चीनी मिल को मांग के अनुसार गन्ना उपलब्ध नहीं हो पा रहा है ,इससे मिल का पेराई कार्य बाधित हो रहा है।अतः क्षेत्र के समस्त किसान भाइयों से अनुरोध है कि दिनांक 28 मार्च2024 तक चीनी मिल को अपना आपूर्ति योग्य गन्ना अनिवार्य रूप से आपूर्ति कर देवें ।इसके पश्चात चीनी मिल पेराई सत्र 2023-24 के लिए अंतिम रूप से बंद कर दी जाएगी।

### पेड़ से टकराई बाइक, एक की मौत

**जन एक्सप्रेस/गोला गोकरननाथ खीरी।** सोमवार को गोला बांकेगंज मार्ग पर गोला से बांकेगंज वापस जा रहे एक युवक की बाइक पेड़ से टकरा गई। इस भीषण टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पहुंचाया गया जहां उसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।जानकारी के अनुसार सोमवार को दोपहर दो बजे के आसपास ग्राम रायपुर निवासी टिंकल पुत्र राजकुमार गोला से होली खेलकर वापस अपने ग्राम रायपुर जा रहा था। बताते हैं सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक को बचाने के चक्कर में ट्विंकल ने अपनी मोटरसाइकिल साइड में की जो कि डिस बैलेंस होकर पेड़ से टकरा गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में भर्ती कराया । जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई । बताते हैं ट्विंकल की पिछले वर्ष ही शादी हुई थी उसकी पत्नी 5 माह की गर्भवती है और टिंकल अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था।घटना की खबर सुनकर पूरे घर में कोहराम मच गया।

### कूड़ा डालने के विवाद में हुई मारपीट में एक की मौत

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** टड़ियावां थाना क्षेत्र के साखिन गोपाल गांव में सोमवार शाम कूड़ा डालने के विवाद में मारपीट हो गई। मारपीट में घायल अधेड़ की उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। साखिन गोपाल निवासी कुंदन (50) खेती और मजदूरी करता था। सोमवार शाम पड़ोस में ही रहने वाले लोगों से उसका कूड़ा डालने को लेकर विवाद हो गया था। इसी को लेकर मारपीट हो गई। पड़ोसियों ने लाठी डंडों से कुंदन को पीट दिया। गंभीर रूप से घायल कुंदन को सीएचसी टड़ियावां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मंगलवार को कुंदन की मौत हो गई। कुंदन के परिवार में पत्नी, तीन पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। शहर कोतवाल संजय पांडेय ने बताया कि अस्पताल प्रशासन की सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उधर दूसरी ओर सीओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि घटना संज्ञान में आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पेट में अंदरुनी चोटों के कारण हुई बाघिन की मौत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मिली जानकारी

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



जिले में दक्षिण खीरी वन प्रभाग के मोहम्मदी रेंज के देवीपुर बीट में एक बाघिन मृत पाई गई।प्रभागीय वन अधिकारी संजय बिस्वाल ने बताया कि सोमवार को मृत पाई गई बाघिन की मौत का कारण पता नहीं चल सका है।उन्होंने कहा कि बाघिन के जबड़े, नाखून सहित उसके सभी महत्वपूर्ण अंग सही सलामत पाए गए।बिस्वाल ने बताया कि मौत के कारण का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के दिशानिर्देशों के अनुसार शव को पोस्टमार्टम कराया गया। डीएफओ संजय विश्वाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बाघिन की मौत पेट में अंदरूनी चोट से होना दर्शाया गया है। बाघिन की उम्र करीब 10 वर्ष है। रेंजर नरेश पाल सिंह ने बताया कि डीएफओ के निर्देश पर बाघिन के शव को रेंज कोठी परिसर में दफना दिया है। माना जा रहा है कि बाघिन के पेट में चोट किसी वन्य जीव से हुए संघर्ष में लगी होगी और यही चोट उनकी मौत की वजह बनी होगी।

मोहम्मदी रेंज में कई बाघों की हो चुकी है मौत मोहम्मदी रेंज क्षेत्र में 18 अक्टूबर 2013 की रात देवीपुर जंगल में बाघ और तेंदुआ के बीच हुए संघर्ष में तेंदुआ की मौत।23 फरवरी 2017 की रात महेशपुर जंगल में बाघ और बाघिन के बीच हुए संघर्ष में मादा शावक की मौत।17 मार्च 2019 की रात देवीपुर जंगल में शिवपुरी गांव के पास बाघ की शिकारी के फंदे में फंसकर मौत। 28 फरवरी 2021 की रात बाघ की डोकरपुर गांव के समीप खेत में करंट प्रवाहित तार में चिपक कर मौत।24 मार्च 2024 की रात पर परबस्त नगर गांव के पास बाघिन की मौत।

## सेमरा जानीपुर में धूम धाम से मना होली का रंगोत्सव



जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

तहसील मोहम्मदी क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमरा जानीपुर में होली के पावन पर्व पर इस वर्ष भी रंगोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम वासियों द्वारा एक दूसरे को रंग लगाते हुए धूमधाम से होली मनाई गई। इस दौरान ग्राम पंचायत सेमरा जानीपुर के प्रधान अरविन्द सिहं ने बताया कि होली का त्योहार सकुशल से सही तरीके से संपन्न हुआ है, जिसमें बच्चों और माता बहनों ने रंग शांतिपूर्ण तरीके से रंग खेला तथा होली का त्यौहार मनाया। रंगोत्सव के मौके पर ग्राम वासियों ने अरविंद सिंह के घर पर जाकर एक दूसरे को रंग लगाते हुए होली का त्यौहार मनाया तथा होली की बधाई व शुभकामनाएं दीं। इसी अवसर पर ग्राम पंचायत सेमरा जानीपुर के अरविन्द सिहं, रामू सिहं, राघवेन्द्र सिंह, आजद सिहं, दिपक सिहं, गोवर्धन सिंह, जिलेदार सिहं, जयराम कश्यप, करन कश्यप, राम लखन सिहं पत्रकार, सबोद सिंह, बालमुकुंद सिंह, प्रभकर सिहं, कल्लू कश्यप, अजय सिंह, नारायण सिहं, दिनेश सिहं सहित गांव के बहुत से लोग मौजूद रहे।

## कारोबारी की कार से 6.25 लाख बरामद

### पत्नी के साथ जा रहा था दिल्ली, पुलिस बोली, नियमानुसार होगी कार्रवाई



जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई जिले के बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र में हैबतपुर गांव के पास वाहनों की जांच के दौरान एक कारोबारी की कार से पुलिस को पौने छह लाख रुपये मिले हैं। कारोबारी फौरी तौर पर पुलिस को रुपयों के संबंध में कोई अभिलेख नहीं दिखा पाए। ऐसे में रुपये चुनाव सेल के जरिए कोषागार में जमा कराने का निर्णय लिया गया है। बिलग्राम कोतवाल नारायण कुशवाहा मंगलवार दोपहर हैबतपुर के पास वाहनों की जांच का अभियान चला रहे थे। इसी दौरान एक कार की तलाशी ली गई, तो इसमें पौने छह लाख रुपये मिले। पूछताछ के दौरान कार सवार ने बताया कि वह पिहानी कोतवाली क्षेत्र के चठिया बुजुर्ग गांव का रहने वाला है और दिल्ली में कारोबार करता है। अपना नाम आशीष मिश्रा बताया। कहा कि होली में पत्नी स्नेहा मिश्रा के साथ गांव आया था और वापस दिल्ली जा रहा है। उसने पुलिस को बताया कि आईटी संबंधी कारोबार के साथ ही सीसीटीवी लगाने, इंटीरियर का कारोबार भी करता है। रुपये भी उसने कारोबार संबंधी ही बताए हैं।

**नियमानुसार होगी विधिक कार्रवाई**

हालांकि, जब पुलिस ने रुपये के स्रोत के बारे में पूछा, तो आशीष कोई अभिलेख नहीं दिखा सके। कोतवाल नारायण कुशवाहा ने बताया कि बरामद रकम को चुनाव सेल के जरिए कोषागार में जमा कराया जाएगा। अगर आशीष बाद में कोई साक्ष्य और अभिलेख दे पाएंगे तो नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## डीजे पर नाच को लेकर हुआ विवाद, फिर चारपाई पर पड़ा मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस । हरदोई



हरदोई जिले में कछौना कोतवाली क्षेत्र के खजोहना गांव में डीजे पर नाच को लेकर विवाद हो गया। इसके कुछ देर बाद संदिग्ध हालात में एक युवक का शव चारपाई पर पड़ा मिला। मृतक के परिजनों ने पहले तो विवाद करने वालों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया, लेकिन बाद में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करने की बात कही। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। खजोहना निवासी प्रमोद अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहकर प्राइवेट फैक्टरी में काम करता है। गांव में उसने मकान बनवाना शुरू किया था। देखरेख के लिए 15 दिन पहले अपने बड़े पुत्र सचिन (18) को गांव भेज दिया था। होली से कुछ दिन पहले छोटे बेटे अजय (16) को भी गांव भेज दिया था। रविवार की रात गांव में डीजे पर नाच हो रहा था। गांव के ही युवक नाच रहे थे। इसी दौरान अजय का गांव निवासी एक शख्स के साथ विवाद हो गया। विवाद की जानकारी पर यूपी 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया। इसके बाद अजय घर चला गया।

**घर के सामने चारपाई पर पड़ा मिला शव**

विवाद करने वाले शख्स के घर के बाहर फिर से रात में ही डीजे पर सचिन व गांव के चार पांच युवक सुबह तीन बजे तक नाचते रहे। इसके बाद सोमवार सुबह सचिन का शव आरोपी के घर के सामने चारपाई पर पड़ा मिला। शव मिलने से खलबली मच गई।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर होगी अग्रिम कार्रवाई**

मृतक के परिजनों ने विवाद करने वाले पर ही हत्या करने का आरोप लगाया, लेकिन बाद में पोस्टमार्टम कराने की तहरीर देते हुए रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई किए जाने की बात कही। कोतवाल राकेश यादव ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई कार...कारोबारी की मौत, ससुराल में होली खेलने के बाद लौट रहा था वापस



जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई जिले में बेहटा गोकुल कोतवाली क्षेत्र में ससुराल में पत्नी और बेटी के साथ होली खेलने के बाद शटरिंग कारोबारी वापस घर लौट रहा था। इसमें कार हरदोई-शाहजहांपुर मार्ग पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कारोबारी की मौत हो गई, जिसकी जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। बेहटागोकुल थाना क्षेत्र के बलेहरा निवासी जितेंद्र उर्फ लालू (30) शटरिंग का कारोबार करते थे। उनकी ससुराल टड़ियावां में है। पिछले कुछ दिनों से उनकी पत्नी वर्षा और बेटी ससुराल में ही थी। सोमवार को होली के मौके पर जितेंद्र पत्नी और बेटी के साथ होली खेलने के बाद दोपहर बाद वापस अपने गांव जा रहे थे। देहात कोतवाली क्षेत्र में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। कार चला रहे जितेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। शहर कोतवाल संजय पांडेय ने बताया कि अस्पताल प्रशासन की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## मोपेड और बाइक की जोरदार टक्कर मौसा-भतीजे की मौत, दो गंभीर घायल

जन एक्सप्रेस । हरदोई




हरदोई जिले में पाली-पचदेवरा मार्ग पर सोमवार को दरियाबाद गांव के पास मोपेड (विक्की) और बाइक की टक्कर हो गई। घटना में मोपेड सवार मौसा-भतीजे की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दो लोगों को उपचार के लिए फर्रुखाबाद में भर्ती कराया गया है। शाहजहांपुर जनपद के जलालाबाद निवासी मुखलाल (28) अपने साढ़ू के बेटे सिकंदरपुर निवासी शोभित (17) के साथ सोमवार को मोपेड से भरखनी में रहने वाले अपने मामा के घर जा रहा था। पचदेवरा थाना क्षेत्र में दरियाबाद गांव में ईंट भट्ठे के पास बाइक ने मोपेड में टक्कर मार दी। घटना में मोपेड सवार मुखलाल और शोभित के साथ बाइक पर सवार शाहजहांपुर जनपद के अल्हागंज थाना क्षेत्र के चंपतपुर निवासी शिवांशू (23) और सुरजीत (21) भी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से चारों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सवायजपुर भेजा गया।

**शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे**

यहां पहुंचे शिवांशू और सुरजीत के परिजन दोनों को फर्रुखाबाद के एक प्राइवेट अस्पताल ले गए, जबकि मुखलाल और शोभित की हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में मुखलाल और शोभित की कुछ ही देर के अंतराल पर मौत हो गई। पचदेवरा के प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र पांडेय ने बताया कि घटना संज्ञान में है। शहर कोतवाल संजय पांडेय ने बताया कि अस्पताल प्रशासन की सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं।

## साड़ी के फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**पिहानी (हरदोई)।** पिहानी कोतवाली क्षेत्र के कोटरा गांव में महिला का शव संदिग्ध हालात में साड़ी के फंदे से लटका मिला। महिला के तीन बच्चे हैं। कोटरा निवासी धर्म कुमार उर्फ बोदिल खेती करते हैं। शनिवार को वह खेत गए थे। शाम को वापस घर पहुंचा तो उसकी पत्नी पिंकी (35) का शव कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी धरम ने पत्नी के मायके लखीमपुर खीरी में रहने वाले पिता सियाराम को दी। उन्होंने घटना को लेकर कोई आरोप नहीं लगाए। पुलिस को घटना के बारे में पता चला तो पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। कोतवाल डीडी सिद्धार्थ ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना को लेकर परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाए हैं।

## होली का त्यौहार आपसी प्रेम व सद्भाव का प्रतीक

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

होली का त्यौहार आपसी प्रेम व सद्भाव का प्रतीक है। मिलजुल कर रहना व एक-दूसरे की मदद करना मानवता की पहचान है। तमाम प्रकार के विकास के बावजूद बहुत बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो अभावों में रहते हैं। समाज के वंचित लोगों में खुशियाँ बांटना व उनकी मदद करना पुण्य का काम है। नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के लैलकलां वार्ड में लोगों को संबोधित करते हुए बाकी सब ठीक है सेवा ट्रस्ट के प्रबंधक वागीश दिनकर वाजपेयी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची नारायण सेवा है। सभी लोगों को अपनी क्षमता के अनुरूप कमजोर वर्ग के लोगों की मदद करनी चाहिए। बाकी सब ठीक है सेवा ट्रस्ट प्रतिवर्ष होली व दीपावली के अवसर पर लोगों में खुशियां बांटने का कार्य करता है। गरीब बेटियों की शादी और निर्धन परिवारों के बच्चों की शिक्षा में भी मदद करता है। होली के अवसर पर ट्रस्ट की ओर से तीस परिवारों को चिप्स, कचरी, रिफाइंड ऑयल व मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री ज्ञानेश मिश्र, ट्रस्ट के उप प्रबंधक उमेश वर्मा, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, उपाध्यक्ष कृतार्थ मिश्र व शिवम गुप्त, राम सुंदर वर्मा, राम नरेश, अरु आदि।

## रामेश्वर धाम मंदिर के पुजारी की गला रेतकर हुई हत्या

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

रामकोट थाना क्षेत्र रामकोट कस्बे मे स्थित रामेश्वर धाम गंगासागर मंदिर पर पुजारी की निर्मम तरीके से हत्या की गई है। पुजारी का शव खून से लथपथ अवस्था मे मंदिर के अंदर पाया गया। जहां हर जगह हर्षोल्लास के साथ होली का त्यौहार मनाया जा रहा था, वही पुजारी के परिवार में मातम छा गया ,उनका रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था ,संकुल उर्फ हिमांशु मिश्रा उम्र 38 वर्ष पुत्र मुलई मिश्रा निवासी कस्बा रामकोट, ग्रामीणों ने बताया कि एक हफ्ते से मंदिर पर दिखाई नहीं दिया। पुजारी की माता राधा रानी ने बताया 84 कोसीय परिक्रमा करने के लिए गए थे वहां से बीती देर लगभग 10:00 बजे देर शाम वापस आए थे,सुबह जब पूजा करने के लिए श्रद्धालु मंदिर पहुंचे तब देखा पुजारी का शव छत बिक्षत खून से लथपथ अवस्था में पड़ा हुआ है ,गर्दन और चेहरे पर किसी धारदार हथियार के निशान पाए गए। मंदिर के अंदर पूजा का सामान भी बिखरा हुआ पड़ा पाया गया । सूचना पाकर मौके पर रामकोट थाना प्रभारी बलवंत सिंह शाही ने पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू की। भयावह घटना की जानकारी मिलते ही एसपी चक्रेश मिश्रा,एडिशनल एसपी प्रकाश कुमार, सिओ सिटी अमन सिंह, फॉरेंसिक टीम, क्राइम ब्रांच की टीम एस आई कृष्णकांत ,सिपाही सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की । पुजारी के बारे अन्य ग्रामीणों से भी पूछताछ की । शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। चंद कदमों की दूरी पर हुई घटना से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। पुजारी के माता-पिता ने बताया कि किसी से कोई रंजिश नहीं है। 5 वर्षो से मंदिर पर पूजा कर रहे हैं,मेरे बेटे की हत्या की गई है। किसी के खिलाफ लिखित तहरीर नहीं दी।

# होली में दबंगों ने जमकर मचाया उत्पात, जिम्मेदार मौन

- तीन महिलाओं सहित आधे दर्जन लोग हुए लहुलुहान
- घर में घुस तोड़े बाइक और टीवी,लूटे महिलाओं के गहने

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**



महर्षि देवरहा बाबा की तपोभूमि, मां देवरही की कृपा छाया से आच्छादित जनपद देवरिया में आपसी कटुता भुलाकर, सामाजिक समरसता बनाए रखने की मिसाल के रूप में मनाए जाने वाले होली पर्व पर जहां जमकर उत्तपात मचाया तो वहीं जिला प्रशासन पिडितों की तहरीर पर कार्रवाई तक नहीं किया, जबकि देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रदेश के सभी जिलों के जिम्मेदारों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया था कि होली पर हुड़दंग मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। मामला सीएम योगी के गृह मंडल के पड़ोसी जनपद देवरिया शहर के विभिन्न मुहल्लों में मनबढों ने जहां नगर के राम गुलाम टोला में घर में घुसकर महिला के साथ अभद्रता करने के साथ ही घर में लगी टीबी को तोड़ दिया तो वहीं बाइक को ईंट मारकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और घर की महिलाओं गहने भी लूट लिया।

उत्पातियों ने नगर के ही सीसी रोड स्थित राघव नगर मुहल्ले में एक ही परिवार के तीन महिलाओं सहित घर के आधे दर्जन सदस्यों को मारपीट कर लहुलुहान कर दिया और महिलाओं के मंगलसूत्र,कान की बाली,सोने की जिऊतिया छिनते हुए जान-माल की धमकी दी है, खबर लिखे जाने तक पिडित परिवार द्वारा सदर कोतवाली में तहरीर देने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से पिडित आहत नजर आए।

वहीं मामले के संबंध जानकारी लेने हेतु सदर कोतवाली प्रभारी को दर्जनों बार सीयूजी मोबाइल नंबर लगातार व्यस्त बताने से संपर्क करने का प्रयास विफल रहा।



# जिम्मेदारों की बेपरवाही से त्योहार हुआ बदरंग

**जन एक्सप्रेस | गोरखपुर**

सीएम योगी के गृह मंडल गोरखपुर के देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज होली पर्व के मद्देनजर जमकर चला पुलिसिया डंडा, अवैध शराब कारोबारियों में मचा हड़कंप तो वहीं लाइसेंसी दुकानदारों ने ठेले खोमचे पर खूब बिकवाया देशी सहित अंग्रेजी शराब, जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को ही पेट्रोल पंप, शराब दुकान आदि के बंदी के फरमान ने हिंदू धर्म के भाईचारे की मिसाल रहा होली के त्योहार को मजाक बना दिया।

बताते चलें कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों के जिम्मेदारों को होली पर्व हिन्दू पंचांग की तिथि अनुसार 26 मार्च को मनाने का निर्देश जारी किया गया था जिसके सापेक्ष प्रदेश में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए थे परंतु शराब और मांसाहार प्रेमियों ने होली के त्योहार का जमकर मजाक उड़ाया और त्योहार को दो दिनों में विभाजित कर पर्व की आस्था पर चोट पहुंचाई गई है। होली पर्व को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह मंडल में ही दो दिन मनाए जाने के संबंध में पूछे जाने पर वरिष्ठ भाजपा नेता ने हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस संवाददाता से नाम नहीं छापने की शर्त पर बातचीत के क्रम में जिला प्रशासन पर होली को बदरंग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार द्वारा जारी शासनादेश के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार की जगह सोमवार के दिन ही शराब, पेट्रोल पंप, सहित तमाम प्रतिष्ठानों को बंद कराने का फरमान जारी कर त्योहार का मज़ाक़ उड़ाया है।

भाजपा नेता ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सर्वाधिक लाभ उठाने वाले लोगों ने ही जिला प्रशासन की निष्क्रियता से प्रदेश सरकार के आदेश का मखौल उड़ाया और जिला प्रशासन लक्जरी गाड़ियों में सवार भ्रमण कर होली जैसे आपसी भाईचारे की मिसाल रहे त्योहार की इतिश्री देखते रहा, जिसे खुले शब्दों में कहा जाए तो जिला प्रशासन की बेपरवाही ने पर्व को मजाक बना दिया।

# डेढ़ महीने में बीडा के लिए ली गई 250 हेक्टेअर जमीन

**जन एक्सप्रेस | झांसी**

बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के लिए पिछले डेढ़ महीने में 250 हेक्टेअर जमीन ली जा चुकी है। इसके लिए फिलहाल नौ गांवों की जमीनों के बैनामे जारी हैं। जबकि, अभी 24 अन्य गांवों में बैनामों की शुरुआत होना बाकी है।

नोएडा (न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण) की तर्ज पर में झांसी में बीडा विकसित किया जा रहा है।

इसके लिए यहां झांसी सदर तहसील के 33 गांवों की 14,225 हेक्टेअर जमीन चिह्नित की गई है। आठ फरवरी को चिह्नित जमीनों के बैनामों की प्रक्रिया शुरू हुई थी। शुरुआत ग्राम सारमऊ से हुई थी, जबकि अब अंबावाय, ढिकौली, किल्चवारा खुर्द, रमपुरा, गुढ़ा, राजापुर, गेवरा व ग्राम बैदोरा की जमीनों के बैनामे भी किए जाने लगे हैं। अब तक 370 बैनामे किए जा चुके हैं, जिनके जरिये 250 हेक्टेअर जमीन बीडा के नाम दर्ज की जा चुकी है।

सब रजिस्ट्रार सुभाष चंद्र ने बताया कि अब तक हुए बैनामों से निबंधन विभाग को 34 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल हुआ है। बैनामे तेजी से जारी हैं। जल्द अन्य चिह्नित गांवों की जमीनों के भी बैनामे शुरू कर दिए जाएंगे।

बीडा के लिए एक ओर जहां ग्रामीणों से उनकी जमीनों के बैनामे कराए जा रहे हैं, वहीं गांवों की सरकारी जमीनों को भी तेजी से बीडा के नाम दर्ज किया जा रहा है।

# झांसी में डेढ़ सौ सालों तक परवा को नहीं खेली गई होली

**जन एक्सप्रेस | झांसी**

झांसी में लगभग डेढ़ सौ सालों तक परवा के दिन होली नहीं खेली गई। इसके पीछे इतिहासकारों के अपने-अपने तीन अलग-अलग मत हैं। किसी का कहना है कि परवा के दिन झांसी के राजा गंगाधर राव की मृत्यु हुई थी, जिससे होली नहीं खेली जाती है।

जबकि, किसी का मत है कि अंग्रेजों ने रानी के दत्तक पुत्र को होली की परवा पर उनका उत्तराधिकारी मानने से इन्कार कर दिया था। इसके अलावा यह भी माना जाता है कि परवा पर रानी के तीन माह के पुत्र की मौत हो गई थी, जिससे यहां होली नहीं खेली गई थी।

अब से 20-22 साल पहले पहले तक झांसी में परवा के दिन होली का रंग फीका नजर आता था। लोग इस दिन होली खेलने से परहेज करते थे।

- 25 मार्च 1853 को होली की परवा के दिन झांसी के राजा गंगाधर राव की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी, जिसके चलते झांसी राज्य शोकमग्न हो गया था और यहां होली नहीं खेली गई थी। बाद में यह परंपरा बन गई और लोग परवा पर होली खेले जाने से दूरी बनाए रहे।
  **– डा. पीके अग्रवाल, सेवानिवृत्त आईएएस व लेखक**
- होली की परवा के दिन रानी को मेजर एलएस का पत्र मिला था, जिसमें झांसी राज्य को अंग्रेजी हुकूमत में शामिल करने की घोषणा की गई थी। साथ ही रानी के दत्तक पुत्र को राज्य का उत्तराधिकारी मानने से इन्कार कर दिया था। इस शोक में झांसी में होली नहीं खेली गई थी।
  **– मुकुंद मेहरोत्रा, इतिहासकार**
- होली की परवा पर रानी के तीन माह के पुत्र की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद झांसी में शोक छा गया था। लोगों ने होली नहीं खेली थी। बाद में यह परंपरा बन गई। लगभग डेढ़ सौ सालों तक यह परंपरा कायम रही। हालांकि, अब नई पीढ़ी इससे इत्तेफाक नहीं रखती है।
  **– हरगोविंद कुशवाहा, उपाध्यक्ष- अंतराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान**

यहां तक कि बुजुर्ग तो माथे पर गुलाल का टीका लगवाने से भी बचते थे और वे परवा पर बच्चों को होली खेलने से मना करते थे। इसके अलग-अलग कारण बताए जाते थे। लेकिन, ज्यादातर का मानना होता था कि रानी लक्ष्मीबाई के पति झांसी के राजा गंगाधर राव की होली की परवा पर मृत्यु हो गई थी, उनके शोक में यहां परवा पर होली नहीं मनाई जाती। हालांकि, यह भी कहा जाता है कि रानी के दत्तक पुत्र दामोदर राव को अंग्रेजों ने उनका उत्तराधिकारी मानने से इन्कार कर दिया था। ब्रिटिश सरकार की ओर से भेजा गया इसका पत्र झांसी राज्य के पास होली की परवा पर पहुंचा था। इसकी जानकारी होते ही पूरे झांसी में शोक छा गया था। तब से यहां परवा पर होली नहीं मनाई गई। इसके अलावा यह भी माना जाता है कि होली की परवा पर रानी के तीन माह के पुत्र की मौत हो गई थी, जिसके चलते इस दिन राज्य में शोक घोषित कर दिया गया था, जिससे होली नहीं खेली जा सकी थी और कालांतर में यह परंपरा बन गई थी।

हालांकि, वजह चाहे जो कुछ भी रही हो, परंतु 20-22 साल पहले तक झांसी में दूज पर ही होली का उल्लास नजर आता था। परवा पर रंग फीका रहता था। इसके बाद नई पीढ़ी ने यहां परवा पर होली खेले जाने की शुरुआत की, जिसके चलते अब परवा पर होली रंगों से सराबोर नजर आने लगी है।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल के साथ महत्वपूर्ण स्थानों का किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

पुलिस अधीक्षक देवरिया संकल्प शर्मा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेन्द्र नाथ चौधरी द्वारा द्वारा होली त्यौहार के दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना कोतवाली व थाना रुद्रपुर में क्षेत्राधिकारी नगर श्री संजय रेड्डी, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर श्री अंशुमान श्रीवास्तव व संबन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष के साथ भ्रमणशील रहकर प्रमुख चौराहों, बाजारों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर लगे पुलिस बल का निरीक्षण किया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षर दक्षिणी भीम कुमार गौतम द्वारा थाना श्रीरामपुर में क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी शिव प्रताप सिंह व सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक मय पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र में भ्रमणशील रहकर चौराहों आदि पर लगे पुलिस बल का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर, क्षेत्राधिकारी सलेमपुर, क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी व क्षेत्राधिकारी बरहज द्वारा अपने-अपने सर्किल के समस्त थानों में भ्रमणशील रहकर चौराहों, कस्बों, बाजारों आदि में लगे पुलिस बल का निरीक्षण किया गया व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# शॉर्ट सर्किट से धू-धू कर जल गई अनुबंधित बस

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

रोडवेज परिसर में खड़ी एक अनुबंधित बस सोमवार की देर रात धू-धू कर जलने लगी। आग की लपटें देख रोडवेज के कर्मचारी भाग कर मौके पहुंचे। उन्होंने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। डिपो में 70 निगम की और 128 अनुबंधित की बसें चलती हैं।

होली को देखते हुए चालक व परिचालक सोमवार की देर शाम बसों को लाकर रोडवेज परिसर में खड़ी कर दी और अपने-अपने घर चले गए। एक अनुबंधित बस परिसर में ट्रांसफार्मर के समीप खड़ी थी। रात में 11 बजे के करीब बिजली के तार में शार्ट-सर्किट हुआ जिससे निकली चिंगारी रोडवेज की अनुबंधित बस के ऊपर गिर गई। जिससे आग बस में लग गई। देखते ही देखते बस धू-धू कर जलने लगी। आग की लपटें देख रोडवेज के चौकीदार समेत अन्य कर्मचारी भाग कर मौके पहुंचे। आसपास खड़ी बसों को कुछ चालक लेकर इधर-उधर भागने लगे। कर्मचारियों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद देर रात आग पर काबू पाया। कर्मचारियों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद देर रात आग पर काबू पाया।

# लोकसभा चुनाव में 1160 मतदेय स्थलों पर होगी वेबकास्टिंग

**जन एक्सप्रेस | झांसी**

इस लोकसभा चुनाव में झांसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र के 1160 मतदेय स्थलों की वेबकास्टिंग होगी। इन सभी बूथों के लिए अलग से वीडियो सर्विलांस टीमें तैनात की जाएंगी। वेबकास्टिंग के जरिये निर्वाचन आयोग मतदान प्रक्रिया पर सीधी नजर रख सकेगा।

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में झांसी-ललितपुर संसदीय सीट पर 20 मई को मतदान होगा। जबकि, 26 अप्रैल से नामांकन पत्र दाखिल किए जाने लगेंगे। क्षेत्र की पांचों विधानसभाओं के 2257 बूथों पर मतदान होगा। इनमें से निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 1160 बूथों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था रहेगी। वेबकास्टिंग के लिए चिह्नित किए गए बूथों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। यह कैमरे इंटरनेट से कनेक्ट रहेंगे। कैमरे इस ढंग से लगाए जाएंगे कि उनमें पूरा मतदेय स्थल नजर आएगा। बस ईवीएम दिखाई नहीं देगी। इससे मतदान की गोपनीयता प्रभावित न हो। वेबकास्टिंग के जरिये बूथों पर होने वाली मतदान प्रक्रिया की जिला स्तर पर बनाए गए कंट्रोल रूम से निगरानी की जाएगी। इसके अलावा निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश मुख्यालय पर बनाए गए कंट्रोल रूम से भी वेबकास्टिंग वाले की बूथों की निगरानी की जा सकेगी।

- वेबकास्टिंग के जरिये लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था रहेगी। क्रिटिकल व वल्नरेबल बूथों के साथ आवश्यकतानुसार अन्य बूथों को भी वेबकास्टिंग के लिए चिह्नित किया गया है। इसके जरिए मतदान प्रक्रिया को कंट्रोल रूम से सीधा देखा जा सकेगा।
  **– अरुण कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी**

## अनियंत्रित होकर खंदक में गिरी बाइक, दो घायल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोटरा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर खंदक में गिर गई। जिससे बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भिटारा सेवढ़ी निवासी सचिन 22 वर्ष पुत्र चतुर सिंह व आटा क्षेत्र के साजहापुर निवासी बाबू 25 वर्ष बाइक पर पर सवार होकर कोटरा से उरई की ओर आ रहे थे। तभी तेज रफ्तार के कारण बाइक अनियंत्रित होकर खंदक में गिर गई। जिससे बाइक पर सवार दोनों युवक जख्मी हो गए। दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# सला घाट नहाने गए चार दोस्तों में एक की डूबकर मौत

**जन एक्सप्रेस | उरई**

कोटरा थाना क्षेत्र में सला घाट नहाने गए चार दोस्तों में एक की नहाते समय डूबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर के मोहल्ला सुशील नगर नई बस्ती मवई रोड निवासी अश्वनी वर्मा 20 वर्ष पुत्र राजा भैया घर पर बाजार घूमने की बात कहकर अपने दोस्तों के साथ बाइक से घूमने के निकाला था। तभी वह पिकनिक मनाने सला घाट पहुंचकर दोस्तों के साथ वेतवा नदी में नहाने लगा। नहाते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह पानी में डूबकर बह गया। जब दोस्तों ने उसे डूबता हुआ देखा तो वह मौके से फरार हो गए। इस दौरान वहां पर मौजूद ग्रामीणों ने युवक को डूबता हुआ देखा तो तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर डूबकर लापता हुए युवक की खोज बीन शुरू कर दी। करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने युवक का शव नदी से बरामद कर लिया। वहीं सूचना पाकर एसडीएम कोच भी मौके पर पहुंचे जहां घटना की जानकारी ली। वहीं हादसे की खबर लगते ही रोते बिलखते परिजन भी सला घाट पहुंच गए। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# वक्फ की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ दर्ज होगा मुकदमा

**जन एक्सप्रेस | झांसी**

महानगर के पुरानी तहसील स्थित कब्रिस्तान पर कब्जा करने की नीयत से पुराई की जा रही है। इसकी शिकायत अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारियों से की गई थी। इस पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने पुलिस अधिकारियों और सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अधिकारियों को पत्र लिखकर सूचना दी थी। अब बोर्ड के अधिकारियों ने पुलिस विभाग से जानकारी मांगी है।

महानगर के पुरानी तहसील स्थित कब्रिस्तान वक्फ और राजस्व विभाग के अभिलेखों में दर्ज है। साथ ही कब्रिस्तान में कई कब्रें मौजूद हैं। कमेटी के सदस्यों की नियमित निगरानी नहीं होने के कारण कुछ भूमाफिया इस जमीन पर कब्जा करने की नीयत से रात में मिट्टी डालकर पुराई करा रहे हैं। इसकी शिकायत अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अफसरों के साथ ही प्रशासनिक अफसरों से की गई थी। शिकायत पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारियों ने प्रकरण की जांच कराई। शिकायत सही पाए जाने पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश सुन्नी वक्फ बोर्ड के अफसरों को पत्र लिखकर प्रकरण से अवगत करा दिया था। अब वक्फ बोर्ड के अधिकारियों ने पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखकर प्रकरण की जांच कर एफआइआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के उप निदेशक मोहम्मद तारिक ने बताया कि पुरानी तहसील स्थित कब्रिस्तान पर कब्जे की नीयत से पुराई कराई जा रही है।

# निर्माणाधीन दुकानों का भरभरा कर गिरा लेंटर, बाल-बाल बचे मजदूर

**जन एक्सप्रेस | उरई**

कुठौंद इलाके में बड़ा हादसा टल गया। जहां पर निर्माणाधीन दुकानों का लेंटर भरभरा कर गिर गया। इस हादसे में दुकानों में काम कर रहे मजदूर बाल-बाल बच गये।

कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम धराना में स्थित पेट्रोल पंप के समीप सरल पोरवाल अपनी जमीन पर दुकानों का निर्माण कर रहे थे। जिसका काम लेंटर तक हो गया था। इस दौरान दुकान में मजदूर आसपास की दीवारों को बनवाने में कारीगर के साथ काम करने में लगे हुए थे। तभी अचानक



दो दुकानों का लेंटर भरभरा कर गिर गया। जिससे भगदड़ मच गई और काम करने वाले लोग इधर-उधर हो गए। लेंटर गिरने से इस हादसे में काम करने वाले मजदूर बाल बाल बच गए। वही दुकानों का लेंटर गिरने की जानकारी जैसे ही दुकान मालिक सरल पोरवाल को हुई वह मौके पर पहुंचे।

जिन्होंने मजदूरों के सकुशल होने की जानकारी ली। साथ ही हादसा कैसे हुआ इसके बारे में पता लगाने में जुट गए। वही बताया गया है कि लेंटर की शटरिंग सही न होने के कारण यह धराशाई हुआ है। वहीं सरल पोरवाल ने बताया कि दो दिन पहले ही लेंटर का काम पूरा हुआ था। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई भी मजदूर चपेट में नहीं आया।

# होली मनाने घर जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत, परिजनों में कोहराम

**जन एक्सप्रेस | उरई**

एट थाना क्षेत्र के ग्राम विरासनी के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एट थाना क्षेत्र के ग्राम बिरासनी निवासी सुख सिंह का 30 वर्षीय पुत्र उपेंद्र उर्फ टिंकू उरई में एक रेस्टोरेंट पर काम करता था, यहीं वह किराये का कमरा लेकर रहता था। होली के मौके पर वह सोमवार को बाइक से गांव जा रहा था, इसी दौरान गांव के समीप ही किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे बाइक बुरी तरह चकनाचूर हो गई। उपेंद्र हेलमेट नहीं पहने था, इस कारण सिर के बल सड़क पर गिरने से वह बुरी तरह से घायल हो गया। बाद में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस बीच युवक के स्वजन भी बदहवास हालत में वहां पहुंच गए। अभी तक टक्कर मारने वाले वाहन का पता नहीं चला है। पिता सुख सिंह ने अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी।

# हालातों से नहीं मानी हार... मेहनत के दम पर मुश्किलों को दे रहे मात

**जन एक्सप्रेस | झांसी**

हाथों में हॉकी और मन में सपनों का बड़ा संसार। ख्वाहिश है कि एक बार फिर ओलंपिक तक पहुंचकर मेजर ध्यानचंद का नाम रोशन करें। इसके लिए वे पूरी जी जान से जुटे हैं। परिवार के हालात ऐसे नहीं हैं कि महंगी हॉकी और जूते खरीद सकें मगर उनकी मेहनत और लगन हर मुश्किल को मात दे रही है। वे रोज मैदान पर हॉकी लेकर पहुंचते हैं और अपने अभ्यास के जरिए खेल को निखारकर आगे बढ़ने की कोशिश में जुटे हैं। मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले इन हॉकी खिलाड़ियों की कहानी उन लोगों के लिए प्रेरणा है जो हालात के आगे हार मान जाते हैं। उनका कहना है कि कभी तो ऐसा दिन आएगा जब उनकी हॉकी से गोल पोस्ट में जाने वाली गेंद भारत और उनके जीवन को संवार देगी।हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की कर्मस्थली झांसी में हॉकी खिलाड़ियों की बड़ी फौज है। यहां के कई हॉकी खिलाड़ी विदेशों में अपने देश का नाम रोशन कर रहे हैं। वहीं यहां कई खिलाड़ी ऐसे भी हैं जिनके लिए हॉकी के लिए जरूरी सुविधाएं जुटाना सपने जैसा है। इनके पास न तो अच्छी हॉकी है और न ही पैर में जूते है और किट। मगर मन की लगन और मेहनत के दम पर वे अपने जुनून को पूरा कर रहे हैं। यह खिलाड़ी लक्ष्मी व्यायाम मंदिर के खेल मैदान में पहुंचकर घंटों अभ्यास करते हैं। उनका कहना है कि वे अपने जुनून के जरिए खेल को निखारकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलकर देश का नाम रोशन करना चाहते हैं।

# प्रेमी-प्रेमिका की मौत के मामले में युवक को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | झांसी**




- मृतक युवक और युवती ने परिवार के लोगों को बताए बगैर शादी कर ली थी। इसके बाद आरोपी युवक वैभव मिश्रा युवती पर दोस्ती करने का दबाव बना रहा था। इसी बीच पहले युवती और उसके बाद युवक ने आत्महत्या कर ली थी। मृतका के पिता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। **– स्नेहा तिवारी, सीओ सदर**

रक्सा थाना इलाके में पिछले दिनों प्रेमी-प्रेमिका द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में रविवार को पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक आत्महत्या करने वाले प्रेमी-प्रेमिका ने घरवालों को बताए बगैर शादी कर ली थी। लेकिन, इसके बाद आरोपी युवक युवती पर दोस्ती करने का दबाव बना रहा था। इससे परेशान होकर युवती ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। इसके चंद घंटे बाद ही उसका प्रेमी फंदे पर झूल गया था। युवती के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

रक्सा थाना इलाके में रहने वाली बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ने 19 मार्च को विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था। इससे उसकी मौत हो गई थी। युवती की मौत के तकरीबन तीन घंटे बाद रक्सा निवासी उसके प्रेमी अंकुश उर्फ अंकित प्रजापति (23) ने फंदे पर झूलकर मौत को गले लगा लिया था। दोनों की मौत के बाद पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी थी, जिसमें सामने आया कि मृतक युवक-युवती ने घरवालों को बताए बगैर शादी कर ली थी। लेकिन, दोनों अपने-अपने घरों में रह रहे थे। दोनों की शादी की परिवार के लोगों को भनक तक नहीं थी। इसी दरम्यान सिजवाहा निवासी वैभव मिश्रा उन दोनों के बीच आ गया था। वैभव युवती पर शादी तोड़कर उससे दोस्ती करने का दबाव बना रहा था। इसके लिए वह दोनों को परेशान कर रहा था। इसी परेशानी में युवती ने आत्मघाती कदम उठा लिया था और इसके बाद उसके प्रेमी ने मौत का दामन थाम लिया था।

मामले में युवती के पिता ने रक्सा थाना में तहरीर दी थी। इसमें बताया था कि उनकी बेटी बीए फाइनल की छात्रा था, जिसे रास्ते में आते-जाते वैभव मिश्रा परेशान करता था। धमकियां भी देता था। पिता ने बताया कि कई बार वैभव ने उसे भी धमकी दी थी। इन्हीं धमकियों और प्रताड़ना से तंग आकर बेटी ने 19 मार्च को जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे निजी अस्पताल ले जाया गया था। वहां इलाज के दौरान बेटी की मौत हो गई। पिता ने बताया कि अस्पताल में आकर वैभव मिश्रा ने उसे और उसके बेटे को पुलिस से शिकायत न करने की धमकी दी थी। पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक वैभव के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने और एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# देवीपाटन मंदिर महंत के नेतृत्व में निकाली गई होली की शोभायात्रा

* विधायक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की यात्रा में रही मौजूदगी

जन एक्सप्रेस। तुलसीपुर बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय पर मंगलवार को देवीपाटन मंदिर महंत के नेतृत्व में होली की शोभायात्रा निकाली गई । देवीपाटन मंदिर के महंत मिथलेश नाथ योगी तथा विधायक कैलाश नाथ शुक्ला की मौजूदगी में शोभायात्रा देवी पाटन से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ वापस कलश चौराहे पर संपन्न हुआ।

जानकारी के अनुसार 26 मार्च को होली का त्यौहार तुलसीपुर नगर एवं आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। होली के त्यौहार पर शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर महंत मिथलेश नाथ योगी द्वारा नगर भम्रण किया गया। नगर भम्रण के दौरान नगरवासियों ने महन्त मिथलेश नाथ योगी का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। महंत के साथ क्षेत्रीय विधायक कैलाश नाथ शुक्ला भी यात्रा में शामिल थे। महन्त मिथलेश नाथ योगी ने नगरवासियों को होली की बधाई एवं आशीर्वाद दिया गया। होली की शोभा यात्रा मंदिर देवीपाटन से निकली जिसमे भारी संख्या में लोग शामिल हुए। शोभा यात्रा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने भारी संख्या पुलिस बल तैनात किए थे। मन्दिर महंत एवं शोभा यात्रा का स्वागत नगरवासी एवं आसपास के लोगो द्वारा अबीर गुलाल उड़ाते हुए किया गया। यात्रा मन्दिर देवीपाटन, हरैया तिराहे, स्टेशन रोड, लाल चौराहा, जरवा रोड, मील चुंगी नाका, पुरानी बाजार, हनुमान गढ़ी चौराहा, थाना मोड़, नई बाजार चौक, गयात्री मन्दिर होते हुए बलरामपुर चौराहे पर समाप्त हुआ। होली शोभा यात्रा का स्वागत महिलाओ, बच्चो, बुजुर्ग एवं युवाओं ने अपनी छतों व बालकनी से अबीर गुलाल उड़ा कर किया। शोभा यात्रा का स्वागत जगह जगह पर नगर वासियों द्वारा मंदिर महंत का रेलवे स्टेशन के समीप मवाशी राम शर्मा द्वारा अनिल लाठ द्वारा लाला चौराहे पर पुरानी बजार में अनूप श्रीवास्तव एवं मधुप श्रीवास्तव एवं समाजसेवी शुकदेव चौरसिया द्वारा भाजपा महामंत्री विशुनदेव गुप्ता, जिला कार्यकारणी सदस्य सुनील मणि त्रिपाठी, अनूप गुप्ता, चरन स्वरूप शर्मा, विश्राम सिंह द्वारा तथा बलरामपुर चौराहे के समीप राधेश्याम गुप्ता एवं संतोष कुमार गुप्ता द्वारा माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। शोभा यात्रा में नगर एवं आसपास के लोगों की भारी भीड़ थी। इस शोभायात्रा में प्रसिद्ध कथावाचक सर्वेश जी महाराज, विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा, गैसड़ी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रिंस वर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की, विजय सिंह, जिला मंत्री राम प्रताप सिंह, स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य राधेश्याम पांडे, मंदिर सेवादार अरुण कुमार गुप्ता, राहुल गुप्ता, विजय प्रताप सोनी, श्याम तिवारी, प्रधान अजय कुमार यादव, शोभा यात्रा को सकुशल संपन्न कराने में थाना प्रभारी अशोक सिंह उप निरीक्षक गुरुसेन सिंह सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिस के जवान लगाए गए थे।

# अब नगरवासियों के 'स्वास्थ्य' पर भी नजर रखेगा नगर निगम

* राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत नगर निगम की तरफ से 18 स्थान पर लगवाए गए हेल्थ एटीएम, एटीएम पर आई है 292.41 लाख रूपये की लागत

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



योगी सरकार के नेतृत्व में नगर निगम अयोध्या अब नगरवासियों के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखेगा। इसके लिए नगर निगम ने नगर क्षेत्र के 18 स्थानों पर हेल्थ एटीएम स्थापित किए हैं। इससे फिलहाल 16 प्रकार की जांच की जाएगी। हेल्थ एटीएम स्थापित करने में 292.41 लाख रुपये खर्च हुए हैं।

### पब्लिक हेल्थ एटीएम केंद्र पर होगी जांच

हेल्थ एटीएम पर चिकित्सक परामर्श सुविधा, डिजिटल हेल्थ, सामान्य एवं विशेष त्वरित जांच, सामान्य शारीरिक जाँच (16 पैरामीटर्स), हृदय और ईसीजी लिपिड प्रोफ़ाइल, मधुमेह, हीमोग्लेबिन, गर्भावस्था परीक्षण,मूत्र जांच (10 पैरामीटर्स), टाइफ़इड, डेंगू, त्वचा परीक्षण, कान की जांच, यूरिक एसिड परीक्षण, फीटल हार्ट रेट समेत अन्य कई प्रकार की जांचें की जाएंगी।

### इन स्थानों पर लगाया गया है हेल्थ एटीएम

नगर निगम अयोध्या के अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह ने बताया कि राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत नगर निगम की तरफसे 18 स्थानों पर हेल्थ एटीएम स्थापित किया गया है। हेल्थ एटीएम विकास भवन कैम्पस, वेंडिंग जोन (कृष्ण पैलेस के पास), रोडवेज बस स्टैंड कैण्ट फैजाबाद, नगर निगम ऑफ़िस कैम्पस, डाभा सेमर स्टेडियम, जलकल अमानीगंज, बारात घर (जनौरा पक्का तालाब के पास), जोनल आफ़िस कौशलपुरी, जलकल कैम्पस अयोध्या, जोनल आफ़िस कैम्पस अयोध्या, जयसिंहपुर कुण्ड, सूर्य कुण्ड, दर्शन नगर, जमथरा रोड, पठान टोलिया, सदर तहसील, फैजाबाद, रीडगंज चौराहा फैजाबाद, डी.एम. आफ़िस कैम्पस, मल्टीलेवल पार्किंग अयोध्या में स्थापित किए गए हैं।

# राप्ती नदी में नहाने गई दो लड़कियां डूबी, एक को ग्रामीणों ने बचाया

जन एक्सप्रेस। उतरौला बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के थाना गेंडास बुजुर्ग क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नंदौरी के पास बह रही राप्ती नदी में सोमवार को होली खेलने के बाद नहाने गई दो युवतियां डूब गई। नदी में बह रही तीसरी युवती को ग्रामीणों ने बचा लिया। दोनों को खोजने के लिए स्थानीय गोताखोरों तथा एनडीआरफ की टीम लगाई गई है। जानकारी के अनुसार नंदौरी गांव से कुछ ही दूरी पर राप्ती नदी बहती है। होली खेलने के बाद 20 वर्षीय मानसी पुत्री पंडोही, 23 वर्षीय सुषमा उर्फ छोटी पुत्री बबलू व 21 वर्षीय सत्यमोर पुत्री बजरंगी होली खेलने के बाद राप्ती नदी में नहाने गई थी। नहाते समय वे गहरे पानी में उतरकर डूबने लगी। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने सत्य मोर को नदी से बाहर निकाल लिया, लेकिन मानसी व सुषमा गहरे पानी में डूब गई। सूचना पाकर उतरौला के एसडीएम अवधेश कुमार, क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार यादव व अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए। स्थानीय गोताखोरों ने काफी देर तक तलाश किया लेकिन दोनों का कोई पता नहीं चल सका। गैडांस बुजुर्ग के प्रभारी निरीक्षक दुर्विजय ने बताया कि नदी में डूबी दोनों युवतियों में से एक को सोमवार की रात्रि लगभग 09बजे स्थानीय गोताखोर के प्रयास से तथा दूसरी को मंगलवार की सुबह नदी से एन डी आर? एफ टीम द्वारा निकाला गया है। दोनो के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस घटना से पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है।

# खुलेआम दर्जन भर साथियों के साथ राइफल लेकर परिवार को धमकाया, केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद के बेवाना थाना इलाके के अशरफाबाद गांव में मामूली कहासुनी में खुद को बसपा का नेता कहने वाले एक दबंग ने अपने दर्जन भर साथियों के साथ राइफल लेकर खुलेआम एक परिवार को धमकाया और जान से मारने की धमकी दी।दबंगों द्वारा खुलेआम की गई दबंगई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो बसपा के पूर्व सांसद घनश्याम चन्द्र खरवार के बेटे और उसके रिश्तेदार का है, जिसमें आचार संहिता की धज्जियां उड़ाते हुए खुलेआम रायफल लेकर पीड़ित परिवार को धमका रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित ने मामले की तहरीर बेवाना थाने में दी, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर पीड़ित को मेडिकल के लिए भेजा है।बेवाना थाना इलाके के असरफाबाद डढ़िया निवासी राजन पाठक ने बेवाना थाना में दी गई तहरीर में बताया कि 25 मार्च को होली के दिन वह और उनके साथ के लोग साउंड ट्रैक्टर पर लगाकर गांव में घूम कर होली खेल रहे थे तभी उसी गांव में मंजीत रास्ते से जा रहे थे, जिनका कुछ लड़कों ने बनियान फाड़ दिया था, जिस पर कहासुनी के बाद समझौता हो गया था। लेकिन कुछ ही समय बाद विपक्षी राधेश्याम पुत्र भागी, लक्ष्मीकांत खरवार पुत्र घनश्याम चन्द्र खरवार, लक्ष्मीचंद पुत्र सरजू, आस नारायण पुत्र चंद्रभान ने उसके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज की।वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस इसके बाद राइफल लेकर जान से मारने की धमकी देने लगे। दबंगों द्वारा दबंगई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। दबंगई का जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें आरोप बसपा के बड़े नेता एवं मायावती के करीबी घनश्याम चन्द्र खरवार के पुत्र और उनके एक रिश्तेदार पर लग रहा है।

थानाध्यक्ष शशांक शुक्ल ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मालीपुर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण, चेकिंग सन्दिग्ध व्यक्तिध्वाहन के दौरान रसूलपुर बाकरंगज से एक व्यक्ति जिसका नाम बिरेन्द्र कुमार यादव उर्फ विरेन्द्र दास त्यागी पुत्र भरतलाल यादव नि0ग्रा0 रसूलपुर बाकरगंज थाना मालीपुर जनपद को 01 किलो 127 ग्राम नजायज गांजा के साथ रात्रि में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

# मिल्कीपुर तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक की सड़क दुर्घटना में मौत

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

मिल्कीपुर तहसील में तैनात एक राजस्व निरीक्षक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। सोमवार की रात मिल्कीपुर तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार श्रीवास्तव शहर के कैंटोमेंट इलाके में घूमने निकले थे, जहां किसी वाहन ने उन्हें रौंद दिया। वह सड़क किनारे बेहोशी हालत में पड़े थे।

किसी सिपाही ने उनके फोन से उनके बेटे हिमांशु का सम्पर्क नम्बर निकाल कर उसे फोन किया कि आपके पिता का एक्सीडेंट हो गया है, जिला अस्पताल इलाज के लिए पहुंचाया जा रहा है। जानकारी होते ही आनन-फानन में हिमांशु जिला अस्पताल पहुंचा। जहां डाक्टरों ने उसके पिता अशोक कुमार श्रीवास्तव को मृत घोषित कर दिया। एसडीएम मिल्कीपुर के स्टोनो ने अमित श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की जानकारी होते ही मिल्कीपुर एसडीएम राजीव रत्न सिंह भी पहुंचे। अशोक कुमार श्रीवास्तव शहर के रिकाबगंज मोहल्ले में अलका टावर के बगल की गली में रहते थे। उनके एक बेटा और एक बेटी, दो संतानें हैं, दोनों अभी अविवाहित हैं। स्वर्गीय श्रीवास्तव मिल्कीपुर तहसील के डीह पूरे बीरबल सर्किल के कानूनगो थे। उनकी मौत की खबर से तहसील मिल्कीपुर में शोक छाया है।

# अवैध तमंचा के साथ टॉप टेन अपराधी, हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार




जन एक्सप्रेस। पूरा बाजार-अयोध्या

थाना महाराजगंज की पुलिस टीम ने एक युवक को गिरफ्तार किया है थानाध्यक्ष महाराजगंज अमरजीत सिंह ने बताया कि सहायक पुलिस अधीक्षकध् क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत उप निरीक्षक आलोक कुमार सिंह कांस्टेबल रवि कुमार कांस्टेबल संदीप चौधरी कांस्टेबल अजीत यादव कांस्टेबल रविंद्र यादव चेकिंग के दौरान ग्राम हैसा मोड पर मोहर्मपुर पुर अरती मार्ग पर कुलदीप सिंह पुत्र स्वर्गीय राम धीरज सिंह निवासी ग्राम मोहर्मपुर अरती थाना महाराजगंज अयोध्या को गिरफ्तार किया ।

थानाध्यक्ष ने बताया कि तलाशी के दौरान कुलदीप सिंह के पास से 315 बोर का अवैध तमंचा व एक अदद 315 वोर जिंदा कारतूस बरामद हुआ जिसके तहत थाना महाराजगंज में शस्त्र अधिनियम की धारा 3 ध् 25 के में अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है थानाध्यक्ष ने कहा कि कुलदीप सिंह के खिलाफ थाना महाराजगंज में एक दर्जन से अधिक विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत है कुलदीप सिंह थाना महाराजगंज का टॉप टेन अपराधी व हिस्ट्रीसीटर है।

# मिट्टी गिराने को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे चले

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

थाना पूराकलंदर क्षेत्र के अंतर्गत मोकलपुर गांव में रविवार दोपहर दरवाजे के पास विवादित पैतृक जमीन पर मिट्टी गिराने को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे चले। घटना में दोनों पक्ष के एक-एक लोग चोटिल हो गए। मौके पर पहुंची पूरा कलंदर पुलिस ने दोनों को मेडिकल व इलाज के लिए सीएचसी मसौधा भिजवाया है। मामले में थानाध्यक्ष पूरा कलंदर रतन कुमार शर्मा का कहना है मोकलपुर गांव में रविवार दोपहर मिट्टी गिराने को लेकर दिनेश कुमार और सुरेश कुमार के बीच झगड़ा हुआ था। दोनों को हल्की चोटें आई हैं। दोनों को मेडिकल परीक्षण व इलाज के लिए सीएचसी मसौधा भेजवाया गया है।

# होली की खुशियां मातम में बदली, तालाब में डूब कर किशोर की मौत

### अखिलेश की मौत के बाद बूढ़े मां-बाप का अब कौन होगा सहारा?

जन एक्सप्रेस। मिल्कीपुर-अयोध्या।



इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अहिरौली सलोनी गांव में होली की खुशियां मातम में बदल गई। होली खेलने के बाद दोस्तों के साथ नहाने गया मां-बाप के अकेले बेटे की तालाब में डूबकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इनायत नगर थाना क्षेत्र के अहिरौली सलोनी गांव निवासी रामप्रसाद कहार का 17 वर्षीय बेटा अखिलेश सोमवार को होली खेलने के बाद दोस्तों के साथ गांव से लगभग पांच सौ मीटर स्थित तालाब में नहाने गया था। जहां तालाब में पानी अधिक होने से वह डूबने लगा। किशोर को तालाब में डूबते देखकर उनके अन्य साथियों ने बचाने का प्रयास करते हुए हल्ला गुहार लगाई। हल्ला गुहार सुनकर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग वहां पहुंच कर देखा तो किशोर तालाब में डूब रहा था। जिसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा किशोर के परिजन तथा पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक इनायत नगर संदीप कुमार सिंह थाने के उप निरीक्षक अमर बहादुर पटेल सहित पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड की टीम बुलाकर स्थानीय लोगों की मदद से पानी में डूब रहे 17 वर्षीय अखिलेश को तालाब से बाहर निकाला और इलाज के लिए सीएचसी मिल्कीपुर पहुंचाया गया। जहां मौजूद डॉ पवन मौर्या ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

स्थानीय लोगों की माने तो अखिलेश अपने माता-पिता का अकेला बेटा था। अब उनके माता-पिता के बुढ़ापे का सहारा कौन होगा। मृतक के पिता मेहनत मजदूरी करके किसी तरह परिवार का गुजर बसर करता है। मृतक बलदेव विद्यापीठ इंटर कॉलेज सेवरा में इंटरमीडिएट का छात्र भी था। पढ़ाई के साथ-साथ वह ई-रिक्शा बैटरी की रिपेयरिंग करके घर खर्च में पिता का सहारा भी था। मृतक की तीन बहने हैं जिनमें सबसे बड़ी बहन की शादी हो चुकी है शेष दो बहनों की शादी करनी है।

# जमीनी विवाद में महिला की हत्या पुलिस जांच में जुटी



जन एक्सप्रेस। अयोध्या

थाना राम जन्मभूमि के अंतर्गत जमीनी विवाद में महिला की हत्या परिजनों ने शव को रखकर किया विरोध। परिजन अंतिम संस्कार करने से कर रहे थे मना। कड़ी मशक्कत के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने परिजनों को मनाया। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही का आश्वासन दिया। प्रशासन के आश्वासन के बाद मृतक महिला के परिवारीजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए। पोस्टमार्टम के बाद महिला के शव को अंतिम संस्कार करने से परिजन मना कर रहे थे। रात 2:00 बजे थाना राम जन्म भूमि के कटरा पुलिस चौकी क्षेत्र में जमीनी विवाद में महिला की हुई थी हत्या।

# अनियंत्रित ट्रक घर में घुसी घर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया



जन एक्सप्रेस। रामपुर भगन-अयोध्या

तारुन पिपरी मार्ग के किनारे स्थित ग्राम सभा मीतनपुर मे सड़क किनारे मकान बनाकर रह रहे चंद्रपाल सिंह के मकान में25ध्3ध्2024 होली की शाम पिपरी की तरफ से आ रही यूपी42आरटी5653 ट्रक अनियंत्रित होकर घर के अगले हिस्से में घुस गई जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो गया और काफी नुकसान हो गया है और चंद्रपाल सिंह जान बचाकर किसी तरह भागने में सफल रहे फिर भी उन्हें हल्की-फुल्की चोटे आई है उधर ट्रक चालक के सिर से खून बह रहा था तो ग्रामीणो व राहगीरों ने उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया ड्राइवर की सीट के पास से शराब की बोतले पाई गई है उसके बाद मौके पर पहुंची मुकामी पुलिस ने ड्राइवर को तारुन थाने ले गई।

# वृद्ध महिलाओं को गुलाल लगाकर साड़ी मिष्ठान वितरण कर संस्था ने मनाया होली मिलन समारोह

जन एक्सप्रेस। अयोध्या




मां शांति सेवा फाउंडेशन ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह मनाया। अध्यक्ष श्रीमती नेहा कुमारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ककरही बाजार स्थित श्री बिंदेश्वरी शिव मंदिर के प्रांगण में मंदिर अध्यक्ष दिलीप यादव एवं फाउंडेशन संरक्षक बसंत राम के नेतृत्व में 11 निर्धन वृद्ध माताओं को सभी ने संयुक्त रूप से गुलाल लगाकर सभी का आशीर्वाद लेते हुए उपहार में मिष्ठान एवं साड़ी वितरण कर होली मिलन समारोह मनाया। साथ ही अवगत कराया कि संस्था संरक्षक बसंत राम, डॉ सोनी शर्मा स्त्री रोग विशेषज्ञ, एक्ट्रेस एवम मॉडल खुशबू शाही, कवित्री शिवानी श्रीवास्तव एवम समाजसेविका प्रज्ञा श्रीवास्तव के सहयोग से माताओ को उपहार दिया गया। संरक्षक बसंत राम ने कहा कि संस्था परिवार प्रत्येक वर्ष अपनी खुशियों में से थोड़ी खुशी त्योहारों के मौके पर समाज के निर्धन परिवारों में बांटने का प्रयास करता है। किसी की चेहरे की मुस्कान से खुद के चेहरे पर मुस्कान आती है किसी के चेहरे पर आपकी सेवा से मुस्कान आए यही मानवता की पहचान है। इस अवसर पर माताओं ने सभी सदस्यों को आशीर्वाद देते हुए धन्यवाद किया साथ ही सभी सदस्यों ने आपस में गुलाल लगाकर हर्षोल्लाह के साथ होली उत्सव मनाया और एक दूसरे को बधाइयां भी दिया और मंदिर के अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव पूर्व पार्षद ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को होली की बधाई दी और कहा कि संस्था के इस नेक कार्य से युवाओं एवं लोगों में सेवा करने का भाव उत्पन्न होगा। कार्यक्रम में प्रज्ञा श्रीवास्तव, एस बी सागर प्रजापति, सारस्वत श्रीवास्तव, सूरज चौधरी, शिवानी श्रीवास्तव प्राजंलि चौधरी, साधना, डॉ रोली श्रीवास्तव, अरुणिका मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# घाघरा नदी में नहाते समय डूबे तीन युवक एक कों ग्रामीणों ने बचाया दो की मौत



जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर

जनपद के राजे सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को होली खेलने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहाँगीरगंज में तैनात सीएचओ हिमांशु अपने अन्य साथी सीएचओ पुष्पेंद्र और देवेंद्र के साथ कम्हरिया घाट पर सरयू नदी में स्नान करने पहुँचे थे।उसी समय तीनों के नदी में एक साथ डूबने के दौरान ही हिमांशु पानी के बहाव में लापता हो गया जबकि पुष्पेंद्र की डूबने से हुई मौत के बाद उसके शव को नदी से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।वहीं देवेंद्र को नदी से सुरक्षित बाहर निकाला गया।जहाँगीरगंज सीएचसी के चिकित्साधीक्षक उदयचंद यादव ने बताया कि देवेंद्र का स्वास्थ्य अब सामान्य है।

राजेसुल्तानपुर पुलिस के मुताबिक लापता हिमांशु की शव को तलाश में गोरखपुर से आयीं एसडीआरएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मंगलवार को शाम नदी से बरामद किया गया।

# कंपोजिट स्कूल के शिक्षक ने निर्देशों की उड़ाई धज्जियां, बंद रखा स्कूल

* पूरनपुर बीआरसी क्षेत्र के गांव सिमरिया ताल्लुक महाराजपुर के स्कूल का मामला
* दो दिवसीय होली के अवकाश के बाद 26 मार्च को सभी स्कूल खोलने के हुए थे निर्देश

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** बीआरसी क्षेत्र के कई परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब सिमरिया ताल्लुक महाराजपुर के कंपोजिट स्कूल के शिक्षकों की मनमानी उजागर हुई। आरोप है कि विभागीय अफसरों के निर्देश के बावजूद कंपोजिट स्कूल बंद रखा गया। पूरे दिन स्कूल गेट पर ताला लटका रहा। मामले की जांच हो तो शिक्षकों पर कार्रवाई होना तय है। बेसिक शिक्षा परिषदी से संचालित परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट स्कूलों में 20 मार्च से वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं जिनका समापन 27 मार्च को होगा। बताते हैं कि 24 और 25 को होली पर्व को लेकर परिषदीय स्कूलों में अवकाश रहा। अगले दिन मंगलवार 26 मार्च को सभी स्कूल खोलने के निर्देश हुए। हालांकि इस दिन स्कूलों में नामांकित बच्चों को नहीं बुलाया गया लेकिन शिक्षकों को स्कूल से संबंधित कार्य करने को कहा गया था। आरोप है कि पूरनपुर बीआरसी क्षेत्र के कुछ स्कूलों के शिक्षक 26 मार्च को स्कूल तो पहुंचे लेकिन 12 बजे के बाद ही बंद कर खिसक लिए। जबकि अधिकतर स्कूल निर्धारित समय सायं तीन बजे तक खुले रहे। इन स्कूलों के शिक्षकों ने अपनी जिम्मेदारी का पूरी तरह से निर्वहन किया। वहीं बीआरसी क्षेत्र के गांव सिमरिया ताल्लुक महाराजपुर का कंपोजिट स्कूल तो खुला ही नहीं। ऐसा गांव के कुछ लोगों का कहना है। जबकि इस स्कूल में आधा दर्जन से अधिक शिक्षक कार्यरत बताए जा रहे हैं। इंचार्ज शिक्षक की मनमानी के चलते ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई। आरोप है कि स्कूल में कार्यरत स्टाफ में जिम्मेदार शिक्षक के अलावा अन्य कुछ शिक्षकों की उदासीनता के चलते बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता मजबूत नहीं हो पा रही है। जबकि निपुण भारत मिशन के तहत परिषदीय स्कूलों के बच्चों की शिक्षा मजबूत करने के लिए शासन से बेहद जोर दिया जा रहा है। फिलहाल निर्देशों के बावजूद परिषदीय स्कूल का बंद रहना जांच का विषय है। माना जा रहा है कि अगर विभागीय अधिकारी द्वारा निष्पक्ष जांच की गई जो स्कूल के शिक्षकों पर कार्रवाई होना तय है। इस संबंध में पूरनपुर खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन काल रिसीव नहीं हुई।

# कोतवाल पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए पालिका अध्यक्ष समेत सभासदों ने दिया धरना

* कोतवाली प्रभारी पर धन वसूली व बदसलूकी का आरोप, पुलिस अधीक्षक ने जांच के दिये निर्देश



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शाहगंज नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि से होली के नाम पर अवैध वसूली व बदसलूकी पर रविवार को अध्यक्ष समेत सभासदो ने कोतवाली गेट पर जमीन पर बैठ धरना प्रदर्शन किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विरेन्द्र सिंह बंटी की देशी व वीयर की दुकान संचालित होती है। बंटी ने बताया कि सप्ताह भर पूर्व उच्चाधिकारियों के नाम पर पचास हजार रुपए की मांग कि गयी। जिसको स्टाफ के हाथों कोतवाली भेज दिया गया। वहीं बीयर व शराब भी लें गये। शनिवार की रात पुनः एक पेटी उच्च क्वालिटी का अंग्रेजी शराब और बीयर की मांग कि गयी। जब इससे इंकार कर दिया तो बदसलूकी से कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय ने अपशब्दों का प्रयोग किया। इसके बाद दोनों दुकानों पर पुलिस के जवानों ने जमकर तांडव किया।

बदसलूकी, वसूली और तांडव से क्षुब्द हो नपा अध्यक्ष सभासद व समर्थक कोतवाली पहुंचे। प्रभारी की गैर मौजूदगी में सभी लोग 11 बजे कोतवाली गेट पर जमीन पर बैठ धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरना लगभग डेढ़ घंटे चला। इस दौरान बंटी ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी कों सूचना दी। बंटी ने इस बावत प्रभारी तारकेश्वर राय के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर निलंबन की मांग कि है। वहीं पुलिस अधीक्षक डा अजय पाल शर्मा ने पूरे मामले की जांच रिपोर्ट क्षेत्राधिकारी शाहगंज मांगी है ।दौरान सभासद अर्पित जायसवाल, छेदीलाल वर्मा, राम प्रसाद मोदनवाल, कृष्ण कांत सोनी, सिकन्दर साहू, सिम प्रकाश अग्रहरि सिम्पू , श्रेयांस मोदनवाल, प्रेम चन्द्र, सुनील कुमार अग्रहरि टप्पू, विजय जायसवाल, डम्पी अग्रहरि, अखिलेश यादव, गणेश चौहान, जसीम खान, मकसूद हसन, अरशद खान आदि मौजूद रहे।

# 19 वर्षीय दिलीप कुमार ग्रामीण को बाघ ने बनाया अपना शिकार

* मौके पर पहुंची न्यूरिया पुलिस ग्रामीणों में भारी आक्रोश
* इस बीच मौके पर वन विभाग का कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

थाना न्यूरिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सांडिया मूंगलपुरा और ग्राम संडा के बीच मे सेमपुर के एक मंदिर के पास एक खेत में एक शब के मिलने से ग्रामीणों में अफरा तफरी का माहौल बन गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार19 वर्षीय दिलीप कुमार वर्षीय पुत्र राधेश्याम कल 3:00 बजे गेहूं की फसल देखने के लिए गया था जिसे बाग ने अपना निवाला बना लिया मंदिर के बगल में एक तालाब है जहां पर शेर के पद चिन्ह देखे गए हैं मंदिर के पास मही लाल का गेहूं के खेत में हाथ सिर बरामद हुआ सिमपुर निवासी



ग्राम प्रधान श्यामा चरण के गाने के खेत में मृतक का मोबाइल पड़ा मिला जिसकी सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों का कहना है कई दिनों से बाघ यहां पर चक्कर काट रहा था और गांव के ही छोटे-मोटे पशुओं का शिकार कर रहा था जिसकी सूचना भी वन विभाग को कई बार दी गई लेकिन मौके पर कोई भी वन विभाग का कर्मचारी नहीं पहुंचा आज जब गेहूं के खेत में एक ग्रामीण का शब बरामद हुआ जिसकी पहचान दिलीप कुमार के रूप में की गई सूचना मिलते ही परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है इस घटना को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ हैं। हालांकि इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचीं।

# डीजे बजाने के चक्कर में हुए विवाद से दो पक्षो में भिड़ंत

* अचानक चली गोली एक को लगी और चार लोग घायल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बरखेड़ा।** जनपद के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव कटकवारा में होली के दिन दो पक्षों के लोग भिड़ गए।और अचानक पथराव और फायरिंग होने से दहशत फैल गई। वही घटना के बाद गांव में पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। थाना क्षेत्र के गांव कटकवारा में सोमवार को ढोल और डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। पथराव के बाद फायरिंग भी हुई।एक गोली लगी वही मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को बरखेड़ा सीएचसी मे उपचार के उपरांत सभी को मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। गोली लगने से बीसलपुर के गांव कौआखेड़ा निवासी विमल घायल हो गया।और वही मारपीट में गांव के सत्यपाल, विनोद कुमार और अंकित के चोट आई।तथा सभी घायलों का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। घटना के बाद गांव में पुलिस फोर्स को तैनात कर दिया गया है। सूचना के बाद एसपी भी बरखेड़ा थाने पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी ली वही बीसलपुर क्षेत्राधिकारी विशाल चौधरी ने बताया कि कटकवारा में पूर्व प्रधान और वर्तमान प्रधान पक्ष में विवाद हुआ है गोली चलने की सूचना भी मिली है एक घायल हुआ है तथा मामले की जांच-पड़ताल गहनता से की जा रही है।

# विवाहिता ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जान गवाई



* मृतका अपने पीछे 5 दिन की बच्ची को छोड़कर चली गयी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** टेड़ा श्रीराम में विवाहिता ने घरेलू कलह से तंग आकर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की सूचना मायके वालों को दी गयी। सूचना पर मायके वाले पहुंच गये। परिजनों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे के दरबाजे को तोड़कर शव को फंदे से नीचे उतारकर अग्रिम कार्यवाही हेतु शव को जिला मुख्यालय भेज दिया है। बिलसण्डा थाना क्षेत्र के गांव टेड़ा श्रीराम निवासी ओमप्रकाश की पत्नी वेदवती 28 वर्ष ने घरेलू कलह से तंग आकर कमरे में लगे कुंडे में धोती का फंदा डालकर आत्म हत्या कर ली। मामले की सूचना बिलसण्डा थाना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गयी। जहां पर पुलिस ने फांसी के फंदे से शव को उतारकर अग्रिम कार्यवाही हेतु शव को जिला मुख्यालय भेज दिया है। मायके वालों का आरोप है कि उसकी पुत्री की हत्या कर फांसी के फंदे पर लटका दिया है। मृतका अपने पीछे 2 बच्चों को छोड़ गयी है। दो वर्ष का पुत्र आर्यन व 5 दिन की पुत्री को छोड़ गयी है। 5 दिन की बच्ची को यह भी नहीं पता है कि उसकी मां व बाप कौन हैं। अब दुधमुही बच्ची को पूरी जिंदगी बिन मां के काटनी पड़ेगी। जो भी उसको देखने गया उसके मुंह से यही निकल रहा था कि यह 5 दिन की बच्ची की परवरिश कैसे होगी।

# राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने होली मिलने आये क्षेत्र के लोगों से की बातचीत



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

गन्ना विकास एवं चीनी उधोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा है कि पीलीभीत लोक सभा सीट से भाजपा हाईकमान द्वारा घोषित प्रत्याशी प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद को भारी मतो से चुनाव जिताकर लोकसभा में भेजना है। उन्होनें कहा कि यह चुनाव स्थानीय चुनाव ने होकर बल्कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाये जाने के लिए चुनाव है। इस लिए कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए जीजान से जुट जाना चाहिए। राज्यमंत्री श्री गंगवार आज अपने आवास पर होली के अवसर पर होली मिलने आये क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, बी0डी0सी0 सदस्यों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे। उन्होनें कहा की यह चुनाव देश का भविष्य तय करेगा और विकसित भारत की कल्पना को साकार रूप प्रदान करेगा। इसलिए यह चुनाव अति महत्व का चुनाव है और इस चुनाव में प्रत्येक कार्यकता को मेहनत के साथ क्षेत्र में जुट जाना है और केन्द्र एंव प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर जाकर मतदाताओं को बताये और उनका समर्थन हासिल करें और भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करें। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा की लोक सभा के घोषित प्रत्याशी जितिन प्रसाद जाने माने वरिष्ठ नेता है और सौम्य और सरल स्वभाव के मालिक होने के कारण जन-जन तक उनकी और उनके कार्यो की पहुच है। यह पीलीभीत का सौभाग्य है कि केन्द्रीय नेतृत्व में श्री प्रसाद को इस लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाकर भेजा है। मुझे विश्वास है कि यहा के मतदाता श्री प्रसाद को भारी मतों से विजयी बनाकर लोकसभा में भेजेगे। इस मौके पर पूर्व प्रधान जसपाल सिंह, विरेश, नरेश, गुडडू, संतोक सिंह, शरद प्रधान,किशन गंगवार आदि बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिक एवं कार्यकर्ता मौजूद रहें। इसे पूर्व गत दिवस सोमवार को होली के अवसर पर उन्होंने अपने आवास पर आये कार्यकर्ताओं के साथ रंगों की होली खेली और एक दूसरे को होली की शुभकामनाऐं दी। बाद में गमी की होली होने के कारण राज्यमंत्री अपने पैत्रक आवास ग्राम कुकरीखेड़ा चले गये जहा दिनभर अपने परिजनों के साथ रहें।

# लोकसभा चुनाव को देखते हुए चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** जनपद पीलीभीत लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल को पहले चरण में होने जा रहा है जिसके जिए चुनाव आयोग ने ग्राम विकास अधिकारियों की भी ड्यूटी लगा रखी है। बीसलपुर शाहजहांपुर मार्ग पर खनंका चौकी इंचार्ज व ग्राम विकास अधिकारी के नेतृत्व में वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें लगभग 40 वाहनों की तलाशी ली गयी। जनपद पीलीभीत का लोकसभा चुनाव पहले चरण में 19 अप्रैल को होने जा रहा है। जिसके लिए चुनाव आयोग सख्त दिखाई दे रहा है। चुनाव आयोग ने वाहनों की चैकिंग के लिए ग्राम विकास अधिकारियों की ड्यूटी लगा रखी है। पुलिसकर्मियों के साथ साथ ग्राम विकास अधिकारी भी वाहन चैकिंग कर रहे हैं। जिसके तहत ग्राम विकास अधिकारी अभिषेक कुमार, चौकी इंचार्ज संजीव के नेतृत्व में चार पहिया वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें लगभग 40 वाहनों की तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। टीम में पंकज कुमार, रजत कुमार आदि मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अधिवक्ता से मारपीट के आरोपी शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन थाना परिसर में हिस्ट्रीशीटर दबंगों के साथ मिलकर अधिवक्ता उनके भाई को पुलिस के सामने मारने पीटने के आरोपी शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गौरतलब हो कि बीते जनवरी माह में खुटहन थाना परिसर में घुसकर पुलिस जवानों के सामने अधिवक्ता पदमाकर उपाध्याय व उनके भाई को मारपीट व जान से मारने के मामले में खुटहन पुलिस ने वांछित अभियुक्त



परिषदीय विद्यालय के शिक्षक सत्यप्रकाश सिंह को पोटरियां मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। जो प्राथमिक विद्यालय मरगुपुर तहशील पट्टी जिला प्रतापगढ़ में शिक्षक पद पर कार्यरत हैं जिनके विरुद्ध जौनपुर जिले के खुटहन थाना में अपराध संख्या 18 / 2024 में संबंधित वांछित अभियुक्त सत्य प्रकाश सिंह पुत्र स्वर्गीय भूप नारायण सिंह निवासी ग्राम जमीन बस्ती थाना सराय ख्वाजा जनपद जौनपुर उम्र करीब 42 वर्ष को पुलिस ने पोटरिया मोड़ से गिरफ्तार जेल भेज दिया।

### गौवंश के साथ अप्राकृतिक यौनाचार का आरोप

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सुइथाकला। होली दहन वाले दिन क्षेत्र में पशुपालक द्वारा एक युवक पर गौवंश के साथ अप्राकृतिक यौनाचार का आरोप लगाया है। इधर पुलिस ने तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई करने की बात बताई। थाना क्षेत्र के एक गांव में होली वाली रात एक युवक द्वारा पशु पालक की एक साल की बछिया को पशु शाला से खोल ले गया।गाय के चिल्लाने पर जब पशु पालक जगा तो पशुशाला से कुछ दूरी पर गेहूं के खेत में उक्त बछिया के साथ वह युवक खड़ा था।जब तक लोग उस युवक को पकड़ते तब तक वह फरार हो गया। फिलहाल पशुपालक द्वारा युवक पर गौवंश के साथ अप्राकृतिक यौनाचार का आरोप लगाया गया है। इधर थानाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है लेकिन तहरीर अभी तक नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### कोर्ट में पेशी से पहले मौलाना तौकीर रजा की तबीयत बिगड़ी, सीने में दर्द होने पर दिल्ली रेफर

जन एक्सप्रेस। बरेली। इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान को उपचार के लिए दिल्ली रेफर किया गया है। दो पहले तबीयत बिगड़ने पर उन्हें बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार को उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई। इस पर उन्हें उपचार के लिए दिल्ली ले जाया गया है। आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि मौलाना तौकीर रजा खान को सीने में दर्द और सांस लेने में दिक्कत के बाद बरेली के खुशलोक अस्पताल में डॉक्टर मनाजिर इकबाल को दिखाया गया, जहां उनको भर्ती कर इलाज शुरू हुआ। तमाम जांचों के बाद उनको दिल्ली रेफर किया गया है।

**27 मार्च को कोर्ट में पेश होने का है आदेश:** बता दें कि बरेली में 2010 दंगे को लेकर मौलाना को पिछले दिनों कोर्ट ने मास्टरमाइंड बताया था। उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। वह हाईकोर्ट गए तो वहां से ट्रायल कोर्ट में 27 मार्च को हाजिर होने का निर्देश दिया गया। उन्हें 27 मार्च को हाईकोर्ट के आदेश पर स्थानीय अदालत में पेश होना है। इससे पहले उनकी सेहत खराब होने से तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। मौलाना तौकीर रजा के समर्थक उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

### जेल में बंद लल्ला गद्दी के रिश्तेदारों ने मांगी रंगदारी

जन एक्सप्रेस। बरेली। बरेली में माफिया अशरफ के साले सद्दाम का खास गुर्गा लल्ला गद्दी इन दिनों गैंगस्टर के मामले में जेल में बंद है। इधर, लल्ला गद्दी के करीबी और रिश्तेदार रंगदारी वसूलने में लगे हैं। उसके नाम से रंगदारी मांगने का एक और मामला सामने आया है। तहरीर मिलने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किला थाना क्षेत्र के कुंवरपुर नाला निवासी अख्तर अली ने बताया कि वह सीबीगंज क्षेत्र के सराय तल्फी स्थित अपने खेत पर गए थे। गैंगस्टर लल्ला गद्दी के रिश्तेदार अबरार गद्दी, जाहिद गद्दी, दानिश गद्दी और राशिद खेत पर आकर लल्ला गद्दी का नाम लेकर धमकाने लगे। लल्ला गद्दी के गुर्गों ने खेत पर निर्माण कराने के बदले दो लाख रुपये की रंगदारी मांगी। विरोध करने पर अख्तर की पिटाई की गई। अख्तर ने शोर मचाया तो राहगीरों ने उसे बचाया। आरोपी अख्तर की बाइक तोड़कर फरार हो गए। सीबीगंज थाने में इनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई इलाज के दौरान एक की मौत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र में होली के दिन तेज रफ्तार बाइक सवार युवक पेड़ से टकराए हुए घायल। बताते चले की थाना क्षेत्र के गांव आमडार के पास सड़क के किनारे पेड़ से तेज रफ्तार बाइक टकरा गई।जिससे हादसे में बाइक सवार सुमित पुत्र अरविंद (16) और सुमित पुत्र गंगासरन (15) निवासी गांव दौलतपुर पट्टी गम्भीर रूप से घायल हो गए। वही घायलों को आनन-फानन सीएचसी गजरौला कलां ले जाया गया।वही उपचार के बाद हालत गम्भीर होने दोनों घायल युवको को जिला



अस्पताल रेफर कर दिया। जहा इलाज के दौरान सुमित की मौत हो गई। वहीं घायल दूसरा युवक सुमित का इलाज चल रहा है। इधर युवक की मौत से परिजनों का भी रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# एक ही मोहल्ले से एक साथ दो शव निकलने से मचा कोहराम

* हर किसी के आँखों में छलका आँसू
* सड़क हादसे में दोनों दोस्तों की हुई थी दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर





**खेतासराय।** उस पत्नी, बच्चे और परिवार पर क्या बीत रही होगी। जिनका सहारा और उम्मीद इस दुनिया से चला गया। अब उस विधवा पत्नी अनाथ हुए बच्चे की जीविका कैसे चलेगी। किससे सहारे अपनी जिन्दगी की गाड़ी को आगे बढ़ाएगी। फिलहाल इस समय इसका कोई जवाब नहीं है। सोमवार को होली के दिन दो गहरे मित्रों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी। और दोनों की पत्नी विधवा और बच्चे अनाथ हो गए। दोनों मृतकों को कन्धे पर जिम्मेदारी था अपने बच्चों और परिवार को आगे ले जाने की। कस्बा के पोस्टऑफिस मोहल्ला निवासी युवक दो युवकों की मौत से पूरा मोहल्ला गमगीन हो गया। देर रात्रि पोस्टमार्टम से शव घर आते ही कोहराम मच गया। हर किसी की आँखों में पानी आ गया। मंगलवार की भोर एक साथ दोनों शव को निकलते ही पत्नी बच्चे दहाड़ मारकर रोने लगी। दोनों का अंतिम संस्कार पिलकिछा घाट पर किया गया। मृतक सनोज उर्फ नाटे की पत्नी कुसुम विधवा हो गयी और चार वर्षीय इकलौता पुत्र रेहान के ऊपर से पिता का साया उठ गया। सनोज अपने आठ भाइयों में दूसरे नम्बर पर था। वेल्डिंग का काम करके अपनी परिवार को चलाता था। वही मृतक दिलीप ड्राईवरी करके परिवार की गाड़ी को आगे बढ़ा रहा था सड़क हादसे में मृत शिकार हो गया पत्नी संगीता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। दिलीप अपने पीछे पायल 11वर्ष, सानू 9 वर्ष, सौम्या 7 वर्ष, दीप 5 वर्ष मासूम चार बच्चों को छोड़कर चला गया। अब इन दोनों परिवार की जिन्दगी किसके सहारे चलेगी। दोनों की मौत से पूरा मोहल्ला गमगीन है। लोगों के घरों में चूल्हे नहीं जलें। शोक-संवेदना व्यक्त करने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है।

# दर्शन करने जा रहे चार दोस्तों की कार बोलेरो से टकराई एक की मौत, तीन गंभीर

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**मुंगराबादशाहपुर।** खाटू श्याम जयपुर राजस्थान दर्शन करने जा रहे चार दोस्तों की बोलेनो कार की बोलेरो से आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में एक की मौत हो गई जबकि तीन युवकों को गम्भीर हालत में जयपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बीती रात एक बजे की है।23 मार्च को मुंगराबादशाहपुर से हर्षित केशरी (25) निवासी आदर्श कालोनी स्टेशन रोड,शिवम् सोनी (23) निवासी साहबगंज, शिवम उमरवैश्य (22) निवासी नईबाजार व बोलेनो वाहन मालिक शेबू उमरवैश्य (26) निवासी सीडा सतहरिया मथुरा, वृंदावन और खाटू श्याम जयपुर राजस्थान दर्शन के लिए निकले। मथुरा, वृंदावन मन्दिरों के दर्शन पूजन करने के बाद चारों दोस्त खाटू श्याम मंदिर जयपुर राजस्थान दर्शन के लिए निकले। वाहन शेबू उमरवैश्य चला रहे थे।आगे की सीट पर हर्षित केशरी बैठे हुए थे। पिछली सीट पर शिवम् सोनी, शिवम् उमरवैश्य बैठे हुए थे। जयपुर के पास एक टर्निंग प्वाइंट पर बोलेनो कार की बोलेरो वाहन से आमने सामने की भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गये।हादसे के बाद कोहराम मच गया। स्थानीय लोग मदद के लिए जुट गए।पुलिस भी मौके पर पहुंचीं और चारों युवकों को गाड़ी से बाहर निकल कर जयपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह 8 बजे हर्षित केशरी की मौत हो गई। जबकि शिवम् सोनी, शिवम् उमरवैश्य व शेबू उमरवैश्य को गम्भीर हालत में जयपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी परिजनों को रात दो बजे हुई तो घर में मातम छा गया। परिवार के सदस्य जयपुर राजस्थान के लिए निकल गए हैं।

# घात लगाए बदमाशों ने बैंक से निकलते ही कैशियर को पीटा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जौनपुर के बदलापुर क्षेत्र के घनश्यामपुर रोड पर चार की संख्या में आए अज्ञात बदमाशों ने बैंक ऑफ बड़ौदा के कैशियर की लात घूसों से पिटाई कर दी। साथ ही बैंक व कैश की चाभी छीनने का प्रयास किया। घटना मंगलवार सायं की है। घटना को लेकर बैंक कर्मी भयजदा हैं। इस बाबत थानाध्यक्ष रोहित मिश्र ने बताया कि पीड़ित कैशियर शिशिर मौर्य की तहरीर पर पड़ताल कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

कैशियर बैंक ऑफ बड़ौदा शिशिर मौर्य निवासी रुहट्टा जौनपुर रोज की भांति बैंक से कामकाज निबटाकर घर जा रहे थे। वह जैसे ही शाखा से घनश्यामपुर रोड से जौनपुर के लिए बस पकड़ने के लिए निकले। आरोप है कि पहले से ही घात लगाए चार की संख्या में आए बदमाश उन्हें लात-घूसों से पीटने लगे। शिशिर ने यह भी आरोप लगाया कि बदमाश बैंक व कैस की चाभी भी छीनने का प्रयास किए। हो-हल्ला करने पर बदमाश भाग गए। घर जाने के बजाय कैशियर शिशिर ने शाखा में लौट कर घटना की जानकारी प्रबंधक गौरव सिंह को दी। घटना की जानकारी मिलते ही शाखा प्रबंधक के साथ सहायक प्रबंधक सुधीर कुमार, क्लर्क मोहित प्रजापति, क्लर्क दिलीप यादव व दफ्तरी राजकुमार सरोज ने कोतवाली में पहुंच कर घटना की जानकारी देते हुए पुलिस को एफआईआर दर्ज करनें के लिए तहरीर दिया है।

# मित्र पुलिस ने मासूमों के चेहरों पर बिखेरी मुस्कान



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

रंगों का पर्व होली त्यौहार सम्पूर्ण भारत मे हर्सोल्लास के साथ मनाया जा रहा था वही आर्थिक स्थिति ठीक न होने के चलते कुछ मासूम दूसरों को रंग खेलता देख मायूस होकर देख रहे थे। कमिश्नरेट थाना सीसामऊ क्षेत्र में वही होली पर्व पर शांति व्यवस्था कायम रखने में तैनात महिला हेल्प डेस्क प्रभारी उप निरीक्षक महादेवी राजपूत की नजर अचानक मासूमों पर पड़ी फिर क्या समाजिक कार्यो में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाली महिला दरोगा महादेवी राजपूत गरीब बच्चों के पास गई और उनके सिर पर हाथ फेरते हुए होली की शुभकामनाएं दी और साथ ही मासूमों में गुलाल, पिचकारी, समेत खाने की समाग्री वितरण की जिसके बाद मासूमों के मायूस चहेरे खुशियों से खिल उठे। आपको बतादे बीते महीने उप निरीक्षक महादेवी राजपूत का एक बुजुर्ग महिला को सड़क पार कराते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था जो चर्चा का विषय बन गया था। वायरल वीडियो पर लोग मित्र पुलिस महादेवी लिख कर पुलिस की प्रशंसा कर रहे थे। महादेवी सीसामऊ थाना में महिला हेल्प डेस्क व एंटीक रोमियों प्रभारी के पद पर तैनात है, महादेवी जहा भी तैनात रहती वो बेहतरीन मित्र पुलिसिंग से जानी जाती है। पुलिस के आलाधिकारियों के मित्र पुलिस का सपना साकार करने के लिए सदैव जनता में मित्र पुलिस की छवि स्थापित करने में प्रयासरत रहती है।

# विभिन्न सड़क हादसों में तीन की गई जान, तीन घायल

**✻ पुरवा, दही और असोहा थाना क्षेत्रों में हुई घटनाएं**

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

विभिन्न सड़क हादसों में बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही पुलिस ने तीनों मृतकों के पंचायतनामे की कार्रवाई कर शवों का पोस्टमार्टम कराया। घटनाएं दही, पुरवा और असोहा थाना क्षेत्रों की हैं।



**केस एक :**

फर्रुखाबाद जनपद के समसेपुर गांव निवासी संजू पासी (30) पुत्र राजू पाल हलवाई का काम करता था। उसकी ससुराल पुरवा कोतवाली क्षेत्र के सुरजापुर गांव में थी। होली पर वह त्योहार मनाने ससुराल आया था। वापस लौटते समय बीती शाम दरोगाखेड़ा के पास उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। ससुर राज किशोर ने बताया की बेटी रानी यहीं थी। उसकी दो साल पहले शादी हुई थी। उसकी एक बेटी रूबी (1) भी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

**केस दो :**

कानपुर लखनऊ हाइवे पर दही थाना अंतर्गत पंडित दीन दयाल स्पोर्ट्स स्टेडियम के पास बीती देर रात तेज रफ्तार कार बाइक सवारों को टक्कर मार कर फरार हो गई। पुलिस ने पीछा कर कार सवारों को दबोच लिया। हादसे में दही थाना क्षेत्र के जवाहर खेड़ा निवासी धर्मेंद्र कुमार व सोनेलाल घायल हो गए। दोनों को पुलिस ने आनन फानन जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने धर्मेंद्र को मृत घोषित कर दिया। घायल सोनेलाल का उपचार जारी है। मृतक के शव का गुरुवार पोस्टमार्टम कराया गया।

**केस तीन :**

लखनऊ के सिसेंडी चौकी क्षेत्र के हलगी गांव निवासी सुजीत उर्फ बउआ (24) पुत्र अयोध्या की बाइक की भिड़ंत असोहा थाना क्षेत्र के लालाखेड़ा चौराहे पर दूसरी बाइक से हो गई। हादसे में दोनों बाईकों पर सवार तीन लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डाक्टर ने सुजीत को मृत घोषित कर दिया।
अन्य दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मृतक की 30 अप्रैल को शादी होनी थी। हादसे की जानकारी से परिजनों में कोहराम मच गया है।

# विश्वविद्यालय के छात्रों ने ग्रामवासियों के बीच में मनाई होली




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना अटल इकाई द्वारा ग्राम सचिवालय ख्योरा कटरी, बनियापुरवा गांव में चलाए जा रहे 7 दिवसीय कैंप का प्रारंभ पहले दिन मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत से किया गया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समस्याओं को जानना, विभीन्न समस्याओं के लिए जन जागरण कराना तथा बच्चों को ग्रामीण परिवेश से परिचित कराना है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मानस उपाध्याय द्वारा एनएसएस के समन्वयक डॉ.श्याम मिश्रा, चीफ प्राक्टर डॉ.प्रवीन कटियार, प्रधानपति दिनेश निषाद को अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉ.उपाध्याय ने बताया कि कैंप में ग्रामवासियों के बच्चों को गुलाल, पिचकारी, मिठाई आदि का वितरण किया गया। विश्वविद्यालय के बच्चों के लिए ग्रामवासियों के बीच में होली मनाने का यह एक सुनहरा अवसर था। एनएसएस समन्वयक डॉ.श्याम मिश्रा ने बच्चों को राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्ता तथा सर्वांगीण विकास के बारे में जानकारी देने के साथ बच्चों को सामाजिक सेवा के लिए प्रेरित किया। कुलानुशासक डॉ.प्रवीन कटियार ने कैंप में एनएसएस शिविर में सभी को नैतिक जिम्मेदारी, व्यवहारिक ज्ञान और गांव के वातावरण के बारे में जानने के लिए प्रेरित किया।

# किशोरी और युवक ने फंदे से लटक कर दी जान

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

असोहा थाना क्षेत्र में किशोरी तो दही थाना क्षेत्र में युवक ने फंदे से लटक कर जान दे दी। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। असोहा थाना क्षेत्र के जबरेला गांव निवासी मान्या (17) पुत्री संतोष कुमार त्रिपाठी ने घर के अंदर साड़ी के फंदे से लटक कर जीवन लीला समाप्त कर ली। मां मालती ने बेटी का शव फंदे से लटका देखा तो उसके होश उड़ गए। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजन घटना के पीछे वजह नहीं बता सके। एसओ राम औतार ने बताया कि परिजनों से पूछताछ की जा रही है। दूसरी घटना दही थाना क्षेत्र के कुमेदानखेड़ा गांव की है। गांव निवासी में अर्जुन (24) पुत्र बिंदा प्रसाद ने बीती रात गांव के बाहर चिलवल के पेड़ में मफलर बांधकर फासी लगाकर आत्महत्या कर ली है। एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेजा गया है। घटना के बाद मृतक के परिजन रो रोकर बेहाल हैं।

# खीरे की फसल में कीड़ों के प्रबंधन विषय पर जारी की एडवाइजरी



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनन्द कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर के प्रभारी डॉ.अजय कुमार सिंह ने मंगलवार को खीरे की फसल में कीड़ों का प्रबंधन विषय पर एडवाइजरी जारी की। उन्होंने बताया कि खीरा फसल में हानिकारक कीटों का नियंत्रण आवश्यक है डॉक्टर सिंह ने कहा कि खीरा फसल में प्रमुख कीट कद्दू का लाल कीट, सफेद मक्खी एवं लाल मकड़ी आदि प्रमुख रूप से आर्थिक क्षति पहुंचाते हैं। उन्होंने बताया कि लाल कीट मार्च महीने में अधिक सक्रिय रहता है और फसल पर आक्रमण करके मुलायम पतियों को नष्ट कर देता है। इसकी रोकथाम के लिए डाईक्लोरोवास 76 ई सी 1.25 मिली लीटर प्रति लीटर पानी के हिसाब से फसल पर छिड़काव करना चाहिए। वही सफेद मक्खी की रोकथाम के लिए इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एसएल 0.3 मिलीलीटर दवा प्रति लीटर पानी के हिसाब से छिड़काव करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि किसानो द्वारा खीरे की फसल में कीटों का प्रबंधन करने से गुणवत्ता परक खीरा उत्पादित होगा तथा बाजार मूल्य अधिक मिलेगा जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी।

# ससुराली जनों पर दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

पति समेत आधा दर्जन ससुराली जनों पर दहेज मांगने और प्रताड़ना करने का आरोप लगाते हुए एक विवाहिता ने तहरीर देकर द्वारा थाना अनवरगंज में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का अभी बीते वर्ष 2022 में ही विवाह संपन्न हुआ था। थाना अनवरगंज के बांसमंडी क्षेत्र में निवास करने वाली पीड़ीत विवाहिता सना इब्राहिम पुत्री स्वर्गीय मोहम्मद इब्राहिम ने थानाध्यक्ष अनवरगंज को संबोधित तहरीर में बताया है कि उनका विवाह बीती 26 अक्टूबर 2022 को मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार उन्नाव निवासी मोहम्मद आरिफ पुत्र शाविर अली संग हुआ था। पीड़ित विवाहिता का आरोप है कि कुछ दिनों बाद ही उसके पति और ससुरारी जनों के द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग की जाने लगी जब मांग पूरी नहीं हुई तो पति और ससुराली जनों ने उसे प्रताड़ित करना आरंभ कर दिया। पीड़ित विवाहिता की तहरीर पर बीती 24 मार्च को थाना अनवरगंज में दहेज प्रथा और गाली गलौज करने के मामले में पति मोहम्मद आरिफ, ससुर साबिर अली, देवर मोहम्मद राशिद, ननद, नंदोई और सास पर मुक़दमा दर्ज किया गया है।

# पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजय ढुल ने किया अरौल थाने का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल थाने का वार्षिक निरीक्षण पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजय ढुल व एसीपी अजय त्रिवेदी द्वारा किया गया निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम सलामी गार्द द्वारा पुलिस उपायुक्त को सलामी दी गई। तत्पश्चात डीसीपी द्वारा थाना कार्यालय, कंप्यूटर रूम, हवालात, मलखाना, महिला हेल्प डेस्क, थाना परिसर का निरीक्षण किया गया थाना कार्यालय में अभिलेखों को चेक किया एवं अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति देखी गई तथा परिसर एवं भवन का निरीक्षण करते हुए बेहतर साफ सफाई एवं रखरखाव संबंधित को निर्देशित किया गया इसी क्रम में निरीक्षण के दौरान उपस्थित पुलिस कर्मियों से शास्त्रों के बारे में जानकारी की गई महिला दरोगा से राइफल को लोड करना और खाली करना भी करा कर देखा गया पुलिसकर्मियों के भोजन व्यवस्था हेतु मैस को भी चेक किया गया जिसमें साफ सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पाल को पुलिसकर्मियों के लिए मैच में स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराने जाने होते निर्देशित किया गया निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक से गंभीर अपराधों के मुकदमो विशेष कर एस एसटी एक्ट महिला संबंधी अपराध पास्को एक्ट आदि के संबंध में जानकारी की गई।




अपराध नियंत्रण एवं आगामी त्यौहारों लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थाना क्षेत्र में अपराधी घटनाओं के प्रभावी रोकथाम हेतु रात्रि में नियमित रूप से गश्त, बैंक, एटीएम, वित्तीय एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की चेकिंग करने व एंटी रोमियो टीम को सक्रिय करते हुए स्कूल कॉलेज आदि स्थानों पर चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया निरीक्षण के दौरान थाने पर उपस्थित सम्भात व्यक्तियों से विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सभी त्योहार संपूर्ण ढंग से मनाए जाने की अपील की गई।

# राज कल्पना बस का शराबी ड्राइवर ले लेता यात्रियों की जान

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर के थाना सचेन्डी क्षेत्र स्थित भौती बाईपास पर सोमवार की रात्रि के समय कानपुर से दिल्ली जा रही बस मे बड़ा हादसा होने से टल गया। मिली जानकारी के अनुसार राज कल्पना का बस ड्राइवर यात्रियों से भरी बस को शराब पीकर चला रहा था। डरे हुए यात्रियों ने जब बस रोकने के लिए बोला तो बस ड्राइवर ने बस की गति और बढ़ा ली। जिस पर सभी यात्रियों ने जब विरोध किया तो बस ड्राईवर संचेडी हाईवे पर बस छोड़कर भाग गया। कानपुर इटावा हाईवे पर संचेडी क्षेत्र मे सभी यात्री हाईवे पर उतर कर खड़े हो गए। बस मे एक महिला अपने 6 महीने के बच्चे के साथ भी सवार थी। मामले की सूचना जब पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची सचेंडी पुलिस ने दूसरे ड्राइवर को बुलवाया तब कही जाकर यात्रियों ने राहत की सांस ली। जिस गाड़ी को बस ड्राइवर छोड़कर भागा था उस गाड़ी का नंबर MP 07 ZP 5008 बताया गया है।

# सांडो की भिडंत मे मोटरसाइकिल सवार एक की मौत, दूसरा गंभीर

**✻ बिल्हौर कस्बे में छुट्टा गोवंश से अधिकारी अनजान, जनता त्रस्त**

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर नगर पालिका क्षेत्र में छुट्टा गोवंश से रोज घटनाएं हो रही है लेकिन नगर पालिका प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है कस्बे में गोवंश की संख्या इतनी बढ़ गई है कि जीटी रोड पर चलते-चलते वह हाईवे के ऊपर तक चढ़ जाते हैं और वहां से वापस झुंड बनाकर कस्बे में पुनः दाखिल होते हैं यह प्रतिदिन का



काम है इसी कड़ी में सोमवार को गोवंश का झुंड आपस में उधम करता हुआ आ रहा था की बिल्हौर की ओर से जा रहे मुसाहेपुर गांव निवासी प्रदीप कटियार उर्फ बेबी अपने गांव जा रहे थे। गोवंश जीटी रोड पर झुंड के उद्यम में फंस गए सामने से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल भी वह भी सांडो के झुंड में फंसकर गिर गया वह भी पास के ही गांव का है वह जिंदगी मौत से जुट रहा है मृतक प्रदीप के कान के नीचे बड़ा घाव जैसे सिंह की की सिंह जैसा घुस गया हो इस तरह से घाव है कुछ लोग बता रहे हैं हैंडल घुस गया है कुछ लोगों का कहना है कि किसी सांड का सींघ घुस गया है जिसके चलते अधिक रक्त स्राव हुआ और उनकी मौत हो गई है उनके दो बच्चे एक बेटी और एक बेटा है जिनकी दोनों की शादी हो गई है समाजसेवी सभासद अशोक चंद्र उर्फ गुड्डा तिवारी ने बताया बहुत ही मिलनसार और सामाजिक व्यक्ति थे पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार को शव जब उनके आवास पर पहुंचा तो भीड़ इतनी ज्यादा थी कि अस्पताल जाने वाला रोड जाम हो गया नाना मऊ घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके आवास पर समाजसेवी और कई जनप्रतिनिधी भी मौके पर पहुंचे जिन्होंने नगरपालिका प्रशासन को दोषी ठहराते हुए बताया कि आवारा गोवंश पर कब रोक लगेगी।

# तमंचा और कारतूस के साथ युवक हुआ गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर पुलिस कमिश्नरेट लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है। जिससे कि बेखौफ अपराधियों पर पुलिस का डर बरकरार रहे। बीते दिन मंगलवार को हरबंश मोहाल पुलिस ने एक युवक को असलहे के साथ गिरफ्तार किया है।
असलहा लगाकर घूम रहे युवक का नाम 40 वर्षीय याशीन कुरैसी है जो कि नई सड़क मूलगंज का रहने वाला है। याशीन के ऊपर पूर्व मे भी कई थानों से चोरी, डकैती जैसी गंभीर धाराओं मे आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने याशीन को न्यायालय मे पेशकर जेल भेज दिया है।
याशीन को गिरफ्तार करने मे सुतरखाना चौकी प्रभारी आदित्य बाजपेई के प्रवीण कुमार और शिव कुमार की मुख्य भूमिका रही।

# खजूर की डालियों से प्रभु यीशु का स्वागत कर उन्हें किया गया याद





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

ईस्टर से पहले येरुशलम में यीशु मसीह के विजयी प्रवेश के स्मरणोत्सव में मनाया जाना वाले पाम संडे को गिरिजाघरों और चर्चों में मनाया गया। मसीह समाज के लोगों ने खजूर की डालियों से प्रभु यीशु का स्वागत किया और उन्हे याद किया। इसके साथ ही चर्चों में विशेष प्रार्थनाएं हुई और प्रभु यीशु पर गाये गीतों से भक्तजन भावविभोर हो उठे। द गुड शेपर्ड चर्च इन इंडिया के तत्वावधान में गूबा गार्डेन कल्याणपुर चर्च में पाम संडे पर्व का आयोजन किया गया। जहां पर भारी संख्या में लोग उपस्थित होकर प्रभु यीशु मसीह के लिए खजूर की डालियों का पर्व मनाया गया। बिशप पंकज राज मलिक ने बताया कि प्रभु यीशु मसीह ने उस महान बलिदान को देने से पहले येरुशलम में प्रवेश किया था और सब लोगों ने खजूर की डालियों से उनका स्वागत किया था। उसी परंपरा के अनुसार आज खजूर की डालियों से प्रभु यीशु का स्वागत कर उन्हे याद किया गया। बताया कि इसके बाद गुड फ्राइडे के दिन उन्हे सूली पर चढ़ा दिया गया लेकिन तीसरे दिन रविवार को वह पुनः जीवित हो गये जिसे ईस्टर संडे के नाम से जाना जाता है। आज पाम संडे पर चर्चों में विशेष प्रार्थनाएं की गईं और व होशन्ना होशन्ना आदि गीत गाये गये। इस दौरान पास्टर सागर मैसी, रेव सत्येन्द्र श्रीवास्तव मसीह, श्रेयराज, अनुराज आदि शामिल रहे।

# कानपुर पुलिस ने असलहे के साथ युवक को पकड़ा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



थाना हनुमंत विहार क्षेत्र की पुलिस ने कल एक युवक को गिरफ्तार किया है जिसके पास से एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस भी बरामद हुए है। बीती साम मंगलवार को हनुमंत विहार पुलिस क्षेत्र मे गश्त कर रही थी कि तभी मयूर पार्क के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था मे खड़ा हुआ था जिससे पुलिस ने पूछताछ करी तो उसने अपना नाम कानपुर देहात के मूसानगर निवासी 30 वर्षीय दीपक बताया। जब पुलिस ने दीपक की तलाशी ली तो उसके पास से एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस मिले। जिसके उपरांत पुलिस ने दीपक को हिरासत मे ले लिया और थाने ले आई। पुलिस ने आज दीपक को 3/25 एक्ट की धारा मे मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की तैयारी कर ली है। इसके ऊपर पूर्व मे थाना चकेरी से भी एक मुकदमा दर्ज है।

# पुलिस ने हार जीत की बाजी लगा रहे चार जुआरियों को दबोचा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

थाना काकादेव पुलिस ने चार जुआरियों को मौके पर जुआ खेलते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए जुआरियों के पास से पुलिस टीम को ताश के पत्ते और हार जीत की बाज़ी पर लग रहे नकद रुपए भी प्राप्त हुए हैं।
मिली जानकारी के काकादेव थाने की पांडु नगर पुलिस चौकी क्षेत्र मे बनी काशी राम कालोनी के पास पुलिस गश्त कर रही थी। तभी पुलिस को सूचना मिली कि कुछ अज्ञात लोग काशी राम कालोनी की बाउंड्री वॉल के पास जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने जाल बिछाकर चार अभियुक्तों को मौके से जुआं




खेलते गिरफ्तार कर लिया और साथ ही पुलिस ने ताश के 52 पत्ते और 2430 रूपए नगद बरामद भी किए हैं गिरफ्तार किए गए चारों अभियुक्तों ने अपना नाम काकादेव निवासी विशाल कुमार, अभिषेक, दीपक, हनी बताया है। जिसके बाद पुलिस द्वारा चारों अभियुक्तों पर धारा 13 जी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करके जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे पांडु नगर चौकी प्रभारी राहुल शुक्ला, उमाकांत और आमोद कुमार शामिल रहे।

## बिठूर तिराहे पर मिला अधमरा युवक

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** थाना कल्याणपुर क्षेत्र के बिठूर तिराहे पर मगंलवार को अचानक राहगीरों मे अफरा तफरी मच गई जब एक व्यक्ति मेट्रो पिलर नंबर 36 के सामने जीटी रोड कल्याणपुर पर पड़ा हुआ मिला उस दौरान उसके मुंह से झाग निकल रहा था। राहगीरों को लगा कि व्यक्ति मर चुका है। जिसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने जब उसकी जेब देखी तो उसका पहचान पत्र मिला। पहचान पत्र मे उसका नाम सेख नोशाद पुत्र सेख सरीफ म0 न0 100 जसोला विलेज चौहान मोहल्ला दक्षिणी दिल्ली था तत्काल कल्याणपुर पुलिस द्वारा इलाज के लिए हैलट अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। कानपुर पुलिस द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार शेख नौशाद का इलाज हैलट अस्पताल में चल रहा है वह जीवित है।



# रमज़ान मुबारक का महीना हमारे जीवन में परिवर्तन लाने के लिये आया है



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

अल्लाह ने इंसानों को दुनिया में इम्तिहान के लिये भेजा है। शैतान पहले दिन से इंसान को जहन्नम पहुंचाने की कोशिशों में लगा हुआ है। इस शैतान की वजह से ही पहले इंसान यानि हज़रत आदम अलै0 जन्नत से निकाल कर दुनिया में भेजे गये। हमारे लिये ज़रूरी है कि हम अपने दुनिया में आने के मक़सद को पहचानें, इसीलिये अल्लाह ने हमे रमज़ान का यह मुक़द्दस महीना दे दिया ताकि हम अपने बनाने वाले, पालने वाले, खालिक व मालिक अल्लाह को पहचान लें। इन विचारों को जमीयत उलेमा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह क़ासमी ने जाजमऊ स्थित शिवान्स टेनरी और मस्जिद फूलबाग़ में दौराने तरावीह कुरआन को दौर मुकम्मल होने के सम्बन्ध से आयोजित दुआइया समारोह में सम्बोधित करते हुए किया। मौलाना ने कहा कि रमज़ान मुबारक का महीना हमारे जीवन में परिवर्तन लाने के लिये आया है। मस्जिद फूलबाग में मौलाना अब्दुल्लाह ने विशेष रूप से मस्जिद के पूर्व इमाम हज़रत मौलाना अनवार अहमद जामई रह0, पूर्व क़ाजी ए शहर हज़रत मौलाना मुहम्मद मतीनुल हक़ उसामा क़ासमी रह0 और पूर्व क़ाजी ए शहर हज़रत मुफ्ती मंज़ूर अहमद मज़ाहिरी रह0 का नाम लेकर उनके लिये मग़फिरत और बुलन्दी ए दर्जात के लिये दुआ की। एमराल्ड गुलिस्तां में मौलवी मुहम्मद ज़ैद, शिवान्स टेनरी में मौलाना मुहम्मद वासिफ और मस्जिद फूलबाग में हाफिज़ मुहम्मद रेहान और हाफिज़ मुहम्मद मोहसिन ने तरावीह में कुरआन का दौर मुकम्मल किया। मौलाना अमीनुल अब्दुल्लाह क़ासमी की दुआ पर समारोह सम्पन्न हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय अवाम व सम्मानितजन मौजूद रहे।

### कुल हिन्द इस्लामिक इल्मी अकादमी कानपुर की अल-शरिया हेल्पलाइन से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर

- प्रश्न : इमाम साहब ने तरावीह की नमाज़ पढ़ाते हुए सज्दा ए तिलावत की आयत पढ़ कर सज्दा तिलावत कर लिया, इसके बाद खड़े होकर दोबारा भूल से फिर वही आयत पढ़ ली और दोबारा सज्दा ए तिलावत नहीं किया तो क्या इमाम और मुक़्तदी की नमाज़ दुरुस्त हो गई ?
- उत्तर : जी हां! एक बार आयते सज्दा पढ़ कर सज्दा तिलावत अगर कर लिया है तो फिर वही आयते सज्दा पढ़ देने की वजह से सज्दा वाजिब नहीं होता, लिहाज़ा उपरोक्त प्रश्नानुसार इमाम और मुक़्तदी दोनों की नमाज़ दुरुस्त हो गई है।
- प्रश्न : मुफ्ती साहब ! जब मैंने कारोबार शुरू किया था तो निसाब के बराबर माल नहीं था लेकिन दो-तीन महीने में ही इतना माल हो गया जो निसाब को पहुंच जाये तो पूछन यह है कि हम ज़कात निकालने के लिये साल की गणना कब से शुरू करेंगे पहली बार जिस दिन माल ख़रीदा था या जब वह माल निसाब को पहुंचा है उस दिन से साल को गिनेंगे ?
- उत्तर : जिस दिन आपका कारोबारी माल निसाब को पहुंचा है आप ज़कात निकालने के लिये उस दिन से साल की गणना करेंगे।
- प्रश्न :आदमी ससुराल जाये तो क्या मुसाफिर होगा? तरह बीवी अपने मां-बाप के घर जाये तो क्या मुसाफिर होगी ?
- उत्तर : मर्द की ससुराल अगर मुसाफते सफर है तो वहां मुसाफिर होगा और बीवी की अगर रूख्सती हो चुकी है और वह मायके मिलने के लिए आयी है तो वह भी मुसाफिर होगी जबकि उसकी नियत वहां पंद्रह दिन ठहरने की ना हो।

